होली है HAPPY HOLI

# जागरूक टाइम्स

www.jagruktimes.co.in

जयपुर, गुरुवार, 13 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 313 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.

## पीएम मोदी राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल हुए

## मॉरीशस का नया संसद भवन बनाने में मदद करेगा भारत

# पीएम मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान













**मॉरीशस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मॉरीशस दौरे का आज दूसरा दिन है। वे मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे हैं। पीएम मोदी बतौर मुख्य अतिथि इस समारोह में शामिल हुए हैं। मॉरीशस को 12 मार्च 1968 को ब्रिटिश से आजादी मिली थी।

यह राष्ट्रमंडल के तहत 1992 में गणतंत्र बना। भारतीय मूल के भारतीय मूल के सर शिवसागर रामगुलाम की अगुआई में मॉरीशस को आजादी मिली थी। इस दिन को मॉरीशस राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाता है। आज के समारोह में भारतीय सेना की एक टुकड़ी, नौसेना का एक वॉरशिप और एयरफोर्स की आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम भी इस समारोह में हिस्सा ले रही है। इस दौरान भारी बारिश भी हो रही है। इस दौरान पीएम मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च पुरस्कार द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन दिया गया। मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। किसी देश की तरफ से पीएम मोदी को दिया गया यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है।

### भारत और मॉरीशस में 8 समझौते पर सहमति

*भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्रियों के बीच आज सुबह द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों देशों के बीच 8 समझौते हुए हैं। पीएम मोदी और मॉरीशस पीएम ने ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित भी किया। इस दौरान मॉरीशस के राष्ट्रपति नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे स्वतंत्रता के 57वें वर्षगांठ के राष्ट्रीय दिवस समारोह में अपनी उपस्थिति से हमें सम्मानित किया है। उनकी मौजूदगी दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों का सबूत है।*

### मॉरीशस के राष्ट्रपति को महाकुंभ का गंगाजल गिफ्ट किया

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति धरम को गंगाजल और उनकी पत्नी को बनारसी साड़ी गिफ्ट की। इस विजिट में पीएम मोदी दोनों देशों के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। 2015 के बाद भारतीय पीएम की यह दूसरी मॉरीशस यात्रा है।*

### पीएम मोदी बोले, मॉरीशस से होली के रंग साथ लेकर जाऊंगा

मंगलवार शाम पीएम मोदी ने इंडियन डायस्पोरा को संबोधित किया। उन्होंने भोजपुरी में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा, जब 10 साल पहले आज की ही तारीख पर मैं मॉरीशस आया था, उस साल होली एक हफ्ते पहले बीती थी, तब मैं भारत से फगवा की उमंग अपने साथ लेकर आया था। अब इस बार मॉरीशस से होली के रंग अपने साथ लेकर भारत जाऊंगा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा, राम के हाथे-ढोलक होसे, लक्ष्मण हाथ मंजीरा, भरत के हाथ कनक पिचकारी, शत्रुघन हाथ अबीरा... जोगी रा सा रा रा रा रा....

### मॉरीशस की मिट्टी में भारत के पूर्वजों का खून-पसीना

पीएम मोदी ने कहा कि यहां की मिट्टी में, हवा में, पानी में अपनेपन का एहसास है। गीत गवाई में, ढोलक की थाप में, दाल पूरी में, कुच्चा में और गातो पिमा में भारत की खुशबू है, क्योंकि यहां की मिट्टी में कितने ही भारतीयों का, हमारे पूर्वजों का खून-पसीना मिला हुआ है। आपने मुझे सम्मान दिया, इसे मैं विनम्रता से स्वीकारता हूं। यह उन भारतीयों का सम्मान है जिन्होंने पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस धरती की सेवा की और मॉरीशस को इस ऊंचाई पर लेकर आए। मैं मॉरीशस के हर नागरिक और यहां की सरकार का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करता हूं

### मेरा सौभाग्य है कि मुझे फिर मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर आने पर अवसर मिला

140 करोड़ भारतीयों की ओर से मैं मॉरीशस के लोगों को उनके राष्ट्रीय दिवस पर बधाई देता हूं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे एक बार फिर मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस पर आने का अवसर मिला। भारत और मॉरीशस सिर्फ हिंद महासागर से ही नहीं, बल्कि साझा संस्कृति और मूल्यों से भी जुड़े हुए हैं। बताया कि भारत-मॉरीशस साझेदारी को एनहैन्स्ड स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का दर्जा देने का फैसला किया। भारत मॉरीशस में नया संसद भवन बनवाने में मदद करेगा। इसे पीएम ने मॉरीशस के लिए लोकतंत्र की जननी भारत की ओर से एक उपहार बताया।

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें



### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी होली एवं धुलंडी की शुभकामनाएं

## होली के विविध रंग अनेकता में एकता के प्रतीकः सीएम शर्मा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने होली एवं धुलंडी (13 व 14 मार्च) के पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि होली का यह त्यौहार जीवन में खुशहाली का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के परिचायक हैं। रंगों और खुशियों से लबरेज यह पर्व हमें आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव को बढ़ाने की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता के साथ रंगों के इस त्योंहार को हर्षोल्लास से मनाएं और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लें।

### छुट्टी की सूचना

होली के पावन अवसर पर 13 व 14 मार्च को जागरूक टाइम्स कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगला अंक 16 मार्च को प्रकाशित होगा। सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं **(संपादक)**

## सीएम शर्मा ने की घोषणा

# अगले साल 26 हजार पदों पर भर्ती होगी

### रोजगार सहायता योजना में 10-हजार मिलेंगे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

***जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में घोषणा की है कि अगले वित्तीय वर्ष में 26 हजार पदों पर घोषणा की जाएगी। इसमें शिक्षक, वन विभाग के कर्मचारी, पुलिस सहित अन्य विभागों के पद शामिल हैं। वहीं, अब हर साल 30 मार्च की जगह हिंदू नववर्ष पर राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही 19 फरवरी को पेश किया गया बजट विधानसभा में पास हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी में यमुना का पानी लाने के लिए 5 मार्च को हरियाणा सरकार द्वारा संयुक्त डीपीआर तैयार करने के लिए टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है और वह पेपर मेरे पास है। कुछ चुनाव का समय था, हम भी बिजी थे, लेकिन टास्क फोर्स बना दी है। सीएम ने दौसा और बालोतरा में नगर विकास न्यास(यूआईटी) बनाने की घोषणा की है।*

### सीएम की अन्य घोषणाएं

▸▸ प्रदेश में अगले वित्त वर्ष में 2500 हैंडपंप लगाए जाएंगे। गर्मियों के लिए हर कलेक्टर को एक करोड़ का अनटाइड फंड दिया जाएगा, इससे कलेक्टर पानी टैंकरों की व्यवस्था कर सकेंगे।

▸▸ हर विधानसभा क्षेत्र में 10 करोड़ की सड़क बनेगी, इसमें 5 करोड़ रुपए की मिसिंग लिंक सड़कें बनेंगी। जीरो एक्सीडेंट जोन चिन्हित किए, हाईवे के किनारे ड्राइवर के लिए विश्राम स्थल बनेंगे।

▸▸ 10 ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 2000 नए परमिट जारी किए जाएंगे।

▸▸ 30 मार्च को राजस्थान दिवस का व्यापक स्तर पर आयोजन करने के लिए 25 करोड़ की घोषणा। जयपुर में जोधपुर आईआईटी का कैंपस खोलने का प्रयास किया जाएगा।

▸▸ मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान शुरू किया जाएगा। राजसमंद में भेड़ और ऊंटपालकों के बच्चों के लिए आवासीय स्कूल खोला जाएगा।

▸▸ लखपति दीदी योजना में दिए जाने वाले बॉन्ड को एक लाख से बढ़ाकर डेढ़ लाख करने की घोषणा।

▸▸ देवनारायण कोष में 450 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा।

▸▸ किसानों को 7000 सोलर पंप लगाने के लिए अनुदान दिया जाएगा।

▸▸ 2500 दिव्यांगों को स्कूटी दी जाएगी।

▸▸ पाली में देसी पशुओं के लिए पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा, इस पर 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

▸▸ भरतपुर में नया बायोलॉजिकल पार्क बनेगा।

▸▸ महिला सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या और बढ़ाई जाएगी।

### राजस्थान में 25 नई नगर पालिकाओं का होगा गठन

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को विनियोग और वित्त विधेयक पर बहस के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई घोषणाएं की। सीएम भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में 26 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इसके तहत स्कूल शिक्षक, पटवारी, वन विभाग, पुलिस और अभियोजन विभाग में भर्तियों की बंपर सौगात दी गई है। साथ ही राजस्थान में 25 नई नगर पालिकाओं का गठन किया जाएगा। 4 नगरीय निकायों को उन्नत किया जाएगा।

| नवीन नगर पालिका | जिला |
|---|---|
| पीसांगन | अजमेर |
| जसोल, समदड़ी | बालोतरा |
| रायपुर | ब्यावर |
| बीगोद,बनेड़ा | भीलवाड़ा |
| साहवा | चूरू |
| मनिया,सेपऊ | धौलपुर |
| खाटू खुर्द | डीडवाना कुचामन |
| अरनोद | प्रतापगढ़ |
| डग, खानपुर व मनोहर थाना | झालावाड़ |
| मंड्रेला, बुहाणा, मलसीसर | झुंझुनूं |
| कालाडेरा, कानोता, खेजरोली | जयपुर |
| मथानिया | जोधपुर |
| सूरौठ | करौली |
| रियांबड़ी | नागौर |
| पलसाना | सीकर |
| मंडार | सिरोही |

### इन नगर निकायों का क्रमोन्नयन

| | |
|---|---|
| जैतारण | ब्यावर |
| छबड़ा | बारां |
| निम्बाहेड़ा | चित्तौड़गढ़ |
| रावतसर | हनुमानगढ़ |

▸▸ पुलिस के लिए 400 नए वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। 70 नई फॉरेंसिक मोबाइल यूनिट उपलब्ध कराई जाएगी।

▸▸ राजस्थान डिजिटल मिशन शुरू होगा। नई एआई और मशीन लर्निंग पॉलिसी लाई जाएगी। मंत्रालय कर्मचारियों के लिए अलग से निदेशालय बनाया जाएगा।

▸▸ राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन परिषद बनाने की घोषणा।

▸▸ 50 नए प्राइमरी स्कूल खोले जाएंगे, 100 स्कूलों को क्रमोन्नत किया जाएगा।

▸▸ विधायक फंड से अब गैर सरकारी संस्थाओं और एनजीओ को 25 लाख रुपए तक दिए जा सकेंगे। अब तक 10 लाख रुपए ही दिए जा सकते थे।

### सीएम बोले, दुनिया में कोई संगठन आरएसएस की बराबरी नहीं कर सकता

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आरएसएस में काम करते हुए लोगों की तीन-चार पीढ़ियां बीत गईं। वह इस देश और समाज को दिशा देने के लिए निःस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। संघ में काम करते-करते 40 साल हो जाते हैं और हमें उस व्यक्ति के बारे में पता नहीं लगता कि उसकी जाति क्या है। ऐसी देश और समाज सेवा करने वाले संगठन के बारे में कोई इस तरह की बातें करता है तो वह बहुत गलत है। दुनिया में कोई भी ऐसा संगठन नहीं है जो आरएसएस की बराबरी कर सके। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### पाक में ट्रेन हाईजैक का मामला

# क्वेटा से बलोच भेजे गए 200 ताबूत

## बलूचिस्तान के पूर्व सीएम ने दी पाक को चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार (11 मार्च) को जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक कर करीब 200 यात्रियों को बंधक बना लिया। अब इस घटना के 24 घंटे बाद क्वेटा रेलवे स्टेशन पर 200 से ज्यादा ताबूत लाए गए हैं। हालांकि अभी तक मौतों की संख्या की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इन 200 ताबूतों को क्वेटा रेलवे स्टेशन से बलोच भेजा जा रहा है।

इससे पहले बलूचिस्तान के



पूर्व सीएम अख्तर मेंगल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, बलूचिस्तान का एक इंच भी हिस्सा ऐसा नहीं बचा है, जिस पर पाकिस्तान की सरकार अपना अधिकार जता सके।

वह पूरी तरह से इस युद्ध को हार चुके हैं। हमने उन्हें चेतावनी दी थी, ठीक वैसे ही जैसे हमसे पहले के लोगों ने उन्हें चेतावनी दी थी। बीएलए और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हाईजैक के दूसरे दिन भी जारी है। सुरक्षा बलों ने कम से कम 190 यात्रियों को बचा लिया है और 30 आतंकवादियों को मार गिराया है। विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने महिलाओं और बच्चों को मुक्त कर दिया है, लेकिन अधिकारियों ने इस दावे का खंडन किया और गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि बंधकों को सुरक्षा बलों ने छुड़ाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दीदी 21 को जाएंगी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी को केंद्र सरकार से लंदन स्थित ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने के लिए आधिकारिक अनुमति मिल गई है। वे 21 मार्च को लंदन के लिए रवाना होंगी।

### अपराध गिरोहों के चंगुल से छुड़ाए गए 549 भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत सरकार दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों में फंसे 549 भारतीयों को वायुसेना के विमान से वापस लेकर आई है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले, माधुरी सेकेंड ग्रेड की हीरोइन...

# खाटूश्यामजी-गोविंददेवजी के लिए 100 करोड़ नहीं दिए, आईफा के लिए फाइल को बुलेट ट्रेन की तरह चलाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा में एप्रोप्रिएशन बिल पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आईफा पर आपने 100 करोड़ से ज्यादा खर्च कर दिए, लेकिन आपसे खाटूश्याम जी और गोविंददेव जी के लिए 100 करोड़ नहीं दिए गए। लेकिन आईफा के लिए फाइल को बुलेट ट्रेन की तरह चलाया। जूली ने कहा कि आईफा में आपने राजस्थान का प्रमोशन किया या आयोजन का। सात लाख रुपए के गोल्डन पास आपने जनता की गाढ़ी कमाई पर बांटे, ये पास मंत्रियों तक को नहीं मिले। विपक्ष का नाम तो छोड़ ही दीजिए। जूली ने कहा कि इस आयोजन में कोई भी फर्स्ट ग्रेड का एक्टर नहीं आया, केवल सेकेंड ग्रेड वाले एक्टर आए। फर्स्ट ग्रेड एक्टर में सिर्फ शाहरुख खान थे। इस बीच किसी ने माधुरी का नाम लिया तो जूली ने कहा कि आजकल माधुरी दीक्षित भी सेकेंड ग्रेड में ही है। उनका समय गया। जूली ने कहा कि आईफा के पोस्टर में फोटो किसकी थी और तवज्जो किसको मिली यह तो सब जानते हैं।



### नेता प्रतिपक्ष जूली के भाषण की 5 बड़ी बातें...

**1.** कुंभ में हमें क्यों नहीं लेकर गए? आपने विपक्ष को अपना नहीं समझा

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मेरा सदन के नेता से एतराज है। प्रयागराज कुंभ में आप लोग गए, लेकिन आपने विपक्ष को अपना नहीं समझा। हमें क्यों नहीं लेकर गए? कुंभ स्नान को लेकर हमने तो उस वक्त भी कहा था कि पहले आप पाप धो लीजिए, हमने तो ऐसे पाप किए नहीं है।

**2.** शिक्षा मंत्री को उर्दू से सख्त नफरत, दिलावर शब्द की उत्पत्ति अरबी मूल के फारसी शब्द से हुई

जूली ने कहा, हमारे शिक्षा मंत्री तो अंग्रेजी स्कूल बंद करने में लगे हुए हैं। इन्हें उर्दू शब्द से तो इतनी चिढ़ है कि पूछो मत। मैंने जब पता करवाया कि दिलावर शब्द की उत्पत्ति कहां से हुई, तो पता लगा कि यह अरबी मूल का फारसी शब्द है। हो सकता है अब आपको इसके लिए भी कमेटी बैठानी पड़ जाए। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

# राजगढ़ नगर पालिका ईओ राकेश अरोड़ा सम्मानित

## अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय स्तर का सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा को जयपुर में सम्मानित किया गया है। माता हिंगलाज एवं वरुण देव चैरिटेबल ट्रस्ट तथा अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समन्वय समिति की ओर से उक्त सम्मान एक समारोह में नवाजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार जयपुर में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय अधिवेशन तथा 17वें युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन समारोह में जाने माने कथा वाचक बाल योगी विष्णु अरोड़ा के सानिध्य में उक्त आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट विभूतियों का अभिनंदन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं तथा सेवा कार्य करने वाली चुनिंदा विभूतियों को आमंत्रित कर किया गया। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम मोदी तथा खत्री मोदी समाज राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र मोदी ने कहा कि राजगढ़ नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ईओ राकेश अरोड़ा ने राजकीय सेवाएं दी वहां पर दायित्वों को इस प्रकार निभाया की आम जनता को उससे राहत मिली तथा हर वर्ग उससे प्रभावित रहा है। उसी उपलक्ष में अरोड़ा को यह राष्ट्रीय स्तर का यह सम्मान प्रदान किया गया है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में किरोड़ी वाल एवं मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार को सेवाभावी मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया है। समारोह को हाथोज धाम के महंत तथा हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश और अन्य स्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्कूल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान स्कूल में होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया एवं होली से जुड़े पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। प्रधानाचार्य अनिल शास्त्री ने बताया कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं बल्कि आपसी प्रेम व भाईचारे का पर्व है। इस दिन लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे को गले लगाते हैं और रंगों के साथ अपने रिश्तों को भी सुंदर बनाते हैं। विद्यालय निदेशक डॉ .दीपचंद साहू ने बताया कि होली एक लोकप्रिय प्राचीन हिंदू त्यौहार है जिसे बसंत का त्यौहार के रूप में भी जाना जाता है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर अंग्रेजी माध्यम प्रभारी पंकज मल, महेंद्र टुहानिया, पाल सिंह, सुखवीर, दशरथ, रणवीर, विक्रम, कांता जांगिड़, रूबी, विशाखा, पूजा, अर्चिता, नीतू शुक्ला, अनीता, सरिता, संतोष, सुनीता, सरोज, अंजू, प्रेम, प्रियंका आदि स्टाफ सदस्यों का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# कृष्ण संग फूलों की होली ने कराए बृजभूमि के दर्शन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**चूरू।** फाल्गुनी बयार के बीच श्याम प्रेमी मातृ शक्ति ने राधा-कृष्ण को 110 किलो फूलों से होली खिलाते हुए बृज की होली का भाव जीवंत किया। अवसर था मंगलवार शाम ललिता देवी व्यास के आवास पर आयोजित फूलों की होली का जहां भव्य सुसज्जित पंडाल में गुलाब और मोगरे की महक के बीच सैंकड़ों महिलाओं ने भक्ति की मस्ती में नाचते-गाते हुए खूब आनंद बरसाया। पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष कुमार इंदौरिया द्वारा दीप प्रज्जवलन से शुरू हुए कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अर्चना सारस्वत, सरस्वती देवी सिखवाल, सुनीता व्यास, राहुल, कुणाल, मोनिका, सुमन, लक्ष्य, सक्षम, पूर्णा व्यास आदि ने लड्डूगोपाल का पूजन कर कृष्ण राधा पर पुष्प वृष्टि की। छोटू राजस्थानी की गणेश वंदना से शुरू हुई भजन सरिता में कुलदीप व्यास ने खेलो खेलो संग हमारे कान्हा फूलों की होली और आज अवध में होरी रे रसिया जैसे भजनों की झड़ी लगाते हुए रसिक श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। छोटू राजस्थानी द्वारा प्रस्तुत मैंने मेहंदी रचाई रे कृष्ण नाम की और अमिता बैद की प्रस्तुति श्यामा आन बसों वृन्दावन में पर भी उपस्थित महिलाओं ने खूब तालियां बजाते हुए सुर में सुर मिलाए। उत्सव आयोजिका ललिता देवी व्यास ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में भजन के साथ इष्टदेव बालाजी महाराज को अपने भाव अर्पित किए। सुमन शर्मा, सीमा भाटी, जया शर्मा, मीरा सिंधी, कांता पचलंगिया, विनीता आदि ने सुमधुर भजनों से खूब रंग जमाया। कार्यक्रम में राजस्थान ब्राह्मण महासभा की भारती मुद्‌गल, मधु शर्मा, आशा गौड़, अन्नम भारद्वाज, अमिता मुद्गल आदि पदाधिकारियों का व्यास परिवार की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लीला देवी जोशी, सुमन बैद, सुशीला डागा, मीनाक्षी उपाध्याय, मंजू सोनी, ऊषा मिश्रा, सरला, चौधरी, देवकी चौधरी, मधु सिंधी, शकुंतला व्यास, सुप्यार चारण, मंजू व्यास निर्मला शर्मा, सुधा ताम्रायत , विमला शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत नष्ट करवाई दूषित मिठाई और चाशनी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** होली के त्यौहार पर आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.धर्म सिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम ने कार्यवाही करते हुए बुधवार मावा मंडी से तीन मावा तथा एक पनीर सहित कुल 4 नमूने लिए। साथ ही 200 किलोग्राम खराब चाशनी तथा 150 किलोगाम सुखी दूषित मिठाई को नष्ट करवाया। टीम द्वारा नमूने को जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जा रहा हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### चार स्काउट्स को राज्य पुरस्कार से किया सम्मानित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लक्ष्मीपत सिंघानिया एकेडमी बिसाऊ के चार स्काउट्स ने राज्य पुरस्कार प्राप्त किया है। प्राचार्य दीपक पुरोहित ने बताया कि विद्यालय



में सहशैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत स्काउट यूनिट लीडर जितेंद्र शर्मा के निर्देशन में स्काउट यूनिट का संचालन किया जा रहा है। जिसमें छात्र स्काउट से संबंधित विविध गतिविधियां करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में विद्यालय के चार स्काउट्स संभव मान, अब्बान खान, नैतिक चौहान और स्वरित प्रजापति ने राज्य पुरस्कार प्राप्त किया है। अब ये छात्र राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने की योग्यता प्राप्त कर चुके हैं। शेष छात्रों में कुल 13 स्काउट्स ने इस वर्ष तृतीय सोपान की योग्यता प्राप्त कर ली है। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यालय के सभी स्काउट्स को साधुवाद दिया।

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा का अभिनंदन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा का बुधवार प्रातरू सुजानगढ़ के बाबा अखंडानाथ गींदड़ सेवा समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। जिला कलक्टर सुराणा द्वारा चूरू जिले में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, कला और प्रकृति संरक्षण के लिए अल्प समय में किये गये स्तुतिय प्रयासों के लिए उनका साफा, दुपट्टा व साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही जिला कलक्टर को समिति ने सुजानगढ़ के लुहारा गाड़ा परिसर में आयोजित गीदड़ महोत्सव में भी आमंत्रित किया हैं। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलक्टर को बाबा अखंडानाथ गींदड़ सेवा समिति द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। प्रतिनिधि मण्डल में समिति के समिति के अध्यक्ष खड़्गसिंह बांठिया , उपाध्यक्ष दिनेश तंवर, सांस्कृतिक सलाहकार अनिल मिश्रा और मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा शामिल थे।

### सहायक पुलिस अधीक्षक स्वामी का स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** रेलवे की जीआरपी चौकी में चूरू प्रभारी के रूप में हरफुल स्वामी ने सहायक पुलिस उप निरीक्षक बनने पर रेलवे जीआरपी स्टॉफ व रेल कर्मियों ने साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस उप निरीक्षक स्वामी ने चौकी में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर हैड कांस्टेबल रामवीर सिंह सहित रेलवे के कार्मिक मौजूद रहे।

### श्याम भक्तों ने निशाना शोभा यात्रा निकाली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में फाल्गुन माह की शुक्ला द्वादशी पर कस्बे में श्याम भक्तों की ओर से निशान शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गोरखनाथ मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा डीजे की धुन पर श्याम बाबा के भक्ति संगीत पर महिला बच्चे और बड़ो ने गुलाल खेलते हुए आनंद विभोर हुए। शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी सुनील कुमार ने पूजा-अर्चना करवाई।

# आयुष टीम का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र सांखू फोर्ट स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय होम्योपैथिक औषधालय में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत 10 से 12 मार्च तक तीन दिवसीय आयुष टीम आशा, एएनएम, कम्पाउडर का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन कुमार बेनिवाल के सानिध्य में ब्लॉक से डॉ संदीप प्रेमी, डॉ पूनम गेदर एवं एल ए हनुमानसिंह ने आयुष मिशन का सैद्धांतिक व व्यवहारिक,सी बेक फॉर्म, पारिवारिक डेटा प्रशिक्षण प्रदान करते हुये अभियान को जनसामान्य तक पहुंचाकर सफल बनाने का आह्वान किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक फीडबैक प्रदान करने का संकल्प लिया । सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। आयुष हेल्थ वैलनेस सेन्टर के योग प्रशिक्षक नरेन्द्र कुमार ने भागदौड भरी जिंदगी में नियमित योग की वैज्ञानिकता, सार्वभौमिक प्रमाणिकता पर बल देकर योग गीतिका प्रस्तुत की तथा सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# महत्वपूर्ण प्रदर्शन सूचकांकों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता : जिला कलेक्टर




**धौलपुर।** नीति आयोग भारत सरकार के आशान्वित जिला कार्यक्रम की जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आशान्वित जिला कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों के इंडिकेटर्स की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी सूचकांकों में प्रगति दर्ज किये जाने के साथ-साथ महत्वपूर्ण केपीआई पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, वित्तीय समावेशन, कृषि से संबंधित विभिन्न संकेतकों पर विस्तारपूर्वक सूक्ष्म समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कम प्रगति वाले संकेतकों में आगामी समय में और सुधार किए जाने हेतु भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, मुख्य आयोजन अधिकारी भरत राव,सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार सिंघल सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, एबीपी फैलो अंकिता भूपारिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# धमाल के गीतों पर झूमे अग्रसेन नगरवासी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर में अग्रसेन र्स्पोटस क्लब की ओर से आयोजित होली धमाल का जनार्दन आचार्य ने पूजा-अर्चना कर गणेशजी महाराज के गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समिति के मदन राजपुरोहित व स्पोर्टस कलब के अध्यक्ष सीताराम खरोड़ ने बताया कि होली के धमाल कार्यक्रम में अग्रसेन नगरवासियो ने खेले होली गीतों पर देर रात्रि जक थिरते रहे। इस अवसर पर महिलाएं व पुरुष ने धमाल के गीत गाए। इससे पुर्व हनुमान सिंह शेखावत, विमल भटनागर, शुभकरण शर्मा, प्रमेश्वर शर्मा, महेन्द्र शर्मा, जगदीश खेडीवाल, हुकमीचन्द गौड, रामोतार मेहला, सोहन लाल, ओम इन्दोरिया को क्लब के विकाश सोनी, विपिन कस्वा, अभिषेक पाठक, प्रमोद गौड़, बजरंग हर्षवाल, राजेन्द्र शर्मा, मनिष हारित राजेन्द्र राठौड़, शैलेन्द्र सोनी, जितेन्द्र गिरदावर, राकेश, सुभाष, सुमेर स्वामी व कमल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ.रविकांत शर्मा ने किया।

# रबी दलहन फसल प्रबंधन पर दी जानकारी




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र बीकानेर द्वारा आयोजित एकदिवसीय एससी एसपी के तहत रबी दलहन फसल प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण सत्र कृषि विज्ञान केंद्र, पोकरण पर आयोजित किया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद ने बताया कि विश्व दलहन उत्पादन के करीब 36 फीसदी रकबे के साथ भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादक देश है, मगर अफसोस कि फिर भी हमें दलहनी फसलों को भारी मात्रा में विदेशों से आयात करना पड़ रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रीय केन्द्र बीकानेर के डॉ बनवारी लाल ने बताया की जैसलमेर जिले में दलहनी फसलों की उन्नत तकनीक को अपनाकर अधिक पैदावार एवं मुनाफा कमाया जा सकता है विशेष रूप से उन्नत किस्म का चुनाव, बुवाई का सही समय एवं समन्वित रूप से खाद उर्वरक एवं बीमारियों का प्रबंध करके कम पानी वाली क्षेत्र में भी अधिक उत्पादन लिया जा सकता है रबी मौसम में दलहनी फसलों, जैसे चना, मसूर, और मटर, की खेती से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। उन्नत बीजों का चयन करें और सही समय पर बुवाई करें। मृदा परीक्षण से पोषक तत्वों की कमी को पूरा करें और उचित कृषि प्रबंधन अपनाएं। दलहनी फसलों का खास महत्त्व इन के पोषण मूल्य को ले कर है। प्रसार वैज्ञानिक डॉ राजेश बिश्नोई ने प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन के बारे में किसानों को जानकारी दी।

# सांसद कस्वां लोकसभा में बोले ओलावृष्टि से हुए नुकसान का किसानों को मिले पूरा मुआवजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**सादुलपुर।** सांसद राहुल कस्वां ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के अंतर्गत चूरू लोकसभा सहित उत्तर-पश्चिम राजस्थान में हुई भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की रबी की फसलों के नष्ट होने का मुद्दा उठाते हुए मुआवजे की मांग की। सांसद कस्वां ने अपने सम्बोधन में कहा कि भयंकर ओलावृष्टि से किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई। सालों साल से इतनी भारी ओलावृष्टि देखने को नहीं मिली। चूरू संसदीय क्षेत्र की तहसील सादुलपुर, तारानगर, नोहर व भानीपुरा सहित कई इलाकों में किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। नुकसान के आंकलन हेतु स्पेशल गिरदावरी तो शुरू हो चुकी है, लेकिन स्पेशल गिरदावरी केस की सबसे बड़ी समस्या यह है कि गाइडलाइंस में 2 हैक्टेयर की कैपिंग लगा रखी है यानि कि 2 हैक्टेयर से अधिक के नुकसान की भरपाई नहीं की जायेगी। अत: सरकार ये 2 हैक्टेयर कैपिंग को हटाए; क्योंकि राजस्थान क्षेत्रफल में बड़ा प्रदेश है और प्रति किसान लगभग 6-7 हैक्टेयर कृषि भूमि है। अत- इन कैपिंग वाली गाइडलाइंस को हटाकर सभी किसानों को पूरे नुकसान का मुआवजा दिया जाये। साथ ही एसडीआर एफ व एनडीआरएफ की गाइडलाइंस में प्रति किसान मात्र 17 हजार नुकसान की भरपाई हेतु मुआवजा राशि देने का नियम भी बंद किया जाए; क्योंकि किसानों के एक हैक्टेयर में लाखों की फसलें उत्पादित होती हैं। राजस्थान जैसे प्रदेश में हमारा वो इलाका है जहां मौसम आधारित खेती हमारा किसान करता है। अत: किसानों का नुकसान जो हुआ है उसकी पूरी तरह से भरपाई करने हेतु मुआवजा राशि दी जाये। इसके अलावा सांसद कस्वां ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाइडलाइंस में बदलाव की मांग की। उन्होंने कहा कि पहले योजना की गाइडलाइंस में था कि यदि किसान की फसल खड़ी हुई हो या काट ली हो और उस स्थिति में यदि किसान को नुकसान होता है तो व्यक्तिगत नुकसान के अंतर्गत उसे बीमा क्लेम दिया जायेगा, लेकिन 2023 में इस योजना की गाइडलाइंस में बदलाव कर खड़ी फसल के नुकसान को बाहर कर दिया गया है जो किसान हित्तों के खिलाफ है। अत- सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पहले की तरह खड़ी व कटी हुई फसलों के खराबे की स्थिति में व्यक्तिगत नुकसान में शामिल करे। खड़ी फसल पर ओलावृष्टि या अन्य किसी आपदा से नुकसान होता है तो उसका भी बीमा क्लेम/मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित करे; ताकि किसानों का अहित्त न हो।

# जिला कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भेंट किए बर्तन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में भामाशाह बाबूलाल जैन ने आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए बर्तन भेंट किए गए। कार्यक्रम में भामाशाह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक नरेन्द्र शेखावत ने विभाग की ओर से दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में शिवराज सिंह , सीडीपीओ शहर चन्द्रकला, मनोज पारीक व भजनलाल आदि उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने दौसा में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो

# पात्र व्यक्ति को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होः राज्यपाल बागडे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसे सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल बुधवार को दौसा कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राष्ट्र और समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। हमारा प्रयास हो कि हर वर्ग के बालक-बालिका को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से जिले में कुपोषित बच्चों की जानकारी लेते हुए हर बालक-बालिका को पूर्ण पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए पेंशन एवं छात्रवृत्ति राशि का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि गांवों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और कोई भी आवास शौचालय रहित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से गांवों में अच्छे खेल मैदानों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। राजीविका गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की ओर से बनाए जाने वाले उत्पादों और उनसे होने वाली वार्षिक आय की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने इन उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर बाजार मुहैया कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जिला स्तर पर इन समूहों की आय के समुचित आंकड़े संधारित करते हुए हर वर्ष लक्षित वृद्धि हासिल कर महिलाओं को आर्थिक सशक्त बनाएं।

राज्यपाल ने जिले में सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कोई भी गांव और ढाणी सड़क से वंचित नहीं रहें। हर ढाणी तक मनरेगा के माध्यम से ग्रेवल सड़क के माध्यम से सुगम रास्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने हाइवे की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए समय पर मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पेयजल की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की मंशा है कि देश में पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो और आगामी 25-30 साल तक कहीं भी पेयजल की परेशानी नहीं आए। इसके लिए ही हर घर नल योजना शुरु कर घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने इसरदा पेयजल परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और निश्चित समय सीमा में इसका काम पूर्ण कर लोगों को पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने जिले के कृषि परिदृश्य की जानकारी लेते हुए बूंद-बूंद सिंचाई एवं मिनी स्प्रिंकलर को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं की अनुदान राशि समय पर काश्तकार को मिल जानी चाहिए। उन्होंने जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि काश्तकार को मंडी में जिंस तुलाई में कोई दिक्कत नहीं हो और फसल बेचान की राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित हो। उन्होंने किसानों के बीच सिंचाई के लिए सोलर पंप सेट को प्रोत्साहित करने के साथ लम्बित कृषि बिजली कनेक्शन करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा कर काश्तकारों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजनाओं के माध्यम से युवाओं को उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मातृ वंदन योजना, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को 'वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड की ट्रॉफी दी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन ने राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी को इसी महीने गुरुवार को मिले 'वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया' की ट्राफी बुधवार को शासन सचिव रवि जैन ने सौंपी। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान आईटीबी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा दिया गया। जिसे उप मुख्यमंत्री की ओर से पर्यटन विभाग के अधिकारी, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन आनंद त्रिपाठी, उप निदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया था।

राजस्थान सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ मिलकर राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। राजस्थान के पर्यटन विभाग द्वारा देश और दुनिया के विभिन्न पर्यटन मंचों पर राजस्थान के पर्यटन की ब्रांडिंग की जा रही है। इसी के तहत पेसिफिक एरिया ट्रैवल राइटर्स संगठन (पटवा) ने राजस्थान को यह सम्मान प्रदान किया हैं।

# राष्ट्रीय प्रतीक के दुरूपयोग पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय गम्भीर

राज्य सरकारों को पत्र लिखकर अधिनियम की अक्षरशः पालना के लिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्य व केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों को पत्र लिखकर भारत का राष्ट्रीय प्रतीक (अनुचित उपयोग का प्रतिषेध) अधिनियम-2005 की अक्षरशः पालन सुनिश्चित करवाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के संयुक्त शासन सचिव जी. पार्थसारथी द्वारा जारी पत्र के अनुसार राष्ट्रीय प्रतीक सुस्पष्ट, समुचित अनुपात में हो तथा अधिकृत व्यक्ति द्वारा ही उपयोग में लाया जाए। यह प्रतीक चिन्ह सारनाथ में मिले सम्राट अशोक के स्तम्भ से सम्बंधित है। इसमें धर्मचक्र परिवर्तन से जुडे पहिये की 24 तीलियां, 4 सिंह (जिनमें से 3 दिखाई देते हैं), एक सांड और अश्व अंकित है। मुण्डक उपनिषद से लिया गया "सत्यमेव जयते" देवनागरी लिपि में लिखा हुआ है।

# विश्वस्तरीय एक्सीलेंस सेंटर, इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस, मिनरल एक्सप्लोरेशन कारपोरेशन के गठन पर मंथन शुरू

## एआई का उपयोग, शोध-विश्लेषण और बेहतर एक्सप्लोरेशन को मिलेगा बढ़ेगा

माइंस सचिव ने आस्ट्रेलिया की कर्टिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर से की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बुधवार को सचिवालय में आस्ट्रेलिया की जॉन कर्टिन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विष्णु पारीक से उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस, जयपुर में एक्सीलेंस सेंटर और राजस्थान मिनरल एक्सप्लोरेशन कारपोरेशन की स्थापना और विष्वस्तरीय माइनिंग सेंटर बनाने के संबंध में विस्तार से विचार विमर्श किया। गौरतलब है प्रोफेसर विष्णु पारीक आस्ट्रेलिया की कर्टिन विश्वविद्यालय में विज्ञान और इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता (डीन) है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में राजस्थान माइनिंग सेक्टर में अग्रणी प्रदेश बन गया है। भजन लाल शर्मा प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में इन संस्थानों की स्थापना से विश्वस्तरीय अध्ययन, शोध, विश्लेषण और प्रबंधन सुविधा उपलब्ध कराने, सस्टेनेबल माइनिंग, माइनिंग सेक्टर में सुरक्षा मानदण्डों की पालना के साथ ही उच्चस्तरीय एक्सप्लोरेशन अध्ययन केन्द्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं को माइनिंग इंजीनियरिंग क्षेत्र में आगे आने का अवसर मिलेगा वहीं प्रदेश में माइनिंग सेक्टर में उच्च स्तरीय अध्ययन, शोध, एक्सप्लोरेशन के अवसरों का लाभ प्रदेष के माइनिंग सेक्टर के समग्र विकास में प्राप्त हो सकेगा।



टी. रविकान्त ने कहा कि आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस का माइनिंग सेक्टर में किस तरह से उपयोग कर लाभान्वित हो सकते हैं, इसके लिए मिशन लर्निंग इन एक्सप्लोरेशन सहित खनिज क्षेत्र में एआई के उपयोग की संभावनाएं भी हो सकेगी। आस्ट्रेलिया की कर्टिन विश्वविद्यालय के विज्ञान व इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. विष्णु पारीक ने आरंभिक चर्चा के दौरान सुझाव दिए और परस्पर सहयोग की संभावनाओं को तलाशने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि आज विश्व में माइनिंग सेक्टर की अलग ही पहचान और निर्भरता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विपुल खनिज संपदा है और आरईई की उपलब्धता से आज राजस्थान का खनिज क्षेत्र में खास महत्व हो गया है।

प्रो. विष्णु पारीक ने राजस्थान सरकार की पहल की सराहना करते हुए बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित होने वाले संकायों में आस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय की सहभागिता की संभावनाओं को तलाश कर जल्दी ही विस्तृत कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज एआई, सस्टेनेबल माइनिंग के साथ ही जीरो लॉस माइनिंग पर जोर दिया जा रहा है जिस पर परस्पर सहयोग से प्रदेश में अच्छा व ठोस कार्य किया जा सकता है। प्रोफेसर विष्णु पारीक ने बताया कि उनकी जन्मभूमि राजस्थान और जयपुर जिला रहा है और एमएनआईटी के विद्यार्थी रह चुके हैं। वे आस्ट्रेलिया के कर्टिन विश्वविद्यालय में 2021 से डीन है। उनका खनिज, ऊर्जा और रासायनिक इंजीनियरिंग क्षेत्र में खास अध्ययन है।

# राज्यपाल की होली एवं धुलण्डी पर बधाई और शुभकामनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रंगो के पर्व होली एवं धुलण्डी (13-14 मार्च) की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि होली रंग अबीर के जरिए उमंग और उत्साह को प्रकट करने के साथ परस्पर सद्भाव से मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देने वाला पर्व है। यह भक्त प्रहलाद की भक्ति की विजय के रूप में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक पर्व है। राज्यपाल बागडे ने राग-रंग-संग उल्लास के इस पर्व पर सभी के मंगल की कामना की है। उन्होंने रंगों के इस पर्व को आपस में हिल मिलकर मनाने का आह्वान करते परस्पर बंधुता, प्रेम और सद्भाव के लिए सतत कार्य करने की अपील की है।

## नगर निगम ग्रेटर की अवैध मीट की थड़ियों, दुकानों पर बड़ी कारवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देश पर उपायुक्त पशु प्रबंधन कौशल कुमार खटुमरा के नेतृत्व में टीम का गठन कर विशेष अभियान चलाकर अवैध मीट की दुकानों, थड़ियों पर कार्यवाही की जा रही है।

डॉ. राकेश कलोरिया ने बताया कि बुधवार को सांगानेर जोन की अवैध मीट, मांस की दुकानों पर कारवाई की गई कार्रवाई के दौरान मौके से 25 किलो अवैध मीट मांस जप्त कर फिनाईल डालते हुए स्लॉटर हाउस चौनपुरा में डंप करवाया गया इसके साथ ही 4 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया।

**लोक सूचना** — **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : LU2012/JDA/2024-25/104137/डी-344 दिनांक : 12.03.2025

श्री राजेन्द्र पुत्र देवा निवासी ग्राम गणपतपुरा, मानसरोवर, जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम गणपतपुरा तहसील सांगानेर (जयपुर) | राजेन्द्र पुत्र देवा | 660/654 | 2350 | 0.2350 |
| | | | | कुल | 0.2350 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 12.03.2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-8

**लोक सूचना** — **जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक : LU2012/JDA/2024-25/104138/डी-979 दिनांक : 12.03.2025

श्री राम सिंह मीना पुत्र श्री रामकरण मीना जाति मीना निवासी मीना मोहल्ला, मैनपुरा, सवाईमाधोपुर, राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का मिश्रित प्रयोजन के उपयोग हेतु एकल पट्टा हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात्:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गोनेर, सांगानेर (जयपुर) | राम सिंह मीना पुत्र श्री रामकरण मीना | 739/1 | 2300 | 0.23 |
| | | | 774 | 2900 | 0.29 |
| | | | 782 | 3800 | 0.38 |
| | | | | कुल | 0.90 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 12.03.2025 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी जोन-9

# राजस्थान लघु उद्योग निगम की संचालक मंडल एवं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न

निगम ने 498.00 लाख का लाभ अर्जित किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ.आरूषी अजेय मलिक की अध्यक्षता में 376वीं संचालक मण्डल एवं 63वीं वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। डॉ.आरूषी अजेय मलिक ने बताया कि निगम के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखे अनुमोदन किये गये। निगम को वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 4635.65 लाख की प्राप्तियाँ हुई एवं इस अवधि में 498.71 लाख का शुद्ध लाभ हुआ। संचालक मण्डल द्वारा राज्य की लघु इकाईयों को प्रोत्साहन देने एवं अनुपयोगी संपत्तियों का उपयोग निगम के लाभार्थ करने के निर्णय लिये गये। इसके साथ ही राज्य के दस्तकारों के लिए नवीन बिक्री केन्द्र प्रारंभ करने एवं हस्तशिल्प दस्तकारों को नवीन योजनाओं से लाभान्वित करने का भी निर्णय लिया गया। सभा में प्रबंध निदेशक रीको शिवांगी स्वर्णकार, अतिरिक्त आयुक्त ब्यूरो ऑफ इनवेस्टमेंट एवं प्रमोशन सौरभ स्वामी, वरिष्ठ सहायक निदेशक, विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय रजत वर्मा, महाप्रबंधक, राजस्थान अनु जाति/जनजाति वित्त एवं विकास निगम एस. आर. चावला, संयुक्त शासन सचिव वित्त देवेन्द्र अरोड़ा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व मंडल में डीपीसी से 24 सहायक प्रशासनिक अधिकारी तथा 13 वरिष्ठ सहायक पद पर पदोन्नत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्व मंडल में दो अलग-अलग विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकों में 37 कार्मिकों को पदोन्नति का तोहफा दिया गया है। इनमें 24 कार्मिक वरिष्ठ लिपिक से सहायक प्रशासनिक अधिकारी तथा 13 कार्मिक कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। निबंधक महावीर प्रसाद के अनुसार इन सभी कार्मिकों को वर्तमान पदस्थापन स्थल पर उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं। इनके पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे। यह सभी पदोन्नतियां वर्ष 2024-25 के तहत रिक्त पदों के विरुद्ध की गई है।

# 'पेयजल से संबंधित कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निजी कंपनियों पर राज्य सरकार सख्त'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि पेयजल से संबंधित कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निजी कंपनियों पर राज्य सरकार सख्त है। प्रदेश में पेयजल से संबंधित ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस के कार्यों में लापरवाही बरतने वाली निजी कंपनियों के साथ जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों तथा निजी कंपनी के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर विभिन्न विषयों का निस्तारण करवाया जाएगा।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र डेगाना में तहसील सांजू मुख्यालय कनिष्ठ अभियंता अनुभाग डेगाना के क्षेत्रान्तर्गत आता है। वर्तमान में तहसील सांजू मुख्यालय पर पृथक से विभागीय कनिष्ठ अभियंता पदस्थापित नहीं है। सांजू तहसील मुख्यालय पर नवीन कनिष्ठ अभियंता का पद स्वीकृत करने के लिए कार्यभार का पुनः आकलन कर आवश्यकतानुसार विचार किया जाएगा।

इससे पहले विधायक अजय सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि वर्तमान में सांजू कस्बा की पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने का कार्य विभागीय उपखण्ड कार्यालय डेगाना द्वारा किया जा रहा है। सहायक अभियंता उपखण्ड डेगाना के अंतर्गत वर्तमान में 2 कनिष्ठ अभियंता अनुभाग डेगाना एवं बुटाटी कार्यरत हैं।

कनिष्ठ अभियंता डेगाना द्वारा विधानसभा क्षेत्र डेगाना के एक शहर डेगाना व 92 ग्रामों की पेयजल व्यवस्था तथा कनिष्ठ अभियंता बुटाटी द्वारा विधानसभा क्षेत्र डेगाना के 65 ग्रामों की पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण का कार्य किया जा रहा है।

**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR.**

No. NIT/2024-25/31794-802 Date : 12.03.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 519/2024-25

निम्नलिखित कार्य के लिये केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|
| Electrial work for Construction of Academic Block-2 at GGTU, Banswara. UBN: RRC2425WSOB00947 | 82.97 Lakh |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईटः http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**P.H.E.D. DISTT. DN. SOUTH BARMER**

Phone No. 02982-220502 E mail : eesouthbmr@gmail.com

No : E.E./PHED/S/2024-25/ Date : 06.03.2025

**Notice Inviting Bid (48)**

Bids for Maintenance work are invited from interested bidders upto **01:00 PM** (time) **18.03.2025** (date). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB code - **PHE2425A5082**
UBN no. **PHE2425WSOB11155, PHE2425WSOB11156 and PHE2425WSOB11157**

**DIPR/C/3469/2025**

Executive Engineer
PHED Distt. Dn. South Barmer

**जागरूक टाइम्स**
संपर्क करें
विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716
प्रति के लिए
9057203837
कार्यालय :- 0141-2743001
Email :- jtjaipur@gmail.com

# जिला जयपुर द्वितीय में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' का संचालन

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम में आमजन को टीबी रोग के प्रति किया जा रहा जागरूक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला जयपुर द्वितीय में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम में आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान आगामी 24 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' के आयोजन में जिला व ब्लॉक स्तर पर आमुखीकरण व स्टेकहोल्डर्स कार्यशालाओं के आयोजन सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत होर्डिंग्स, फ्लैक्स व ब्रोशर इत्यादि के जरिए व्यापक जनजागरूकता प्रसारित की जा रही है। साथ ही निःक्षय मित्र के द्वारा पोषण किट वितरण सहित जिले के ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल्स पर सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आगामी 24 मार्च, 2025 को राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. रामावतार जायसवाल ने बताया कि अभियान में तम्बाकू उपभोगी टीबी रोगियों को तम्बाकू छोड़ने हेतु काउंसलिंग की जा रही है।

ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिताओं के आयोजन सहित ग्राम पंचायत स्तर पर नारा लेखन व रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही कैम्प आयोजित कर टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की जा रही है आगामी दिवसों में जिला स्तर पर मैराथन दौड़/रैली/प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**
(पुराना पुलिस मुख्यालय, हवामहल के पीछे, जयपुर)

क्रमांक :- एफ-28( )अधि.अभि.प्रो./न.नि.ज. है/2024-25/660 दिनांक :- 12/03/2025
क्रमांक :- एफ-29( )आ.न.जो./न.नि.ज. है/2024-25/608 दिनांक :- 12/03/2025
क्रमांक :- अधि.अभि.(मु.)/न.नि.ज.है/2024-25/781 दिनांक :- 12/03/2025
क्रमांक :- एफ-28( )अधि.अभि.(प्रो.)/न.नि.ज. है/2024-25/665 दिनांक :- 12/03/2025
क्रमांक :- अधि.अभि.(मु.)/न.नि.ज.है/2024-25/782 दिनांक :- 12/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 42 से 43 2024-25 (अधि.अभि. (प्रो.))**
**ई-निविदा सूचना संख्या 93 से 101 2024-25 (आदर्श नगर जोन)**
**ई-निविदा सूचना संख्या 103, 106, 107/2024-25 (अधि.अभि.(मु.))**
**ई-निविदा सूचना संख्या 44, 45, 46 एवं 47/2024-25 (अधि.अभि.(मु.))**
**ई-निविदा सूचना संख्या 108/2024-25 (अधि0अभि0(मु.)**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज के विभिन्न कार्यो हेतु पंजीकृत फर्म से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmcheritage.org व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No. JMC2425WSOB01539 से JMC2425WSOB01540, JMC2425WSOB01525 से JMC2425WSOB01533, JMC2425WSOB01513, JMC2425WSOB01510, JMC2425WSOB01511, JMC2425WSOB01544 से JMC2425WSOB01547, JMC2425WSOB01542 पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/13179

आयुक्त
नगर निगम जयपुर, हैरिटेज

# कुचामन सिटी में लगेगा राजसखी मेला, महिला सशक्तिकरण को मिलेगा बढ़ावा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में राजसखी मेला 2025 का आयोजन 17 मार्च से 23 मार्च तक किया जाएगा। यह सात दिवसीय मेला पंचायत समिति परिसर, कुचामन सिटी में आयोजित होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और राजीविका स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देना है। मेले में विभिन्न प्रकार के उत्पादों की बिक्री और प्रदर्शनी के साथ-साथ महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी।

**मेले की प्रमुख विशेषताएं :** राजसखी मेले में 46 विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें हस्तशिल्प, गृह सजावट, हस्तनिर्मित परिधान, जैविक उत्पाद, कुटीर उद्योग से जुड़े सामान और अन्य घरेलू उपयोगी वस्तुएं शामिल होंगी। इसके साथ ही, एक विशेष फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे राज्य से हाइजीनिक भोजन उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। खेल प्रतियोगिताएं, स्टॉल सजा प्रतियोगिता और अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ मेले को और आकर्षक बनाएंगी।

**प्रशासन द्वारा की जा रही विशेष तैयारियां :** जिला प्रशासन, नगर परिषद और अन्य विभागों को मेले के सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उपखंड अधिकारी, कुचामन सिटी को मेला स्थल पर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। नगर परिषद, कुचामन सिटी द्वारा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था, होर्डिंग्स एवं बैनर लगाने का कार्य किया जाएगा। चिकित्सा विभाग द्वारा मेला स्थल पर आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ और एंबुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और यातायात का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करेगा।

**शिक्षा विभाग को विद्यालयों और कॉलेजों में मेले के प्रचार :** प्रसार का कार्य सौंपा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन में भाग लें। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग भी मेले को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा।

**मेले में आम जनता की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण :** राजसखी मेले का उद्देश्य केवल उत्पादों की बिक्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय महिलाओं और ग्रामीण उद्यमियों को एक मंच प्रदान करेगा, जहाँ वे अपने हुनर और मेहनत को प्रदर्शित कर सकें। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

**समापन समारोह और विजेताओं को मिलेगा सम्मान :** मेले के अंतिम दिन स्टॉल सजावट प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिताओं और अन्य कार्यक्रमों के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन जिले में महिला सशक्तिकरण और आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## चार महीने के प्रवास के बाद शहर के संत बम-बम बाबा लौटे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के तुलसीवन रोड़ स्थित बम-बम बाबा आश्रम पर 4 महीने के भ्रमण के बाद संत बम बम बाबा के लौटने पर श्रद्धालुओं और शहर के लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान मानस भवन बम बम बाबा आश्रम पर आयोजित कार्यक्रम में बम बम बाबा ने कहा कि गुरुवार से होली का त्योहार मनाया जाएगा। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है,ऐसे में हमें अपने व्यसनों को त्याग कर त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित अपने शिष्यों और श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि होली के त्योहार पर रंगों की बौछार ना कर लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने का प्रयास करें। बम बम बाबा पिछले 4 महीने से देश भ्रमण पर निकले हुए थे। इस दौरान वे उड़ीसा, कोलकाता और महाकुंभ में भी डुबकी लगाने पहुंचे। उन्होंने 4 महीने के अपने देश भ्रमण के दौरान अपने शिष्यों को संदेश भी दिया। होली के त्योहार से ठीक एक दिन पहले अपने आश्रम में पहुंचने पर जहां उनके श्रद्धालुओं को अपार खुशी हुई। वहीं शहर के लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। होली के त्योहार पर बम बाबा आश्रम पर शुक्रवार को विशेष आयोजन किया जाएगा। बम बम बाबा ने सभी लोगों को संदेश दिया है कि त्यौहार को शांतिपूर्ण सौहार्द में मनाए। लोगों को रंग और गुलाल लगाए,लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार से किसी का कोई अहित न हो। उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा है कि हमें अपनी बुराइयों को इस त्यौहार पर त्यागना चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डीडवाना में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना में होली और धुलंडी त्योहार की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए, पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च नगर परिषद से शुरू हुआ। ये नागोरी गेट, आनंद भवन और चारभुजा चौक से होता हुआ आगे बढ़ा। फ्लैग मार्च झालरिया चौक, गुदड़ी बाजार और कोट मोहल्ला से गुजरा। अजमेरी गेट, श्यामजी का चौक और नृसिंह चौक तक पहुंचा। इस दौरान पुलिस ने हाकम की गैर के मार्ग का भी निरीक्षण किया। डीडवाना डिप्टी धरम पूनिया और थाना अधिकारी राजेंद्र सिंह ने फ्लैग मार्च का नेतृत्व किया। कमांडो दस्ते के साथ पुलिस और आरएसी के जवान भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने जरूरी व्यवस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

### श्री श्याम ध्वजा यात्रा निकाली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** घंटाघर के पास स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर द्वारा भव्य श्री श्याम ध्वजा यात्रा मुख्य मार्गों से निकाली गई जिसमें राजगढ़ शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्री मारुति नंदन बालाजी मंदिर के पुजारी विनोद कुमार, श्याम सोनी, पवन गट्टानी, डॉक्टर घनश्याम सज्जन शर्मा, शीतला माता मंदिर पुजारी राधेश्याम शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन मोहता, विप्र फाउंडेशन महिला अध्यक्ष साधना शर्मा, भजन गायक कलाकार अनीता सोनी, चूरू जिला अध्यक्ष रामादल, पंकज शर्मा, श्याम मंदिर के पुजारी नरेंद्र कुमार शर्मा एवं पुजारी परिवार सहित धर्मप्रेमी जनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ तकनीकी खेलकूद महोत्सव टेक उत्सव-25 का समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिलानी।** बिरला टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में चल रहे तकनीकी खेलकूद महोत्सव टेक उत्सव-2025 का मंगलवार देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बिट्स पिलानी के प्रोफेसर डॉ. बीके राउत एवं विशिष्ट अतिथि बीकेबीआईईटी जीएम कमर्शियल केके पारीक, बीकेबीआईईटी प्राचार्य डॉ. अनिल शर्मा, बीकेबीएचई प्राचार्य डॉ. विपिन कुमार, नम्रता राउत, डॉ. मनुस्मृति शर्मा थे। डिप्लोमा प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सप्ताहभर चले टेक उत्सव-25 के दौरान हुई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। राजस्थानी नृत्य से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई फैशन परेड के दौरान स्टूडेंट्स ने शानदार कैट वॉक किया। इस मौके पर मोहम्मद वसीम मिस्टर बीटीटीआई व सिमरन मिस बीटीटीआई रहे। एकल नृत्य व सामूहिक नृत्यों की प्रस्तुतियों से स्टूडेंट्स ने समां बांध दिया। अतिथियों ने विजेताओं व उप विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आईटीआई प्राचार्य कैप्टेन जेपी सिंह, उप प्राचार्य निरंजन शर्मा व विपिन वर्मा, विभागाध्यक्ष शेरसिंह, नितेश कोठारी व प्रशांत अग्रवाल, जीआई नरेंद्र शर्मा, एनवी तिवारी, सुनिल सैनी सहित स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स मौजूद थे।

### आईसीएसआई कॉमर्स ऑलम्पियाड में डीवीपी के छात्रों ने लहराया परचम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**डूंडलोद।** स्थानीय डूंडलोद विद्यापीठ के चार छात्र-छात्राओं ने आईसीएसआई कॉमर्स ऑलम्पियाड में सफलता हासिल की है। डीवीपी के वाणिज्य संकाय के समन्वयक विनय शर्मा ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेकेटेरिएट ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित कॉमर्स ऑलम्पियाड में कक्षा 11 एवं 12 के 36 छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से वर्णिका बेरीवाला सिल्वर, आर्यन जोशी, उन्नति शर्मा एवं योगिता मिश्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किए है। सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिए गए। डीवीपी के सचिव मुकेश पारीक, प्राचार्य सतीशचंद्र कर्नाटक, सह सचिव सीताराम जीनगर, प्रबंध समिति के हुसैन खान, उप प्राचार्य अशोक कुमार सैन एवं शिक्षिका अंबिका शर्मा ने कॉमर्स ऑलम्पियाड में सफल रहे छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### होली पर्व के मद्देनजर बिजली आपूर्ति की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** होली पर्व के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने 13 मार्च से 14 मार्च तक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष का नंबर 01592-232790 है। कंट्रोल रूम से आपूर्ति की स्थिति की निगरानी की जाएगी। एसई एमके टीबड़ा ने बताया कि नियंत्रण कक्ष में तीन पारियों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। पहली पारी सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक में तोफिक अहमद मो. 8426900045, दूसरी पारी दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक में ज्ञानप्रकाश मो. 9928642379, वहीं तीसरी पारी रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक जय सिंह मो. 9984109741 को लगाया गया है।

### जिला उपभोक्ता आयोग के तत्वावधान में चलेगी उपभोक्ता जागरूकता की लहर

स्लोगन लिखने पर मिलेगा ईनाम, स्काउट्स एवं गाइड्स भी करेंगे सबको जागरूक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनूं द्वारा राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार 'टिकाऊ जीवनशैली की ओर एक बदलाव' थीम पर विश्व उपभोक्ता दिवस एवं उपभोक्ता सप्ताह मनाया जाएगा। वहीं 15 मार्च से शुरू होने वाले उपभोक्ता सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिला आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने बताया कि 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 16 मार्च को ऑनलाइन 'स्लोगन लिखो, ईनाम पाओ' प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं 18 मार्च को महिलाओं को लिए जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 21 मार्च को समापन समारोह होगा, अन्य दिवसों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

## एक बार फिर हुई मानवता कलंकित, 9 साल की बच्ची के साथ युवक ने की दरिंदगी

### बदहवास अवस्था में छोड़ गया था आरोपी, मुकदमा दर्ज



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के आंगई थाना क्षेत्र में फिर एक बार मानवता को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। आंगई थाना क्षेत्र में 9 साल की नाबालिग बच्ची के साथ पड़ोसी युवक ने हैवानियत की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी सुनसान स्थान पर बच्ची को बदहवास अवस्था में छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। आंगई थाना एसएचओ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि 9 साल की नाबालिग बच्ची सैंपऊ थाना इलाके के एक गांव की रहने वाली है। हाल ही में बच्ची अपनी बड़ी बहन की ससुराल आंगई थाना क्षेत्र के एक गांव में आई हुई थी, जहां 11 मार्च को शाम के समय बच्ची को पड़ोसी युवक के साथ बाइक पर गैस सिलेंडर लाने के लिए परिजनों ने भेज दिया था। पड़ोसी युवक बच्ची को बाइक पर बिठाकर ले गया, लेकिन रास्ते में युवक की नीयत खराब हो गई और सुनसान स्थान पर बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। आरोपी बदहवास अवस्था में बच्ची को छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की भनक परिजनों को लग गई। परिजन मौके पर पहुंच गए। बच्ची को साथ लेकर परिजनों ने नामजद पड़ोसी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया है। थाना एसएचओ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देख आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। नाबालिग बच्ची का बोर्ड द्वारा मेडिकल कराया गया है। थाना एसएचओ ने बताया कि फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मामले में कठोर धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गर्ल्स कॉलेज की स्टूडेंट्स ने कुचामन फोर्ट का किया भ्रमण, सांस्कृतिक विरासत के बारे में जाना



**कुचामन सिटी।** राजकीय कन्या महाविद्यालय कुचामन की छात्राओं ने बुधवार को कुचामन फोर्ट का ऐतिहासिक भ्रमण किया। छात्राओं ने किले की भव्यता और सांस्कृतिक विरासत को करीब से जाना। भ्रमण के दौरान द आई लव फाउंडेशन और कुचामन फोर्ट के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 'नाकालोका' अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवी संस्थान द्वारा संगीत और मेडिटेशन का कार्यक्रम रखा गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने संत कबीर के भजनों की द्विभाषी प्रस्तुति दी। विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते विविध वाद्य यंत्रों का प्रयोग किया गया। भ्रमण दल प्रभारी डॉ. गोविंद सारस्वत के नेतृत्व में छात्राओं ने किले के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। इनमें दीवाने आम, दीवाने खास, सूर्यपोल, सिंह पोल, मीना बाजार, बावड़ी और शिव मंदिर शामिल थे। छात्राओं ने खुली जीप सफारी का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी का विशेष योगदान रहा। डॉ. पवन जांगिड़ और डॉ. भंवर लाल डूडी ने भी भ्रमण की योजना बनाने से लेकर इसके समापन तक सक्रिय सहयोग किया।

## मोरारका कॉलेज में फागो-उत्सव-2025 का आयोजन

**झुंझुनूं।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'फागोत्सव 2025' का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर चंग की थाप के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति की संयोजक प्रोफेसर मंजू चौधरी ने बताया कि फागोत्सव मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी को शेखावाटी की लोक परंपराओं से रुबरु करवाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास मील ने होली को सामाजिक समरसता एवं सद्भाव के साथ मनाने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों के विभिन्न दलों ने पारंपरिक वेशभूषा में शेखावाटी के लोक नृत्य एवं लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। फागोत्सव में विद्यार्थियों ने रंग मत डाले रे सांवरिया, राजा बली के दरबार मची होली, चालो देखन ने बाईसा, बाजणी बंगड़ी आदि धमाल गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र करण शर्मा ने होली के गीतों की धुन पर बांसुरी वादन कर समां बांध दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्यों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित प्राकृतिक रंगों एवं फूलों की पंखुड़ियों द्वारा इको-फ्रेंडली होली मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाफ सदस्य, पूर्व छात्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहर में निकाली श्री खाटूश्याम बाबा की दिव्य शोभायात्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में श्री खाटूश्याम बाबा की दिव्य भव्य शोभायात्रा दाऊजी मन्दिर से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए बसेड़ी बस स्टैंड बीएस गार्डन पहुंची। शोभायात्रा का शहर के विभिन्न मार्गों पर बाजार में शहरवासियों द्वारा भव्य और दिव्य रूप से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाहर से आए कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा के दौरान लगभग 300 निशान सहित माता बहनें एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। शोभायात्रा में भक्त नाचते गाते हुए बीएस गार्डन तक पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान बाड़ी सर्किल ऑफिसर पुलिस उप अधीक्षक महेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी अमित कुमार शर्मा द्वारा शोभायात्रा के दौरान पुलिस जाप्ता की माकूल व्यवस्था की गई। वहीं शोभायात्रा के दौरान यातायात पुलिस प्रभारी गोविंद सिंह ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभाल शोभायात्रा शुरू होने से पूर्व शोभायात्रा के रास्ते को सुगम बनाया। जिसकी सीआई अमित कुमार शर्मा ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसी क्रम में आज सायं 7 बजे से बीएस गार्डन में श्री खाटूश्याम बाबा का जागरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें आयोजन कमेटी ने सभी भक्त लोगों से अनुरोध कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्री खाटूश्याम बाबा जागरण में पधारने के लिए कहा है।

**एनएच-11बी पर सड़क हादसा, मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रही श्रद्धालुओं की बस पलटी**

## एक श्रद्धालु की मौत, 20 घायल, 6 श्रद्धालुओं के नाजुक हालत



### चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ हादसा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी सदर थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित बिजौली गांव के पास बुधवार तड़के मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस चालक को नींद की झपकी आने की वजह से बेकाबू होकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक श्रद्धालु की मौके पर मौत हो गई है। और 20 श्रद्धालु घायल हुए हैं। जिन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जिनमें से 6 घायलों की नाजुक स्थिति होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। तथा परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के निवासी बस में सवार होकर मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने जा रहे थे। बुधवार तड़के करौली-धौलपुर एनएच 11बीं स्थित बिजौली गांव के नजदीक बस चालक को नींद की झपकी आ गई और बेकाबू होकर बस हाईवे किनारे पलट गई। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे को देख स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने पुलिस को सूचित कर निजी स्तर पर घायलों को बस के अंदर से निकालने का रेस्क्यू शुरू किया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सभी घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक घायल को स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय सिंह ने बताया कि घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। और 6 घायलों की नाजुक हालत होने पर प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बाड़ी सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव को मुर्दाघर में रखवाया। और परिजनों को सूचना दी। बाड़ी सदर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मृतक का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। दुर्घटना के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

**दुर्घटना में यह हुए घायल :** दुर्घटना में बस सवार वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र, राकेश कुमार, केस कुमारी,संगीता देवी, शिवप्रताप सिंह, मुकेश, गोविंद, सीपू, शोभा सिंह, संतोष, सोनदेवी, कीर्ति देवी, सुमित्रा देवी, सुनैना, सरला देवी, हेमलता,बलवीर सिंह,अमित कुमार और कार्तिक घायल हुए हैं। सभी घायल उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के रहने वाले हैं।

## भार वाहनों के वाहन कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

**झुंझुनूं।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ ने जानकारी दी है कि भार वाहनों (वाणिज्यिक वाहनों) का वाहन कर वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 15 मार्च 2025 तक आवश्यक रूप से राजकोष में जमा कराया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक कर जमा नहीं करने वाले वाहन स्वामियों पर नियमानुसार शास्ति (जुर्माना) लगाई जाएगी और उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि समय सीमा समाप्त होने से पहले ही कर जमा कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। वाहन स्वामी अपने कर का भुगतान ऑनलाइन या संबंधित परिवहन कार्यालय में जाकर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या झुंझुनूं परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### गांवों में लौट रही है पुरानी परंपराएं, सोती गांव में चंग की थाप पर गाएं धमाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** त्योहार पर्वों को लेकर जहां एक ओर ग्रामीण इलाकों में संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी भी इसे जीवित रखने के प्रयास कर रही है। झुंझुनूं के गांव सोती में इसी का एक जीता-जागता उदाहरण है। जहां इन दिनों वर्षों पुरानी होली की परंपरा एक बार फिर से देखने को मिल रही है। गांव के बीचोंबीच स्थित ग्रामदेवता स्वामी जी महाराज मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने मंगलवार रात को फागोत्सव मनाया। इस दौरान ना केवल बढ़े बुजुर्गों ने बल्कि बड़ी संख्या में एकत्रित होकर युवाओं ने भी मिटती ग्रामीण संस्कृति को जीवित रखने का सुंदर सन्देश दिया। गांव के बड़े बुजुर्गों ने चंग की थाप पर धमाल बोलकर फागण में रस भरा तो वहीं युवाओं ने धमालों पर नृत्य कर रंगमंच प्रदान किया। सफेद कुर्ते पायजामे पहने सिर पर पगड़ी बांधे ग्रामीणों की चंग की थाप ने उत्सव का रूप ले लिया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे। ढप बजा रहे ग्रामीण बुद्धराम ने बताया कि वर्षों पहले गांव में ऐसे ही धमाल और ढप बजाया करते थे। लेकिन धीरे-धीरे यह परंपरा विलुप्त होने लगी है। उन्होंने बताया कि होली त्योहार बिना ढप और धमाल के सूना लगता है। इसलिए, ऐसे कार्यक्रम जरूरी है। क्योंकि यह ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इससे युवा पीढ़ी को भी संदेश मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर फागोत्सव का आनंद लिया। इस दौरान बाबूलाल भगत, विजय महला, मोहनलाल, सुनील पूनियां, लीलाधर, रोहिताश्व गुर्जर, बहादुर सिंह, हरकेश, मनोज गोदारा, सुदेश, मुनेश, कुलदीप, गोविंद, सिकंदर, धूड़ाराम, हरकेश, वीरेंद्र, सुनील, अंकित, रणजीत गुर्जर एवं विकेंद्र गुर्जर इत्यादि मौजूद रहे।

### प्राकृतिक रंग से होली खेलें : दूकिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए होली उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने होली की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यह ऐसा त्यौहार है। जो सामाजिक सरोकारिता को बढ़ाने के साथ-साथ आपसी गिले शिकवे को दूर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रासायनिक पदार्थों से बने रंग का इस्तेमाल न करने एवं प्राकृतिक रंग से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या निधि सिहाग ने विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को होली की शुभकामनाएं दी।

## पृष्ठ 1 का शेष....अगले साल 26 हजार पदों पर....

**मुख्यमंत्री का धारीवाल पर तंज, कहा-आपकी महिलाओं के प्रति भावनाओं से सब परिचित**-मुख्यमंत्री ने धारीवाल पर तंज करते हुए कहा कि कोटा उत्तर से आने वाले सदस्य को अब महिलाओं की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। इनके लिए तो यही कहूंगा कि देर आए, दुरुस्त आए। आपकी महिलाओं के प्रति भावनाओं से सब परिचित हैं। उल्लेखनीय है कि शांति धारीवाल ने रेप के मामले बढ़ने पर कांग्रेस राज के दौरान विधानसभा में मजाकिया अंदाज में कहा था कि राजस्थान मर्दों का प्रदेश है। धारीवाल के इस बयान पर विधानसभा चुनाव में भी खूब सियासत हुई थी। किसने नकारा निकम्मा कहा, किसके राज में मिनी सीएम घूम-घूम कर भ्रष्टाचार फैलाते थे मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता सब जानती है कि पेपर लीक किसके राज में हुए? बजरी की गलत लीज किसने दी? कौन सबसे ज्यादा खाया। किसने कहां खूब खाया। किसको निकम्मा-नकारा क्या-क्या शब्द बोले गए? किसके राज में मिनी सीएम घूम-घूमकर भ्रष्टाचार फैलाते थे।

**मैंने घर बुलाया, लेकिन विपक्ष नहीं आया: सीएम**-मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएमआर में गृह प्रवेश के वक्त भी कांग्रेस विधायकों को बुलाया था, मैंने आपको घर पर बुलाया था, कांस्टिट्यूशन क्लब में विपक्ष के नेता और विधायकों को नहीं देखकर दुख हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांस्टिट्यूशन क्लब के उद्घाटन में नेता प्रतिपक्ष ने पहले तो आने की बात कही थी, बाद में कहा कि नहीं। बाद में कह रहे हैं कि कुंभ हमें नहीं ले गए। अरे भाई, आपको आदत ही ऐसी है। मैंने मुख्यमंत्री निवास पर गृह प्रवेश किया तो कांग्रेस के सभी साथियों को बुलाया था। रफीक खान और कई विधायक आए थे। मुख्यमंत्री ने जूली से कहा कि मैंने आपको गृह प्रवेश पर घर इसलिए फोन करके बुलाया था कि हम 8 करोड़ जनता के लिए काम करते हैं। यह विपक्ष की बात नहीं होती है, मैंने यह कहा था कि विपक्ष के हमारे साथी विधायकों की कोई बात है तो मैं बजट में शामिल कर लेता हूं। कांस्टिट्यूशन क्लब वाले दिन मुझे इसलिए दुख हुआ क्योंकि वहां पर विपक्ष के नेताओं और विधायकों का आना बहुत जरूरी था और यह अच्छा होता।

**30 मार्च तक राइजिंग राजस्थान के 3 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर आ जाएंगे**-मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस राज के दौरान जाते-जाते इन्वेस्टमेंट समिट किया गया, उसमें 12.50 लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए गए, जिनमें से केवल 30 हजार करोड़ ही धरातल पर आए। हमारी सरकार ने 35 लाख करोड़ के एमओयू किए, इनमें से 2 लाख 24 हजार करोड़ के एमओ धरातल पर आ चुके हैं। 30 मार्च को राइजिंग राजस्थान की तिमाही पूरी हो जाएगी, इसमें तब तक 3 लाख करोड़ रुपए के एमओ धरातल पर आ जाएंगे।

**राइजिंग राजस्थान पर सवाल उठाने वाले बताएं उन्होंने जाते-जाते इन्वेस्ट समिट क्यों की थी**-मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राइजिंग राजस्थान निवेश आकर्षित करने के लिए किया। विपक्षी साथी इस पर सवाल उठाते हैं। जब राइजिंग राजस्थान से कुछ होना ही नहीं है तो फिर आपने अपने समय में जाते-जाते इन्वेस्टमेंट समिट क्यों की थी? हमने निवेश को विकास में भागीदार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। राइजिंग राजस्थान में 32 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था।

### नेता प्रतिपक्ष बोले...

**3. इन्वेस्टर समित में सोनू निगम को बुलाया, आईफा में नहीं बुलाया**

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सोनू निगम को भी बुलाना चाहिए था। एक महीने में ऐसा क्या हो गया? इन्वेस्टर समिट में उसे बुलाया, आईफा में नहीं बुलाया। यदि किसी ने कोई सुझाव दिया या नहीं बनी तो उसे रोक दिया गया। ऐसा नहीं करना चाहिए था। गौरतलब है कि सोनू निगम ने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर आईफा को लेकर सवाल उठाए थे।

**4. आपकी सरकार में हर राजस्थानी पर 1 लाख रुपए का कर्ज हो चुका**

जूली ने कहा कि महिला वित्त मंत्री होते हुए भी हमारी सरकार की स्मार्टफोन योजना को आपने बंद कर दिया। महिलाओं को स्मार्टफोन दिए जाने थे। एक रिसर्च रिपोर्ट है कि इंटरनेट यूजर बढ़ने पर जीडीपी बढ़ती है। आपकी सरकार के वक्त हर राजस्थानी पर एक लाख रुपए का कर्ज हो चुका है।

**5. सीएम हाउस के दरवाजे गरीबों के लिए बंद, केवल खास लोगों के लिए खुले हैं**

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा- मुख्यमंत्री जी इन मीठे बोलने वालों से सावधान रहिए। आपने मुख्यमंत्री निवास के दरवाजे तो गरीबों के लिए बंद ही कर दिए। आम जनता के लिए मुख्यमंत्री निवास के दरवाजे बंद है और खास लोगों के लिए खुले हैं।

# जेडीए ने अवैध, अस्थाई अतिक्रमण हटाए




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन.13 ग्राम बस्सी में नागोलाई तालाब के पास जेडीए पार्क की सरकारी भूमि भूमि को कब्जा.अतिक्रमण मुक्तएजोन.14 निजी खातेदारी करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्तिकरणए जोन.07 निवारू रोड़ पर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ अवैध रूप से बने श्रीराम मैरिज गार्डन की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही निवारू रोड़ पर ही व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बनी 02 अवैध दुकानों की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग एवं जोन.09 जगतपुरा में रोहिन रिंगल बिल्डिंग के ऊपर किये गये अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई।

कैलाश चन्द्र बिश्नोई, महानिरीक्षक पुलिसए जविप्रा, जयपुर ने बताया कि जोन.13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी में नागोलाई तालाब के पास खसरा नं 1629ए 1630ए 1631 जेडीए पार्क की सरकारी भूमि पर कब्जा.अतिक्रमण कर टीनशेडनुमा कमरा बाउण्ड्रीवाल बनाकरए झुग्गी.झोपडीए कांटों की बाड़ए झाडियां इत्यादि लगाकर किये गये कब्जे.अतिक्रमण को आज जोन.13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर पार्क की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन.14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वाटिका से भाटेडा रोड़ए जिला जयपुर में करीब 6 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति/अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर गोविन्द रेजीडेंन्सी के नाम से कर बनाई गई मिट्टी, ग्रेवेल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन.14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

जोन.07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित निवारू रोड़ पर व्यवसायिक प्रयोजनार्थ श्रीराम मैरिज गार्डन का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 का नोटिस जारी कर 12.मार्च 2025 को उक्त अवैध मैरिज गार्डन के प्रवेश द्वारों इत्यादि को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से गेट पर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन.7 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित निवारू रोड़ पर ही व्यवसायिक प्रयोजनार्थ 2 दुकानों का अवैध निर्माण किये जाने पर निर्माणकर्ता को धारा 32ए 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा 34 क का नोटिस जारी कर 12 मार्च को इंजीनियरिंग शाखा की मदद से उक्त अवैध 2 दुकानों के शटर पर ताला सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन.09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जगतपुरा में रोहिन रिंगल बिल्डिंग के ऊपर बांस की टाटियां लगाकरए झोपडीनुमा अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन.9 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन.द्वितीय, तृतीय चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन.13, 14, 07, 9 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्तेए लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# चिराना में निशुल्क मेडिकल शिविर में 1000 रोगी लाभान्वित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिरोड़।** चिराना कस्बे की मांगीलाल धर्मशाला में मेगा फ्री मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि स्व. नत्थूसिंह शेखावत की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगे चिकित्सा शिविर में 1000 रोगी लाभान्वित हुए। अश्विनी आचार्य महाराज लोहार्गल, योगीदास महाराज गोल्याना, हेमंतदास महाराज बाय के सानिध्य में आयोजित शिविर में पूर्व चिकित्सा डॉ. राजकुमार शर्मा, सरपंच राजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच भूदरमल सैनी, पूर्व सीएमएचओ डॉ. मुरलीधर सेठी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनोद पारीक, डॉ. अरुण शर्मा, भवानी सिंह राठौड़ आदि बतौर अतिथि मौजूद रहे। पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविरों से अंतिम छोर पर गांव-ढाणी में रहने वालों को घर के पास स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलता है। फ्री मेडिकल शिविर में फीजियोथैरेपिस्ट डॉ. लेखराज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बबिता चौधरी और नेत्र रोग विशेषज्ञ की टीम ने सेवाएं दीं। 568 लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए और 184 लोगों का आंखों के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। वहीं 260 रोगी फिजियोथैरेपी व स्त्री रोग की सेवाओं से भी लाभान्वित हुए। योगेंद्र सिंह शेखावत व विक्रम सिंह शेखावत ने अतिथियों का आभार जताया। संतोष कंवर ने भृगु गौशाला गोल्याना में बायोकैमिस्ट्री मशीन लगवाने की घोषणा की। संचालन तेजपाल स्वामी ने किया। शिविर की व्यवस्थाओं में पितृ सेवा समिति के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। उप सरपंच मोहम्मद इकबाल शेख, लादूसिंह शेखावत, भैरोसिंह शेखावत, श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. राजेंद्र कुमावत, डॉ. प्रताप राम कुमावत, डॉ. अनिल कुमावत, राजकिशोर सैनी, गौरीशंकर, राजवीरसिंह, संजय पाराशर, अरविंद सैनी, मनस्वी शर्मा, कृष्ण चौहान आदि सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल रीजन-2 एवं जोन सीकर-झुंझुनूं कॉन्फ्रेंस संपन्न

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल रीजन-2 एवं जोन सीकर-झुंझुनूं कॉन्फ्रेंस व होली स्नेह मिलन श्री श्याम मंदिर परिसर नूआं में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। मीटिंग में रीजन एवं जोन के काफी संख्या में पदाधिकारी वीर वीराएं उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर श्यामसुंदर जालान ने बताया कि संस्था के शानदार 50 वर्ष पूर्ण होने पर 'गोल्डन जुबली' एक विशेष पर्व की तरह मनाया जाएगा। वीर एवं वीराओं से विशेष आग्रह किया गया है। जयपुर में आगामी होने वाले पांच और छह जुलाई के विशेष कार्यक्रम पर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का प्रयास करें। अपने अपने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करें। केंद्र द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा कर केंद्रों को सम्मानित किया गया एवं अधिक से अधिक और सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़ ने केंद्रों को और अधिक सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे चौपाल कार्यक्रम के बारे में बताया और अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। संस्था के रीजन डायरेक्टर एवं केंद्रों के पदाधिकारी ने अपनी अपनी बातें रखी। बहुत ही शानदार होली स्नेह मिलन ढप और धमाल की थाप पर बाबा श्याम को रिझाकर फागुन की मस्ती का लुफ्त उठाया। स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेकेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन डायरेक्टर डॉ. एसएन शुक्ला, एमआईएफ डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत आदि मौजूद रहे।

# नीट (यूजी) पेपर लीक रोकने व निगरानी हेतु स्वतंत्र स्वायत्त एजेन्सी गठित किया जाना आवश्यक : सांसद नीरज डांगी

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** सांसद नीरज डांगी ने आज राज्यसभा सदन में प्रश्न काल के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) द्वारा देषभर में अब तक आयोजित नीट (यूजी) परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारणों, परीक्षा में अनियमितताओं और गड़बड़ियों पर केन्द्र सरकार को दोषी ठहराते हुए सख्त व सुधारात्मक कदम के तहत निगरानी हेतु स्वतंत्र स्वायत्त एजेन्सी गठित किये जाने की मांग की। सांसद नीरज डाँगी ने सदन में प्रष्नकाल के दौरान केन्द्रीय षिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेन्सी (एनटीए) जो मेडिकल प्रवेष परीक्षा छम्म्ज् और इंजीनियरिंग प्रवेष परीक्षा श्रम्म् डंपद आयोजित करने का कार्य करता है, इन दोनों परीक्षाओं के आयोजन में एनटीए पूरी तरह से अलग पैटर्न का इस्तेमाल करता है, परन्तु इनके प्रष्न पत्रों में बार-बार होने वाली गलतियां छात्रों के मनोबल को प्रभावित करती है और एनटीए पिछले कुछ वर्षों से इसे सुधारने के लिये कुछ नहीं कर रहा है। देष के लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसके लिये एनटीए के साथ-साथ केन्द्र सरकार जिम्मेदार है।

सांसद डांगी ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी (एनटीए) मात्र अधिकतर संविदा कर्मचारियों पर निर्भर है, जिससे गड़बड़ियां, अनियमितताएं एवं पेपर लीक जैसी घटनाएं हो रही है। एनटीए में स्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाकर उनके द्वारा देषभर में आयोजित ऐसी महत्वपूर्ण छम्म्ज्.न्ळ जैसी परीक्षाओं का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि गड़बड़ियों एवं अनियमितताओं की संभावना न रहे। उन्होंने कहा कि छम्म्ज् परीक्षा में देषभर के लगभग 20 लाख प्रतिस्पर्धी परीक्षा देते हैं जिसके परिणाम बार-बार क्यों संषोधित किए गए? और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बोनस अंकों का प्रावधान कैसे हो सकता है? यह संगठन के भीतर एक बड़े घोटाले के स्पष्ट संकेत देता है। परन्तु भविष्य में ऐसी समस्याओं और अनियमितताओं को दोबारा न होने से रोकने के लिये एनटीए अथवा केन्द्र सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाये गये हैं। उन्होंने मांग की कि यदि सरकार छम्म्ज्.न्ळ परीक्षा के लीक होने के कारण पुनः परीक्षा आयोजित करती है तो प्रभावित छात्रों के यात्रा, आवास और भोजन का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाना चाहिए। डाँगी ने मांग की कि परीक्षा के पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिये एक स्वतंत्र स्वायत्त एजेन्सी गठित की जानी चाहिए जो परीक्षा संचालन की निगरानी कर सकें और गड़बड़ियों पर त्वरित कार्यवाही कर सकें।

## एसीआई की मानसी का इंस्पायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन

**झुंझुनूं।** स्थानीय जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उमावि झुंझुनूं की छात्रा मानसी शर्मा पुत्री विजय कुमार शर्मा का भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित इन्सपायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन हुआ है। इस अवसर पर संस्था ने छात्रा का तिलक, माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। यह अवार्ड स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिया जाता है। संस्था निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि मानसी शर्मा कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा है। जिसके द्वारा प्रेषित आइडिया द आटो रिफिल पेट फिडर का भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इन्सपायर अवार्ड 2024-25 के लिए चयन हुआ है। संस्था निदेशक मनोज शर्मा ने छात्रा की वैज्ञानिक सोच एवं विज्ञान के प्रति रूझान की सराहना करते हुए छात्रा को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिव्या रोहिला, धर्मेंद्र नागर, दिनेश शर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्रसिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, राकेश चौधरी, पूनम जांगिड़, सरिता कुमारी, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा, सुमन चौहान, बैशाली, ऐश्वर्य स्वामी, पूनम शर्मा, नरेश कुमार, हेमंत जांगिड़, शिवकुमार पालीवाल, रमेश मील, बिलाल अली उपस्थित थे।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने की कार्रवाई की गई

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** खाद्य एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त जयपुर के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत होली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम हेतु शहर के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेकर जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में मिल्क फूड ब्राण्ड घी के नमूने जांच में अवमानक पाये जाने पर केडलगंज स्थित फर्म मैसर्स कपिल कुमार सचिन कुमार घी मिल्क फूड की एजेन्सी से पैकिंग के एक-एक नमूने लेकर शेष बचे 117 लीटर घी मिल्क फूड ब्राण्ड को 900 मिली. वजनी के 104 पैकेट एवं 450 मिली. के 46 पैकेट को जब्त किया गया। इसी प्रकार नयाबास चौराहा स्थित मैसर्स नरेश मिष्ठान भण्डार से पनीर का सैम्पल, टाउन हाल के सामने स्थित मैसर्स पंकज सेल्स कार्पोरेशन व कालाकुआं हाउसिंग बोर्ड स्थित मुकेश स्वीटस से एक-एक घी का नमूना, मनुमार्ग स्थित मैसर्स सागर स्वीट्स से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लिए गए नमूने जांच रिपोर्ट में अवमानक पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एडीएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा जांच में खाद्य पदार्थ असुरक्षित पाये जाने पर उनके विरूद्ध सीजेएम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें सजा एंव जुर्माने का प्रावधान है। इस दौरान टीम द्वारा अलवर शहर के मिठाई विक्रेताओं के कढ़ाई के तेल की टीपीसी मीटर से जांच की गई जो जांच में सही पाया गया। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा सभी खाद्य व्यापारियों को प्रतिष्ठान पर साफ-सफाई से कार्य करने, खाद्य पदार्थों को ढक्कर रखकर बिक्री करने एवं खाद्य लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिये।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 272 रोगी लाभान्वित, 76 का ऑपरेशन के लिए चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**नवलगढ़।** शारदा क्रोपकेम लिमिटेड मुंबई के आर्थिक सौजन्य से सामाजिक विकास हेरिटेज एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाउंडेशन द्वारा जिला अंधता निवारण समिति झुंझुनूं के आर्थिक सहयोग, डॉ. विमलेश आई केयर मेडिको सोसायटी तथा अलॉयंस क्लब नवलगढ़ लार्ड कृष्णा द्वारा आयोजित 215वां निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर छावसरिया धर्मशाला में आयोजित किया गया। शिविर में 272 रोगी लाभान्वित हुए। जबकि 76 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनका ऑपरेशन जांगिड़ अस्पताल में डॉ. अविनाश पुरोहित की टीम द्वारा किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पोदार कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर पीके सिंह राठौड़ (पवनदास जी महाराज) ने लाभार्थियों की संख्या देखकर प्रसन्नता जताई तथा बताया कि डॉ. दयाशंकर जांगिड़ व उनकी टीम साधुवाद की पात्र है। यह कार्य अद्वितीय अकल्पनीय अनुकरणीय है। अलॉयंस क्लब द्वारा नेत्र चिकित्सा के शिविर वरदान सिद्ध हो रहे है। बुजुर्गों को दुबारा नेत्र ज्योति देने का धरती के भगवान चिकित्सकों का पुण्य कार्य है। इस कार्य के लिए आप साधुवाद के पात्र है। शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि शिविर में पिछले शिविर के 63 लोगों को जांच कर सफेद चश्में दिए। सभी को रोशनी प्राप्त हो गई है। शिविर में रोगियों को खाना, नास्ता, दवा, चश्में निशुल्क प्रदान किए जाते है। शिविर में पूरी शेखावाटी, जयपुर, नागौर, डीडवाना, चूरू, हरियाणा, नीमकाथाना, दिल्ली तक के रोगी लाभ उठाने आते है। ईश्वर की कृपा से शत प्रतिशत लोगों को रोशनी प्राप्त होती है। कुछ लोगों को ब्लड प्रेशर व मधुमेह की बीमारी होती है। उनको ठीक होने के बाद भी ऑपरेशन किया जाता है। लोगों को चाहिए कि हर माह की 24 तारीख को जांगिड़ अस्पताल में लगने वाले मधुमेह शिविर में अपनी जांच करवाकर ऑपरेशन के चयन लायक बने। शिविर में पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष व शिविर संयोजक डॉ. दयाशंकर जांगिड़, डॉ. शंकरलाल सैनी, क्लब अध्यक्ष सुहित पाडिया, मेजर डीपी शर्मा, रामावतार सबलानिया, मुरलीमनोहर चोबदार, जनार्दन घोड़ेला, योगेश सोनी, पंकज शाह, केके डीडवानिया, मनोज रूनला, सज्जन जोशी, डॉ. मिनाक्षी जांगिड़, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. शिखरचंद जैन, महेंद्र कुमार सैनी, छगनलाल सैन, ओमप्रकाश सोनी, रमाकांत सोनी, गंगाधर मील, भारत स्काउट गाइड के विष्णु सैनी सहित जांगिड़ अस्पताल के स्टाफ ने सहयोग दिया।

# डिजिटल अवेयरनेस शिविर का आयोजन



**गुढ़ागौड़जी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशों के तहत मणीदेवी मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुढ़ागौड़जी में डिजिटल अवेयरनेस शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्थानीय स्तर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया टोडी शाखा की तरफ से एक शिविर का आयोजन किया गया एवं बैंक शाखा से शाखा प्रबंधक विजयसिंह मीणा ने विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों को डिजिटल पेमेंट एवं डिजिटल अवेयरनेस के संबंध में बताया एवं शिविर में विद्यालय स्टाफ तथा बच्चों ने खूब रुचि से भाग लिया एवं आपसी प्रश्न पूछ कर भी शिविर को सफल बनाया गया। इसके अलावा विद्यालय प्रशासन एवं विद्यालय स्टाफ ने बैंक द्वारा स्कूल में किए गए अन्य विकास कार्यों के लिए भी बैंक का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया।

## सुविचार

लगातार प्रयत्न करने वाले लोगों की गोद में सफलता 'स्वयं आकर बैठ जाती है।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### पाकिस्तान का नया झूठ

पाकिस्तान झूठ बोलने में माहिर है। वो बिना किसी सबूत के बेशर्मी के साथ खुल के झूठ बोल सकता है। उसने फिर एक बार अपनी बेशर्मी का परिचय दिया है। मंगलवार को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोही गुट बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जाफर एक्सप्रेस को हाइजैक कर लिया है। ट्रेन में 400 से अधिक यात्री सवार थे जिनमें बहुत से सैन्यकर्मी भी थे। इस बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए हैं। विद्रोहियों के हाथों ट्रेन हाइजैक हो जाने की अपनी नाकामी छिपाने के लिए उन्होंने बिना किसी सबूत के कहा है कि बलूच विद्रोहियों को भारत का समर्थन मिल रहा है। पाकिस्तान के डान टीवी के एंकर ने सनाउल्लाह से सवाल किया कि क्या अफगानिस्तान में रह रहे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से बीएलए को मदद मिल रही है और क्या इनके आपस में संबंध हैं। जवाब में सनाउल्लाह ने कहा, 'ये भारत कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं है। भारत मदद कर रहा है और अफगानिस्तान में उन्हें सुरक्षित पनाह मिली हुई है। वहीं बैठकर वो हर किस्म की प्लानिंग करते हैं। ये पाकिस्तान के दुश्मन लोग हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है। ये कोई राजनीतिक मसला नहीं है और बलोच विद्रोहियों का कोई राजनीतिक एजेंडा भी नहीं है। इनका मकसद सिर्फ लोगों की हत्या करना, उनसे लूटमार करना है।' बलूचिस्तान में सैन्य बलों की ज्यादती को लेकर जब सनाउल्लाह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'बलूचिस्तान में इस तरह की कार्रवाई अरसा पहले से होती रही हैं। बात सिर्फ ये है कि अब अफगानिस्तान में उन्हें पनाहगाह मिल गई है। उन्हें हर तरह से वित्तीय मदद भी मिल रही है। उन्हें ये सुविधा भी दी गई है कि वो जाएं, सीमा पार करें और अपनी कार्रवाई करके वापस आ जाएं।' सनाउल्लाह ने आगे कहा, 'अफगानिस्तान में तालिबान के आने से पहले उन्हें ये सुविधा नहीं थी लेकिन अब उन्हें हर तरह की सुविधा मिल रही है। पाकिस्तान में जो हालात बने हैं, उसकी वजह अफगानिस्तान में ऐसी सरकार का होना है जो इन्हें हमले की प्लानिंग के लिए जगह और पैसे दे रही है।' पाकिस्तान की सेना बंधकों को छुड़ाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है लेकिन इसमें काफी दिक्कतें आ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीएलए ने बंधकों के बीच अपने सुसाइड बॉम्बर्स को बिठा दिया है। बॉम्बर्स ने सुसाइड जैकेट पहन रखे हैं जिससे सुरक्षाबलों के लिए बंधकों को छुड़ाना और मुश्किल हो गया है। वो अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। इस बीच बलोच आर्मी ने ट्रेन हाइजैक का एक वीडियो जारी किया है जिसमें देखा जा सकता है कि ट्रेन सामान्य गति से जा रही है और तभी धमाका होता है और ट्रेन रुक जाती है। ट्रेन के रुकने की जगह के आसपास पहाड़ियों में बीएलए के लड़ाके भी दिखाई दे रहे हैं।

## पाकिस्तान में ट्रेन हाइजैक

# जो बोएगा, वही पाएगा



वीना गौतम

पाकिस्तान में क्वेटा से चलकर पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस 11 मार्च 2025 को सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई थी। इसके सिबि पहुंचने का समय दोपहर 1.30 बजे का था। लेकिन सिबि पहुंचने इसके पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी [बीएलए] के आतंकियों ने इसको हाईजैक कर लिया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक करीब 26 घंटे से ज्यादा समय बीत चुका था। लेकिन पाक सेना बलूच विद्रोहियों के कब्जे से ट्रेन को अब तक छुड़ा नहीं पाई थी। जबकि अब तक पाकिस्तान से आने वाली खबरों के मुताबिक़ 30 सैनिक, 16 आतंकी और तीन अन्य लोग मारे जा चुके थे, खबरों के मुताबिक़ जिसमें ट्रेन का ड्राइवर भी शामिल था। जिस जगह घात लगाकर आतंकियों ने ट्रेन को हाइजैक किया है वह जगह तीन तरफ पहाड़ और एक तरफ सुरंग से घिरी है।

इमेज

ऐसे में आतंकियों ने पाक सेना की तमाम कोशिशों को उन तक पहुंचने से नाकाम कर दिया है। ऐसे में पाकिस्तानी सेना का यह दावा भी सवालों से घिर गया है कि उसने 16 आतंकियों को मार गिराया है। ट्रेन से इन पंक्तियों के लिखे जाने तक जो 104 बंधक रिहा होकर आए थे, उनके मुताबिक़ उन्हें आतंकियों ने ही दया पर छोड़ा है जबकि पाकिस्तानी सुरक्षा बल उससे एक किलोमीटर की दूरी पर ही डेरा डाले हुए हैं। हालांकि इन रिहा हुए बंधकों के मुताबिक़ यह भी सच है कि हाइजैक इलाके में पाकिस्तान सेना के जेट विमान, गन फ्लाइट हेलीकॉप्टर और अनेक ड्रोन मौजूद हैं, लेकिन जाफर एक्सप्रेस पर विद्रोहियों का ही कब्जा है। रिहा हुए बंधकों के मुताबिक़ 12 मार्च 2025 की सुबह 7 बजे तक एक भी पाक सैनिक ट्रेन में नहीं था। हालांकि जल्द ही कोई न कोई वह पल आएगा, जब ट्रेन मुक्त होगी, पाक सेना ट्रेन पर कब्जा करेगी, लेकिन वह पल कितनी खूनी कीमत लेगा यह वक्त ही बताएगा। बीएलए ने बंधक बनाए गए पैसेंजर्स को युद्धबंदी कहा है और इनके बदले पाकिस्तान की जेलों में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादी नेताओं की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। इसके लिए बीएलए ने मंगलवार रात 10 बजे पाकिस्तान सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। बीएलए का कहना है कि यह फैसला बदलेगा नहीं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक रिहा किए गए 58 पुरुष, 31 महिलाओं और 15 बच्चों ने भी आतंकियों के इरादों को पक्का और खूंखार बताया है। पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि हम ऐसे जानवरों से कोई समझौता नहीं करेंगे, जिन्होंने बेकसूर यात्रियों पर गोलीबारी की। लेकिन आज ऐसी सैद्धांतिक जुबान बोलने वाले पाकिस्तानी मंत्री और पाक सरकार को तब ये जुमले और सिद्धांत याद क्यों नहीं आते जब वह पूरी दुनिया, खासकर पड़ोसी देश भारत में आतंक का निर्यात करते हैं।

हालांकि कुदरत का पुराना नियम है,'बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय।'अपने



अस्तित्व में आने के बाद से ही आतंक का निर्यात कर रहे पाकिस्तान को यह बात आज तक समझ में नहीं आई कि खुद उसे आग से खेलने के इस आतंकी खेल की कितनी कीमत चुकानी पड़ी है? दशकों से आतंकवाद को एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहे पाकिस्तान ने इस खूनी खेल में आज तक जितना गंवाया है, उतना शायद ही किसी दूसरे देश ने खोया हो। पाकिस्तान ने इस खूनी आतंक की अब तक आर्थिक, सामाजिक और अपनी अंतर्राष्ट्रीय साख के मिट्टी में मिलने की हद तक जितनी कीमत चुकाई है उतनी कीमत, उसके पड़ोसी अफगानिस्तान तक ने भी नहीं चुकाई। आतंकवाद और अस्थिरता के कारण आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था कितनी बुरी तरह से टूट चुकी है कि पाकिस्तान को दुनिया के तमाम देश किसी भी कीमत पर कर्ज देने तक को राजी नहीं हैं, यहां तक कि मुस्लिम देश भी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के अनुसार साल 2001 से 2023 तक पाकिस्तान ने 150-170 बिलियन डालर का आर्थिक नुकसान झेला है जबकि वह टर्की से लेकर सऊदी अरब तक से पांच अरब डालर की मदद के लिए चिरौरी विनती करते घूमता है। इसी खूनी आतंक का कारोबार करने के कारण पाकिस्तान की तरफ विदेशी निवेशक आंख उठाकर नहीं देखते, चीन जैसे जो देश देखते हैं वे कारोबार की नजर से नहीं देखते बल्कि कब्जा जमाने और पाकिस्तान को अपना गुलाम बनाने के उद्देश्य से कर्जा देते हैं, वरना आम विदेशी निवेशक तो पाकिस्तान के बारे में अब सोचता भी नहीं है। आखिर कौन ऐसा आंख का अंधा और गांठ का पूरा विदेशी निवेशक होगा जो अस्थिरता और आए दिन होने वाले आतंकी हमलों के बावजूद पाकिस्तान में निवेश या व्यापार करने के बारे में भी सोचेगा। लालची से लालची बहुराष्ट्रीय कंपनियां पाकिस्तान में व्यापार करने से बचती हैं। वैश्विक संगठन 'फाइनेंसियल एक्शन टास्क फ़ोर्स' द्वारा ग्रे लिस्ट में डाले जाने के कारण पाकिस्तान में विदेशी निवेश और फंडिंग बिलकुल शून्य पर है। सिर्फ विदेशी निवेश की ही बात क्यों करें पाकिस्तान अपनी आतंकप्रिय नीति के कारण भारी सैन्य सुरक्षा कीमत भी चुका रहा है। अपने जन्म के बाद से अब तक पाकिस्तान के अपने लाखों नागरिक और हजारों सुरक्षा बल आतंकवादी संगठनों के हमलों की बल चढ़ा दी है। सिर्फ साल 2007 से ही अब तक 80,000 से अधिक लोग (सुरक्षाकर्मी और आम नागरिक) इन खूंखार आतंकी वारदातों में मारे गए हैं। टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) और अन्य आतंकी गुटों ने पाकिस्तानी सेना और पुलिस को निशाना बनाया है। सिर्फ आर्थिक और इंसानी जानों की कीमत ही पाकिस्तान ने अपनी आतंकप्रिय नीतियों के कारण नहीं चुकाई बल्कि इसी के कारण पाकिस्तानी समाज में कट्टरवाद को इस हद बढ़ावा मिला है, जिससे आज पाक समाज में ज़रा भी सहिष्णुता नहीं बची। पूरे देश में हजारों लोग विस्थापित हैं, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान जैसे इलाकों में। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं इस कदर प्रभावित हुई हैं, खासकर स्वात और वजीरिस्तान में, कि यहां लोग स्कूलों में जाने तक की नहीं सोच सकते। आतंकियों ने अस्पतालों को भी नष्ट कर दिया है। जहां दुनिया में पाकिस्तान की किसी तरह की इज्जत की बात है तो पूरी दुनिया में आज पाकिस्तान को एक आतंक समर्थक देश के रूप में जाना जाता है, जिस कारण यह वैश्विक मंच पर बुरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। भारत ने ही नहीं पाकिस्तान के तथाकथित संरक्षक अमेरिका तक ने भी उसे कई बार आतंकवाद को बढ़ाने पर चेतावनी दी है। आतंकवाद के लिए सॉफ्ट कार्नर रखने के कारण पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति भी बुरी तरह से अस्थिर हो गई है। आतंकियों ने पाकिस्तानी राजनेताओं को ही इसका शिकार बनाया है।

## पंचांग

गुरुवार, 13 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - फाल्गुन |
| • पक्ष | - शुक्ल |
| • तिथि | - चतुर्दशी 10.37 तक |
| • वार | - गुरुवार |
| • नक्षत्र | - पूर्वा फाल्गुनी 30.20 तक |
| • योग | - धृति 13.03 तक |
| • करण | - विष्टि 23.28 तक |
| • सूर्योदय | - 06.50 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.46 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 06.52 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.48 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - सिंह |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.24 से 13.12 |
| • राहु काल | - 14.18 से 15.47 |

• व्रत, त्यौहार- व्रत की पूनम, हुताशनी पूर्णिमा, होलिका दहन रात्रि 23.28 प्रारंभ, भद्रा 10.37 से 23.28,

• दिशा शूल - दक्षिण

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### शुभ और अशुभ दोनों प्रभाव डालते राहु-केतु

ज्योतिष शास्त्र में राहु और केतु को छाया ग्रह माना जाता है, जिनका व्यक्ति के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ये ग्रह हमेशा वक्री गति से चलते हैं और लगभग 18 महीनों में एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं। कुंडली में इनकी स्थिति, अन्य ग्रहों के साथ युति और दृष्टि के आधार पर, शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के फल देती है। कुंडली में राहु की शुभ स्थिति व्यक्ति को साहसी और महत्वाकांक्षी बनाती है, जबकि अशुभ स्थिति मानसिक तनाव और आर्थिक समस्याएं ला सकती है। केतु की शुभ स्थिति आध्यात्मिक उन्नति देती है, जबकि अशुभ स्थिति व्यक्ति को चिड़चिड़ा और निराशावादी बना सकती है। राहु को भ्रम, छल, अचानक होने वाली घटनाओं, और सांसारिक इच्छाओं का कारक माना जाता है। कुंडली में राहु की शुभ स्थिति व्यक्ति को साहसी, महत्वाकांक्षी और कूटनीतिज्ञ बनाती है। ऐसे व्यक्ति जीवन में ऊंचाइयों को छूते हैं और भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद लेते हैं। वहीं, राहु की अशुभ स्थिति व्यक्ति को मानसिक तनाव, भय, रोगों, और आर्थिक समस्याओं से घेर सकती है। ऐसे व्यक्ति भ्रमित रहते हैं और गलत निर्णय ले सकते हैं।

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक केतु को अध्यात्म, वैराग्य, मोक्ष, और रहस्यमयी ज्ञान का कारक माना जाता है। कुंडली में केतु की शुभ स्थिति व्यक्ति को धार्मिक, चिंतनशील और अंतर्मुखी बनाती है। ऐसे व्यक्ति गूढ़ विषयों में रुचि रखते हैं और आध्यात्मिक उन्नति करते हैं। वहीं, केतु की अशुभ स्थिति व्यक्ति को निराशावादी, चिड़चिड़ा और एकाकी बना सकती है। ऐसे व्यक्ति शारीरिक और मानसिक कष्टों से पीड़ित हो सकते हैं।

**राहु-केतु का युति और दृष्टि प्रभाव:-**

राहु और केतु जिस ग्रह के साथ युति करते हैं या जिस ग्रह पर दृष्टि डालते हैं, उसके स्वभाव को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, यदि राहु चंद्रमा के साथ युति करता है, तो व्यक्ति को मानसिक अशांति और भावनात्मक अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, यदि केतु गुरु के साथ युति करता है, तो व्यक्ति को आध्यात्मिक ज्ञान और गुरु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## तारीख विशेष

### नाना फडणवीस

नाना फडणवीस एक मराठा राजनेता थे, जो पानीपत के तृतीय युद्ध के समय पेशवा की सेवा में नियुक्त थे। वह अपनी चतुराई और बुद्धिमत्ता के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1800 ई. में नाना फडणवीस की मृत्यु हो गई थी। नाना फडणवीस ने रघुनाथराव (राघोवा) की स्वयं पेशवा बनने की सारी कोशिशें नाकाम कर दी थीं। नाना फडणवीस का टीपू सुल्तान से भी युद्ध हुआ था। उन्होंने मराठा साम्राज्य की शक्ति को एक छत्र के नीचे एकत्र करने की सफल चेष्टा की। पेशवा शासन के दौरान नाना फडणवीस मराठा साम्राज्य के प्रभावशाली मंत्री व कूटनीतिज्ञ थे। यूरोपियों द्वारा उन्हें मराठा मैकियावेली (सुप्रसिद्ध इतालवी कूटनीतिज्ञ निकोलो मैकियावेली पर आधारित नाम) कहा जाता था। नाना फडणवीस युद्धभूमि से जीवित लौट आए थे। इसके बाद 1773 ई. में नारायणराव पेशवा की हत्या करा कर उसके चाचा राघोवा ने जब स्वयं गद्दी हथियाने का प्रयत्न किया, तो उसने उसका विरोध किया। नाना फडणवीस ने नारायणराव के मरणोपरांत उत्पन्न पुत्र माधवराव नारायण को 1774 ई. में पेशवा की गद्दी पर बैठाकर राघोवा की चाल विफल कर दी। नाना फडणवीस ही अल्पवयस्क पेशवा के मुख्यमंत्री बने और 1774 से 1800 ई. में मृत्युपर्यंत मराठा राज्य का संचालन करते रहे। किंतु उसकी स्थिति निष्कंटक न थी, क्योंकि अन्य मराठा सरदार, विशेषकर महादजी शिंदे उसके विरोधी थे। राज्य में इतने विरोधी होते हुए भी नाना फडणवीस अपनी चतुराई से समस्त विरोधों के बावजूद अपनी सत्ता बनाए रखने में सफल रहे। 1775 से 1783 ई. तक उसने अंग्रेज़ों के विरुद्ध प्रथम मराठा युद्ध का संचालन किया। सालबाई की संधि से इस युद्ध की समाप्ति हुई थी। उक्त संधि के अनुसार राघोबा को पेंशन दी गई और मराठों को साष्टी के अतिरिक्त अन्य किसी भूभाग से हाथ नहीं धोना पड़ा। 1784 ई. में ही नाना फडणवीस ने मैसूर के शासक टीपू सुल्तान से लोहा लिया और कुछ ऐसे इलाके पुनः प्राप्त कर लिए, जिन्हें टीपू सुल्तान ने बलपूर्वक अपने अधिकार में कर लिया था। 1789 ई. में टीपू सुल्तान के विरुद्ध उसने अंग्रेज़ों और निज़ाम का साथ दिया तथा तृतीय मैसूर युद्ध में भी भाग लिया।

## होला मोहल्ला

# सिक्खों का बड़ा त्योहार

मधु सिंह

यह पर्व अपने आपमें अनूठा इसलिए भी है, क्योंकि देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आनंदपुर साहब में इस पावन पर्व में शामिल होने के लिए आते हैं। जिस समय ये लोग जुलूस निकालते हैं, तमाम तरह के पुराने और नए शस्त्रों से लैस होकर निहंग हाथियों और घोड़ों पर एक दूसरे पर रंग फेंकते हैं तो यहां का समा देखने वाला होता है। होला मोहल्ला में शौर्य, एकता, वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। पंजाब और आसपास के राज्यों से लोग अपनी गाड़ियों और बाइक्स पर यहां शिरकत करने पहुंचते हैं। जिस तरह पूरे सिक्ख समुदाय के लोग, दूसरों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। श्रद्धालुओं के लिए तमाम रास्तों में उनके रहने और खाने की सेवा मुफ्त में दी जाती है। आनंदपुर साहब पंजाब के रूपनगर में स्थित है। अगर आप सड़क मार्ग से जाना चाहते हैं तो वाया चंड़ीगढ़ जा सकते हैं, यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन नंगल है। ..तो फिर हो जाएं तैयार इस होला मोहल्ला में जाने के लिए, जहां ढोल की थाप पर अपनी वीरता का प्रदर्शन करते निहंग योद्धाओं, बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर इसका भरपूर मजा लिया जा सकता है।

इमेज

होला मोहल्ला सिक्ख समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक ऐसा त्योहार है, जो होली के अगले दिन से मनाया जाता है और यह आने वाले तीन दिन तक लगातार मनाया जाता है। तीन दिन तक लगातार इस त्योहार को मनाये जाने का मकसद लोगों के बीच आपसी प्रेम, एकता और वीरता की भावना को जागृत करना होता है। इन तीन दिनों में यहां कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे इनके उत्साह में कई गुना वृद्धि होती है। दुनियाभर में सिख समुदाय द्वारा यह त्योहार मनाया जाता है। इसे बहुत विशाल स्तर पर आयोजित किया जाता है। जिसे देखने के लिए आनंदपुर साहब में श्रद्धालु दुनियाभर के देशों से आकर जुटते हैं। इसकी शुरुआत होली के अगले दिन से होती है। यह सिक्खों के पवित्र धर्मस्थल श्रीकेसरगढ़ साहब आनंदपुर में मनाया जाता है। कहा जाता है कि इसके मनाने की शुरुआत 10वें सिक्ख गुरु श्री गुरू गोविंद सिंह जी ने 1680 में किला आनंदगढ़ साहब से की थी। होली चूंकि एक पुराना त्योहार है, होला मोहल्ला से पहले होली के दिन एक दूसरे पर सिक्ख संप्रदाय के लोग फूल और फूलों से बने रंग डालते थे। लेकिन गुरु गोविंद सिंह जी ने इसे अलग अंदाज में मनाने के लिए सिक्ख कौम को सैन्य प्रशिक्षण देने और इसका प्रदर्शन करने से इसकी शुरुआत की, जिसमें इस समुदाय को दो दलों में बांटकर उन्हें युद्ध कला में पारंगत किया जाता था, जिसमें उनकी लाडली फौज यानी निहंगों को पहले शामिल किया गया, जो पैदल और घुड़सवारी करते हुए शस्त्रों को चलाने का अभ्यास करते थे। इस तरह इसकी शुरुआत होने के बाद आजतक होला मोहल्ला के पावन पर्व पर अबीर और गुलाल के बीच सिक्ख धर्म की शूरता और वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। इस दौरान 'जो बोले सो निहाल' और 'झूलदे निशान, कौम दे' के जयकारे पूरे माहौल में हर समय गूंजते रहते हैं।

यह पर्व लगातार छह दिन तक मनाया जाता है। तीन दिन गुरुद्वारा तीर्थपुर साहब और तीन दिन तख्त श्रीकेसरगढ़ साहब में श्रद्धा और विश्वास के साथ संपन्न होता है। सिक्खों के लिए इस त्योहार का विशेष रूप



से धार्मिक महत्व इसलिए है, क्योंकि इस त्योहार को मनाने का मकसद उन्हें आत्म अनुशासन और काबिल यौद्धा बनाकर उनमें आपसी एकता और पारस्परिक प्रेम को बढ़ाना है। जिस दिन इसकी शुरुआत होती है, उस दिन गुरुद्वारों में पहले प्रार्थना की जाती है, इसके बाद शब्द कीर्तन से जुलूस निकाला जाता है। बहुत बड़े स्तर पर इसे आयोजित किया जाता है। दूसरे दिन सिक्ख पारंपरिक अपनी मार्शल आर्ट का प्रदर्शन करते जुलूस निकालते हैं, जिसमें वे नकली युद्ध करते हुए अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हैं। इसमें दो गुट बनाए जाते हैं, जो अपनी युद्ध कला के प्रदर्शन से सबका मन मोह लेते हैं। इसके अलावा यहां पर कुश्ती, घुड़सवारी, तीरअंदाजी जैसी कई और रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। तीसरे दिन महान सिक्ख वीरों को श्रद्धांजलि दी जाती है और त्योहार के अंत में बहुत बड़े स्तर पर लंगर का आयोजन किया जाता है, जिसमें हर धर्म, हर जाति और समुदाय के लोगों को लंगर में खाना खिलाया जाता है। यह पर्व अपने आपमें अनूठा इसलिए भी है, क्योंकि देश विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आनंदपुर साहब में इस पावन पर्व में शामिल होने के लिए आते हैं। जिस समय ये लोग जुलूस निकालते हैं, तमाम तरह के पुराने और नये शस्त्रों से लैस होकर निहंग हाथियों और घोड़ों पर एक दूसरे पर रंग फेंकते हैं तो यहां का समा देखने वाला होता है। होला मोहल्ला में शौर्य, एकता, वीरता के रंग देखने को मिलते हैं। पंजाब और आसपास के राज्यों से लोग अपनी गाड़ियों और बाइक्स पर यहां शिरकत करने पहुंचते हैं। जिस तरह पूरे सिक्ख समुदाय के लोग, दूसरों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। श्रद्धालुओं के लिए तमाम रास्तों में उनके रहने और खाने की सेवा मुफ्त में दी जाती है। आनंदपुर साहब पंजाब के रूपनगर में स्थित है। अगर आप सड़क मार्ग से जाना चाहते हैं तो वाया चंड़ीगढ़ जा सकते हैं, यहां का निकटतम रेलवे स्टेशन नंगल है। ..तो फिर हो जाएं तैयार इस होला मोहल्ला में जाने के लिए, जहां ढोल की थाप पर अपनी वीरता का प्रदर्शन करते निहंग योद्धाओं, बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर इसका भरपूर मजा लिया जा सकता है। यहां सबको सेवा करने का मौका भी मिलता है। यदि आप सेवा करना चाहते हैं तो उनकी खाना पकाने वाली रसोईयों में भाग ले सकते हैं या किसी भी रूप में अपनी सेवा का दान करके पुण्य कमा सकते हैं।



## गीता सार

संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि।
यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम्॥

हिंदी अर्थ –

अर्जुन कहते है – हे कृष्ण! पहले आप कर्मों के संन्यास की और फिर कर्मों से योग की प्रशंसा करते है। इन दोनों में से श्रेष्ठतर, कल्याणकारक और निश्चित साधन को मुझसे कहिए।

## बोले तो...



इस्लाम से भी पहले के ग्रंथों में संभल का उल्लेख है। संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर को 1526 में तोड़कर नष्ट कर दिया गया था। संभल का उल्लेख 5000 साल पुराने ग्रंथों में किया गया है। उनमें भगवान विष्णु के भावी अवतार का उल्लेख है।

-योगी आदित्यनाथ



कुछ लोग, दोनों राजनीतिक पक्षों से, कई बार ऐसे बयान दे देते हैं, जो महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए हानिकारक हैं। अतीत में राज्य के नेताओं ने हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का प्रयास किया है और यहां विभिन्न समुदाय शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे हैं।'

-अजीत पवार



अगर आईपीएल में मुझे कोई एक चीज़ बदलने का मौका मिलता, तो मैं हर तीन साल में खिलाड़ियों को रिलीज़ करने के नियम को बदल देता। भले ही इसके कुछ फायदे हों, लेकिन व्यक्तिगत रूप से आप उस जुड़ाव और रिश्ते को खो देते हैं, जिसे आपने सालों में बनाया होता है।

-संजू सैमसन

## कुछ अलग | अजब गजब

# इंसान के सीने में लगा दिया मशीन वाला दिल, 100 दिन तक चलती रहीं धड़कनें

सोचिये किसी इंसान का सीना चीरकर दिल निकाल लिया जाए और फिर उसकी जगह पर मशीनी दिल लगा दिया जाए। सुनने में किसी साइंस फिक्शन फिल्म जैसी बात लगती है। लेकिन इसे विज्ञान का चमत्कार ही कहेंगे कि सपने जैसी लगने वाली यह बात सच हो गई है। ऑस्ट्रेलिया के एक शख्स को इसी तरह टाइटेनियम का बना दिल लगा दिया गया था। वह शख्स इसी मशीनी दिल के सहारे 100 दिनों तक जिंदा रहा, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी गई है। उसकी उम्र 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। सिडनी के सेंट विंसेंट अस्पताल में नवंबर 2023 में हुए ऑपरेशन के दौरान यह कृत्रिम हृदय प्राप्त करने वाला पहला मरीज बना।

गंभीर हृदय विफलता से जूझ रहे इस मरीज को Bi-VACOR टोटल आर्टिफिशियल हार्ट नामक एक विशेष प्रकार के बल्ड पंप से जीवित रखा गया, जो टाइटेनियम से बना हुआ है। यह कृत्रिम हृदय उसे तब तक जीवन प्रदान करता रहा जब तक कि पिछले हफ्ते उसे डोनर हृदय प्राप्त नहीं हो गया।

इस मशीनी दिल पर अब भी टेस्टगज

सिडनी के सेंट विंसेंट अस्पताल, मोनाश यूनिवर्सिटी और BiVACOR (इस कृत्रिम हृदय को बनाने वाली



अमेरिकी-ऑस्ट्रेलियाई कंपनी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से ठीक हो रहा है। डाक्टरों और वैज्ञानिकों के अनुसार, यह कृत्रिम हृदय हृदय रोगियों के लिए दीर्घकालिक समाधान बन सकता है। हालांकि, यह अभी परीक्षण के चरण में है और आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं है। वहीं सर्जरी करने वाले कार्डियोथोरेसिक और ट्रांसप्लांट सर्जन डा. पॉल जांस्ज़ ने इसे "गेम-चेंजर" (क्रांतिकारी तकनीक) करार दिया।

कैसे काम करता है यह मशीनी दिल?

BiVACOR कृत्रिम हृदय मैग्नेटिक लेविटेशन तकनीक (Magnetic Levitation Technology) का उपयोग करता है, जो हाई-स्पीड ट्रेनों में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक के समान है। यह शरीर और फेफड़ों में रक्त पंप करने का कार्य करता है, जिससे हृदय के दोनों निलयों (Ventricles) को बदला जा सकता है।

## पाठक पाती

### शासकीय स्कूलों को पुनः अपनी पहचान मिले

70- 80 के दशक तक देश के अधिकांश नागरिक शासकीय स्कूलों में ही पढ़ते थे। उस समय शासकीय स्कूलों में पढ़कर ही लोग बड़े-बड़े पदों तक पहुंचते थे एवं अपना निश्चित मुकाम हासिल करते थे। पढ़ायी का माहौल भी बेहतर था। आज भी अगर सरकारी स्कूल के टीचरों को गैर शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाए, टीचरों की पदपूर्ति मानकों के अनुरूप हो, बच्चों के सर्वांगीण विकास के सभी संसाधन उपलब्ध हों एवं अपने विषयों में पूर्ण प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति हो तो निश्चित ही अभिभावक बच्चों को सरकारी स्कूलों में भर्ती कराने के लिए प्रेरित होंगे एवं प्राइवेट स्कूलों का बढ़ता क्रेज समाप्त हो सकेगा। लोग प्राइवेट स्कूलों की भारी-भरकम फीस देने से बचेंगे। शासकीय स्कूलों को अपनी खोई हुई पहचान पुनः दिलाने के लिए समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं दानदाताओं को भी आगे आना चाहिए।

ललित महालकरी, इंदौर

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

जागरूक टाइम्स
जयपुर, गुरुवार, 13 मार्च, 2025





**मस्ती के रंग में डूबने को यहां आते हैं सैलानी**

जयपुर के खासा कोठी होटल में टूरिज्म डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित होने वाले होली उत्सव में खासी तादाद में सैलानी जुटते हैं। होटल खासा कोठी में ये होली उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। हर साल इसमें कई देशों के सैलानी आते हैं। इस होली उत्सव लोकप्रियता इतनी है कि इसमें शामिल होने के लिए सैलानी कई दिनों पहले ही आपना शेड्यूल तय कर लेते हैं।

## रोजे में होली का जश्न...

इस साल रमजान का पाक महीने का जुमा और हिंदू समुदाय का प्रमुख त्योहार होली एक ही दिन पड़ रहे हैं। 14 मार्च को जहां मुसलमान रोजे के साथ जुमे की नमाज अदा करेंगे, वहीं हिंदू समुदाय के लोग रंगों के पर्व होली का जश्न मनाएगा। शाही इमाम ने अपील की है कि जुमे के दिन सभी लोग पास की मस्जिद में ही नमाज पढ़ें और दूर-दराज की मस्जिदों में जाने से बचें उन्होंने कहा कि इस दिन छुट्टी होने के कारण ज्यादा भीड़ हो सकती है, इसलिए लोग अपने घरों में रहकर इबादत करें। रमजान का महीना इबादत और भाईचारे का पैगाम देता है। ऐसे में सभी रोजेदारों की जिम्मेदारी है कि किसी को भी उनकी वजह से कोई तकलीफ न पहुंचे। उन्होंने दोनों समुदायों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने और आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की। हिंदू और मुसलमान एक दूसरे के साथ सहयोग करें क्योंकि, मुसलमान के सहयोग के लिए हिंदू खड़ा रहता है और हिंदू का सहयोग मुसलमान करते हैं. क्योंकि, हम लोगों के दरवाजे एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, इसलिए सभी से अपील करते हैं कि इस त्योहार को खूबसूरत अंदाज में मनाएं।

# जयपुर की होली

**राजस्थान में रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया जाता है। करीब 60 देशों के हजारों टूरिस्ट्स ने गुलाबी शहर में होली मनाने दिल्ली, गुजरात समेत कई राज्यों के टूरिस्ट भी जयपुर में होली मनाने पहुंचते उनका कहना है की जयपुर की होली पूरी दुनिया में मशहूर है। वे इसलिए यहां इसका हिस्सा बनने आऐं हैं और इसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। जयपुर के खासा कोठी में होली समारोह में विदेशी पर्यटक भी हुड़दंग और उल्लास में डूबे दिखाई देते है। पर्यटकों का कहना था की उन्होंने ऐसा आयोजन कहीं ओर नहीं देखा है। इस अवसर पर होली का आनंद लेते हुऐ विदेशियों ने एक-दूसरे को जमकर गुलाल लगाते है। सेलानियों के मनोरंजन के लिए यहां कालबेलिया डांस, चकरी नृत्य, कच्ची घोड़ी आदि कार्यक्रमों का इंतजाम किया जाता है। कार्यक्रम के लोकनृत्य की धुन पर विदेशी पर्यटक भी मंत्र मुग्ध होते है।**



## होलिका दहन पर कब तक रहेगा भद्रा का साया?

इस बार होलिका पर भद्रा का साया रहेगा। इस दिन लकड़ी, कांडे और उपले जलाकर होलिका की अग्नि प्रज्वलित की जाती है। परंपरागत रूप से होलिका की परिक्रमा की जाती है और इसमें कच्चे सूत का धागा बांधा जाता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन की परंपरा है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए होलिका का विनाश किया था। इस बार होलिका पर भद्रा का साया रहेगा। ऐसे में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च को रात्रि 11 बजकर 26 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। इस दिन लकड़ी, कांडे और उपले जलाकर होलिका की अग्नि प्रज्वलित की जाती है। परंपरा के अनुसार, नई फसल के गेहूं के दाने होलिका में अर्पित किए जाते हैं। साथ ही नवग्रह की लकड़ियां डालकर नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने की मान्यता है। परंपरागत रूप से होलिका की परिक्रह्यमा की जाती है और इसमें कच्चे सूत का धागा बांधा जाता है। इसके बाद होली की राख को घर में लाकर तिलक करने की परंपरा है, जिससे परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



## पाक से जुड़ा है होलिका दहन का इतिहास

इस साल 13 मार्च को होलिका दहन है और 14 मार्च को होली खेली जाएगी। देशभर में होली बड़ी की धूमधाम से मनाई जाती है। होली के इस पर्व का पाकिस्तान के प्रह्लादपुरी मंदिर से बहुत ही खास कनेक्शन है। होली मनाने की किस्सा इस मंदिर से जुड़ा हुआ है। आइये आपको इसके बारे में बताते हैं। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में प्रह्लादपुरी मंदिर स्थित है जो नरसिंह अवतार के सम्मान में बनवाया गया था। यह मंदिर पाकिस्तान पंजाब के मुल्तान शहर में स्थित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर का निर्माण हजारों साल पहले भक्त प्रहलाद ने कराया था ऐसा कहा जाता है कि इसी स्थान पर होलिका अग्नि में जलकर भस्म हुई थी। इस मंदिर जुड़ी मान्यता है कि, यहीं भक्त प्रहलाद को हिरण्यकश्यप ने खंभे से बांधा था। भगवान नरसिंह ने खंभे से प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया था। साल 1947 में हुए बंटवारे में यह मंदिर पाकिस्तान के हिस्से में चला गया था। यहां पर होली से पहले 9 दिनों का उत्सव होता था लेकिन 1992 में बाबरी विध्वंस के बाद यह मंदिर तोड़ दिया गया था। जिसके बाद से यहां पर भक्तों के जाने पर पाबंदी लगी हुई है। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप राक्षसों के राजा थे. प्रहलाद भगवान विष्णु के बहुत बड़े भक्त थे, लेकिन हिरण्यकश्यप अपने पुत्र को भगवान की भक्ति करने से रोकता था, उसने प्रहलाद को भक्ति न करने के लिए कहा लेकिन जब वह नहीं माना तो प्रहलाद को मारने की कई कोशिश करी। प्रहलाद को जब हिरण्यकश्यप किसी तरह से नहीं मार पाया तो उसने अपनी बहन होलिका की मदद ली। होलिका को अग्नि में न जलने का वरदान था। वह प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। भगवान की कृपा से प्रहलाद बच गया और होलिका जलकर भस्म हो गई। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। प्रहलाद के बच जाने पर उसे खंभे से बांध दिया। जिसके बाद भगवान विष्णु ने नरसिंह का अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध किया था।



## होली पर बच्चों को ड्राई फ्रूट्स की माला क्यों पहनाते हैं?

होली के त्योहार को लेकर हर जगह अलग-अलग मान्यताएं हैं। होली के त्योहार में रंग-गुलाल से होली खेलने के अलावा हरवा या मेवे का हार पहनाने का भी प्रथा है। भारत के कुछ राज्यों में बच्चे और लड्डू गोपाल को मेवे का हार पहनाने की प्रथा है। बहुत से लोगों को इसके बारे में नहीं पता और इसे लेकर लोगों के मन में कई सारे सवाल होते हैं। तो चलिए जानते हैं आखिर बच्चों को मेवे की हार क्यों पहनाई जाती है। यह कथा तो हम सभी जानते हैं कि होली का पर्व हिरण्यकशिपु, प्रहलाद और होलिका से संबंधित है। ऐसे में बहुत से जगहों में लोग होली के अवसर पर अपने बच्चों को होली हार, हरवा या मेवे की माला पहनाते हैं। ऐसा क्यों किया जाता है इसके पीछे भी एक कथा छिपी है, बताया जाता है कि राजा हिरण्यकशिपु होली के आठ दिन पहले तक प्रहलाद को मारने के लिए तमाम कोशिश की। लेकिन भगवान विष्णु की असीम कृपा के कारण हिरण्यकश्यप अपने पुत्र को मारने के तमाम कोशिशों में असफल रहें। बार-बार असफल होने के बाद हिरण्यकशिपु अपनी बहन होलिका के पास गए और उन्हें प्रहलाद को अपने साथ गोद में लेकर अग्नि के ऊपर बैठने को कहा। होलिका ने अपने भाई की बात मान ली। जब राजा ने प्रहलाद को मारने के लिए सैनिकों से बुलावा भेजा और सैनिक जब प्रहलाद को लाने गए, तब प्रहलाद की मां उसे खाना खिला रही थी। प्रहलाद की मां को यह पता था कि हिरण्यकश्यप प्रहलाद को जलाकर मार देंगे। सैनिकों के साथ प्रहलाद को भेजने से उनकी मां ने सूखे फल और मेवे को बांधकर प्रहलाद को पहना दिया ताकि जंगल के रास्ते जाते वक्त प्रहलाद को भूख न लगे तो वह ड्राई फ्रूट्स और फलों को खा ले। तभी से सभी माताएं अपने बच्चों और लड्डू गोपाल को ड्राई फ्रूट्स और फलों की माला पहनाते हैं, ताकि उनके बच्चों की रक्षा हो और किसी की नजर न लगे।



## नई बहू ससुराल में क्यों नहीं मनाती पहली होली? जानें इसके पीछे का कारण

होली का त्योहार है और जब चारों दिशाएं इसी रंग में रंगी हुई हैं तो याद आता है कि इस पर्व की वजह भी तो किसी की करुण पुकार ही है। एक बच्चे की पुकार जो महज 11 या 12 साल का रहा होगा। प्रह्लाद नाम था उसका दैत्यकुल में जन्मा था ऐसा कुल, जिसकी खानदानी परंपरा ही थी विष्णु से विद्रोह, देवताओं से ईर्ष्या, मनुष्यता से बैर और सत्कर्मों से दूरी। इसी प्रह्लाद का पिता था दैत्यराज हिरण्यकश्यप। हिरण्यकश्यप ने ब्रह्मा जी से वरदान मांगा था कि न उसे कोई मानव मार सके, और न ही कोई पशु, न रात और न ही दिन में उसकी मृत्यु हो, उसे कोई भी न घर के भीतर और न बाहर मार सके। इतना ही नहीं, उसने ये भी मांगा कि न धरती पर और न ही आकाश में, न किसी अस्त्र से और किसी शस्त्र से उसकी मृत्यु हो हिरण्यकश्यप के घर जब प्रह्लाद का जन्म हुआ तो वह बचपन से ही विष्णुभक्त निकला। यह कथा, भागवत पुराण के सप्तम स्कन्ध में वर्णित है। हिरण्यकश्यप और उसके पुत्र प्रह्लाद की ये कहानी न केवल एक धार्मिक गाथा है, बल्कि इसमें निहित निःस्वार्थ भक्ति और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश, आज के विचलित समाज को ईश्वर की मौजूदगी और उसके न्याय के प्रति अधिक विश्वास दिलाता है। जैसे-जैसे प्रह्लाद बड़ा होता गया, उसके जन्म के संस्कार और अधिक प्रबल होते चले गए. वह पूरी तरह विष्णुभक्त बन गया। दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र और श्रीहरि के परमभक्त प्रह्लाद पर भीषण अत्याचार किए। वह चाहता था कि प्रह्लाद अपने पिता यानी खुद हिरण्यकश्यप की पूजा करे, लेकिन प्रह्लाद विष्णुभक्त थे उनके मुंह से आठों पहर श्रीहरि का नाम निकलता था। जिससे हिरण्यकश्यप नाराज हो गया। उसने अपने बेटे प्रह्लाद को हाथी के पैरों के नीचे कुचलवाने की कोशिश की, उसे जहर दिया, सर्पों से भरे तहखाने में बंद कर दिया, ऊंचाई से फिंकवा दिया, जंजीरों में बांधकर पानी में डुबा दिया, लेकिन प्रह्लाद हर बार बच गए।

### ऐसे भस्म हुई थी होलिका


फिर हिरण्यकश्यप ने होलिका के साथ मिलकर प्रह्लाद को मारने की योजना बनाई, होलिका हिरण्यकश्यप की बहन थी और उसका विवाह असुर विप्रचीति से हुआ था एक बार, हिरण्यकश्यप की बहन होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए अपने भाई का साथ दिया। भागवत कथा और विष्णु पुराण के अनुसार, होलिका को ब्रह्माजी से वरदान में ऐसा वस्त्र मिला था जो कभी आग से जल नहीं सकता था। बस होलिका उसी वस्त्र को ओढ़कर प्रह्लाद को जलाने के लिए आग में जाकर बैठ गई, जैसे ही प्रह्लाद ने भगवान विष्णु के नाम का जाप किया, होलिका का अग्निरोधक वस्त्र प्रह्लाद के ऊपर आ गया और वह बच गया, जबकि होलिका भस्म हो गई। मान्यता है, कि तब से ही बुराई पर अच्छाई की जीत के उत्साह स्वरूप सदियों से हर वर्ष होलिका दहन मनाया जाता है, होलिका दहन की कथा पाप पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

### नई बहु क्यों नहीं देखती होलिका दहन?

कई लोक कथाओं में होलिका की इसी कहानी का एक और स्वरूप मिलता है। कहते हैं कि जिस दिन होलिका ने आग में बैठने का काम किया, अगले दिन उसका विवाह भी होना था। उसके होने वाली पति का नाम इलोजी बताया जाता है। लोक कथा के मुताबिक, इलोजी की मां जब बेटे की बारात लेकर होलिका के घर पहुंची तो उन्होंने उसकी चिता जलते दिखी। अपने बेटे का बसने वाला संसार उजड़ता देख वह बेसुध हो गई और उन्होंने प्राण त्याग दिए बस तभी से ये प्रथा चला आ रही है कि नई बहू को ससुराल में पहली होली नहीं देखनी चाहिए इसीलिए वह होली से कुछ दिन पहले मायके आ जाती हैं।

## ब्रज में फाग उत्सव की धूम, लठमार होली दुनिया भर में मशहूर

होली के उत्सव की अगर धूम आपको देखनी है तो आपको ब्रज क्षेत्र में आना होगा क्योंकि जैसी होली ब्रज में खेली जाती है दुनिया में और कहीं आपको देखने को नहीं मिलेगी। ब्रज की होली उत्सव दुनिया भर में अपनी अनोखी छटा के लिए विश्व प्रसिद्ध है जिसमें अनेकों फिल्मी गाने भी बने जिन्हे आम तौर आप गुनगुनाते रहते है। होली के अवसर पर दूर-दूर से लोग ब्रज में पहुंचते हैं और होली उत्सव के रंग में रंग जाते हैं। ब्रज की होली उत्सव दुनिया भर में अपनी अनोखी छटा के लिए विश्व प्रसिद्ध है जिसमें अनेकों फिल्मी गाने भी बने जिन्हे आम तौर आप गुनगुनाते रहते है। होली के अवसर पर दूर-दूर से लोग ब्रज में पहुंचते हैं और होली उत्सव के रंग में रंग जाते हैं। ब्रज की होली विशेष इसलिए मानी जाती है क्योंकि यहां राधा कृष्ण के होली खेलने की पौराणिक यादें जीवंत हैं। ब्रज की ऐसी



होली जिसमें हुरियारन हाथ में लठ लेकर होली का उत्सव मनाती हैं। ब्रज की होली विशेष इसलिए मानी जाती है क्योंकि यहां राधा कृष्ण के होली खेलने की पौराणिक यादें जीवंत हैं। ब्रज की ऐसी होली जिसमें हुरियारन हाथ में लठ लेकर होली का उत्सव मनाती हैं। आमतौर पर अगर आपको किसी के हाथ में लाठी नजर आएगी तो लगेगा कि कहीं झगड़ा तो नहीं हुआ लेकिन ब्रज इकलौता ऐसा क्षेत्र है जहां लाठी के साथ ही होली खेली जाती है जिसे कहा जाता है लठमार होली। आमतौर पर अगर आपको किसी के हाथ में लाठी नजर आएगी तो लगेगा कि कहीं झगड़ा तो नहीं हुआ लेकिन ब्रज इकलौता ऐसा क्षेत्र है जहां लाठी के साथ ही होली खेली जाती है जिसे कहा जाता है लठमार होली। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, रेवती रमण, दाऊजी, रमनरेती जैसे कई धार्मिक पौराणिक स्थल है जहां पर इन दोनों होली उत्सव की धूम मची है।

दूर-दूर से लोग ब्रज की होली के

# जोधपुर : रिटायर्ड फौजी की हत्या करने पर पिता-पुत्र गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। कार-पिकअप से टक्कर से रिटायर्ड फौजी की हत्या के मामले में आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पिता-पुत्र ने रास्ते के विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया था। घटना जोधपुर शहर के निकटवर्ती बालरवा गांव में रविवार सुबह की है।





▶▶ क्रार से टक्कर मारकर पिकअप से कुचला

### वारदात के 48 घंटे बाद गिरफ्तार

आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी (मंडोर) नगेंद्र कुमार के निर्देशन में मथानिया थानाधिकारी जयकिशन सोनी सहित अन्य की टीम गठित की गई। टीम ने लगातार बदमाशों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी करते हुए वारदात के 48 घंटे में आरोपी भोमसिंह (48) पुत्र गंगासिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह (20) को गिरफ्तार कर लिया था।

### आरोपी और मृतक रिटायर्ड फौजी पड़ोसी थे

एडीसीपी (ईस्ट) वीरेंद्र सिंह ने बताया- वारदात के 48 घंटे बाद आरोपी भोमसिंह (48) पुत्र गंगा सिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह (20) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी और मृतक रिटायर्ड फौजी छत्तर सिंह पड़ोसी थे। दोनों पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद था। हादसे में मृतक का बेटा रवींद्र सिंह (19) भी घायल हुआ था। उसने एमडीएम हॉस्पिटल में पर्चा बयान दिया था। युवक ने बताया था- आठ मार्च की शाम को जमीनी विवाद के चलते राजू सिंह और भोम सिंह ने उसके पिता और उस पर लोहे के पाइप से हमला करने की कोशिश की थी। पड़ोस में ही रहने वाले ऋषिराज ने बीच-बचाव कर छुड़ाया था। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वह अपने पिता छत्तर सिंह और पड़ोसी ऋषिराज संग रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे मथानिया थाने जाने के लिए घर से निकला था।

### रास्ते को लेकर दोनों परिवारों में विवाद

थानाधिकारी जयकिशन सोनी ने बताया- मृतक छत्तरसिंह और आरोपियों के घर आस-पास ही है। घर के सामने से गुजरने वाले रास्ते को लेकर दोनों परिवार के बीच विवाद चल रहा था। इस वजह से दोनों ही आपस में रंजिश पाले बैठे थे। आरोपी भोम सिंह और उसके बेटे महिपाल सिंह ने योजना बनाकर बाइक पर जा रहे छत्तर सिंह, उसके बेटे रवींद्र व ऋषिराज का पीछा करके पिकअप गाड़ी से टक्कर मारी और गाड़ी से कुचलकर छत्तरसिंह की हत्या कर दी।

# सूबेदार बिश्नोई की पार्थिव देह जोधपुर पहुंची

जोधपुर। सेना में असम के दार्जिला पोस्ट पर तैनात जोधपुर के सूबेदार सुखराम बिश्नोई ढाका (48) का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उन्हें 18,500 फीट की ऊंचाई पर अचानक सीने से दर्द की शिकायत थी। जहां से नीचे लाने पर इलाज के दौरान उन्होंने रविवार (10 मार्च) को अंतिम सांस ली। उनकी पार्थिव देह बुधवार सुबह दिल्ली से जोधपुर पहुंची थी, इसके बाद सैन्य वाहन से उनके पैतृक गांव जाजीवाल विश्नोइयान (धोरा) ले जाया गया। इस दौरान जहां से भी सैन्य वाहन गुजरा लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बनाड़ सहित कई अन्य जगहों पर पुष्पवर्षा से क्षेत्रवासियों ने उन्हें नमन किया। एयरपोर्ट से बनाड़ होते हुए जाजीवाल धोरा पहुंचने तक के मार्ग पर जगह-जगह लोग शहीद के अंतिम दर्शन करने सड़क के दोनों ओर खड़े नजर आए। सुबह करीब 11:15 बजे उनकी देह जाजीवाल धोरा पहुंची।

▶▶ सैन्य सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार



### सेना की ओर से मिलेगी सहायता

प्रवक्ता भारतीय सेना जयपुर के कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया- सूबेदार सुखराम बिश्नोई के प्राण की आहुति देश सेवा में हुई है। सेना की ओर से उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान से अंतिम विदाई दी गई है। ड्यूटी पर सैन्य धर्म निभाते हुए उनके प्राण न्यौछावर हुए हैं। उन्हें पूर्ण सैन्य सम्मान और परिवार को सेना द्वारा तय तमाम सहायता दी जाएगी। जानकारी के अनुसार, सूबेदार बिश्नोई सेना की 150 फील्ड रेजिमेंट असम में 18,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित दार्जिला पोस्ट पर तैनात थे। वहां उन्हें अचानक सीने में दर्द महसूस होने पर तत्काल नीचे लाया गया। लेकिन, हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर पहले 327 फील्ड हॉस्पिटल, छुआंगतांग में रखा गया था। वहां से देह मंगलवार को 158 बेस हॉस्पिटल बागडोगरा से दिल्ली पहुंची। बुधवार सुबह उनकी देह को जोधपुर लाया गया। यहां सेना के वाहन से शव बनाड़ होते हुए जाजीवाल ले जाया गया।

### बालोतरा में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

बालोतरा। बालोतरा में इस साल होलिका दहन 14 मार्च को होगा। शहर के विभिन्न स्थानों पर तैयारियां जोरों पर हैं। श्रद्धालु परंपरागत रूप से लकड़ियों, उपलों और गोबर के कंडों से होलिका तैयार कर रहे हैं। पंडित शिवप्रसाद द्विवेदी ने बताया कि होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च की रात 12:30 बजे से 2:00 बजे तक रहेगा। भद्रा काल समाप्त होने के बाद लाभ चौघड़ियां में दहन करना शुभ रहेगा।

## अवैध बजरी से भरा डंपर जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

बाड़मेर। बाड़मेर जिले की सदर पुलिस ने ऑपरेशन अखरोट के तहत अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई हुए एक डंपर जब्त किया है। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले में अवैध खनन को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एसपी नरेंद्र कुमार मीना ने बताया- जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार की ओर से रेंज स्तर पर ऑपरेशन अखरोट अभियान चलाया जा रहा है। जिले में एएसपी जसाराम बोस, डीएसपी रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन में सदर थाना सीआई सत्यप्रकाश के नेतृत्व में एएसआई भंवरलाल मय टीम की ओर से गश्त की जा रही थी।



## होली-धुलंडी पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, नियम तोड़ने पर चालान

▶▶ शराब पीकर गाड़ियों पर हुड़दंग करने पर कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

जोधपुर। पुलिस कमिश्नरेट की यातायात विंग ने होली और धुलंडी पर्व के दौरान नियम तोड़ने वालों पर अतिरिक्त सख्ती बरतने वाली है। इसके लिए 13 और 14 मार्च को विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी (यातायात-मुख्यालय) अमित जैन के अनुसार- शहर में होली के पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रहे और आमजन को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

इसी क्रम में होली और धुलंडी के दिन शहर में दुपहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, शराब पीकर गाड़ी चलाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने, मॉडिफाइड साइलेंसर या नंबर प्लेट लगाने, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने और वाहन चलाते समय हुड़दंग करने वालों के खिलाफ विशेष नाकाबंदी कर कार्रवाई की जाएगी। एडीसीपी (ट्रैफिक) दुर्गाराम चौधरी ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय से होली के त्योहार के मद्देनजर चार नए इंटरसेप्टर व्हीकल मिले हैं, जिन्हें आयुक्तालय क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) पर तैनात कर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की जा रही है।



### ▶▶ ये नियम तोड़े, तो लाइसेंस होंगे रद्द

एडीसीपी (ट्रैफिक) चौधरी ने बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाना, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, ओवरलोड वाहन, माल वाहन में सवारी परिवहन करना, ओवर स्पीड, यातायात सिग्नल की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान तो बनाए ही जाएंगे, साथ ही साथ इन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित या रद्द करने के लिए परिवहन विभाग को भी भिजवाए जाएंगे।

## पशु बाड़े में छिपाया 18.7 किलो डोडा-पोस्त जब्त एक गिरफ्तार

बाड़मेर। बाड़मेर जिले की नागाणा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके घर खेत में छिपाए 18.7 किलो डोडा पोस्त बरामद किए है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार- सूचना मिली थी नागाणा थाना इलाके के रेवाली गांव में घर में मादक पदार्थ छुपाए हुए है। इस पर नागाणा पुलिस की टीम ने बाबूराम पुत्र मोतीराम निवासी रेवाली ने उसके घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान खेत में बने पशुओं के बाड़े में छिपाए डोडा पोस्त से भरा प्लास्टिक कट्टा मिला। पुलिस टीम ने उसे बरामद कर खेत मालिक बाबूराम को डिटेन किया। नागाणा थानाधिकारी जमील खान के अनुसार- आरोपी बाबूराम के खिलाफ नागाणा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उससे डोडा पोस्त की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले की जांच रीको थाना पुलिस को दी गई है। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल जोगाराम की अहम भूमिका रही है। इसके अलावा एएसआई अनोपाराम, कॉन्स्टेबल कंवराराम, रामकेश, दलाराम, रामसिंह, हिंगोल सिंह महिला कॉन्स्टेबल शांति शामिल रहें।



## जैसलमेर में सैलानियों को परेशान करते लपका गिरफ्तार

जैसलमेर। जैसलमेर पुलिस ने ऑपरेशन वेलकम के तहत एक लपके को गिरफ्तार किया है। यह लपका सैलानियों का पीछा कर उनको अपनी होटलों में ले जाने के लिए परेशान कर रहा था। शहर कोतवाल प्रेमदान रतनू ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी लपके को पकड़ा। एसएचओ प्रेमदान रतनू ने बताया- पर्यटन सीजन में सैलानियों का जैसलमेर आना जारी है। ऐसे में कमीशन पर अपने होटलों में ले जाने के लिए लपके भी सक्रिय हैं। एसएचओ रतनू ने बताया कि सूचना पर हमारी टीम ने आरोपी मोयब खान पुत्र हुसैन खान, निवासी सड़िया, जैसलमेर को सैलानियों का पीछा कर उनको विजिटिंग कार्ड दिखाकर अपने होटलों में ले जाने के लिए परेशान करते देखा।

पुलिस टीम ने तुरंत ही युवक को पकड़ा। पकड़ने के दौरान जानकारी में आया कि मोयब खान लपका है और कमीशन के चक्कर में सैलानियों को होटलों में कमरे दिलाता है। ऐसे में कई बार सैलानियों के साथ ठगी भी होती है। शहर कोतवाल प्रेमदान ने बताया कि जिले में पर्यटन सीजन के चलते एसपी जैसलमेर के निर्देशन में जिले में ऑपरेशन वेलकम अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एसपी सुधीर चौधरी द्वारा थानाधिकारी पुलिस थाना कोतवाली जैसलमेर, सम एवं प्रभारी डीएसटी भीमराव को विशेष दिशा निर्देश दिए जाकर लपकों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## चार जनों को जिंदगी दे गई बाड़मेर की शांति देवी

▶▶ ब्रेन डेड होने पर परिजनों ने हार्ट, आंख, किडनी किया दान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। जोधपुर एम्स में महिला के ब्रेन डेड के बाद चार ऑर्गन को अंगदान कर मिसाल कायम की। जो मरकर भी चार जनों की जिंदगियां रोशन कर गई। साथ ही जज्बातों से लबरेज दिवंगत शांति के परिजन हैं। जिन्होंने सोच रखी कि शांति अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसके अंग से कइयों को जीवनदान मिल सकेगा। इस जीवनदान को डाक्टरों ने भी बाकायदा जीवित रखा। जयपुर-जोधपुर में मरीजों को इसे प्रत्यारोपित किया। एम्बुलेंस से महिला के शव को बाड़मेर शहर में लाया गया।

वहां पर समाज की महिलाएं और लोगों ने फूल और पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं शांतिदेवी अमर रहे के नारे भी लगाए गए। मृतका के जवाई ने बताया- शांति देवी (58) पत्नी भैराराम सोनी निवासी चौहटन की करीब 30 दिन पहले घर पर ही ब्रेन हेमरेज (दिमाग की नस) फट जाने से तबीयत बिगड़ गई। बाड़मेर हॉस्पिटल लेकर आए। यहां से उन्हें जोधपुर रेफर कर दिया गया। वहां पर 15 दिन भर्ती रहे। इस दौरान हमने चार बार ऑपरेशन करवाया। लेकिन इसके बावजूद ब्रेन डेड होने के कारण इसमें हलचल नहीं थी। हमने 10 दिन तक इंतजार किया। एम्स डाक्टरों ने परिजनों को बताया। इसके परिजनों ने अपने परिवार के लोगों से चर्चा के बाद शांतिदेवी का ऑर्गन किडनी, लीवर, हार्ट, आंखें सहित चार अंगदान किया गया। हमें बहुत ही खुशी है इसका नतीजा है बाड़मेर शहर में फूल व पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई है।



### बाड़मेर पहुंचने पर की पुष्पांजलि अर्पित

■ शांतिदेवी की बॉडी बाड़मेर शहर पहुंचने पर जगदम्बा मंदिर के आगे एम्बलुेंस को रुकवाकर फूल बरसाए गए। वहीं फूल व पुष्प चक्र अर्पित कर महिलाओं और समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद इनकी बॉडी को चौहटन के लिए रवाना हुई।

# व्यापार जगत

## एलन मस्क बदलेंगे भारत की तस्वीर

नई दिल्ली। स्पेसएक्स की स्टारलिंक भारत में इंटरनेट की दुनिया बदलने आ रही है। रिलायंस जियो और भारती एयरटेल दोनों ने स्पेसएक्स के साथ समझौता किया है। इसके तहत स्टारलिंक की हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट सेवा पूरे देश में मिलेगी। लेकिन, सेवा शुरू होने से पहले स्पेसएक्स को जरूरी मंजूरियां लेनी होंगी। यह खबर भारत के लिए खास है। कारण है कि यहां इंटरनेट कनेक्टिविटी की बड़ी समस्या है। शहरों में तो फाइबर ब्रॉडबैंड है। लेकिन, गांवों और दूर-दराज के इलाकों में इंटरनेट नहीं पहुंच पाता। स्टारलिंक का सैटेलाइट टेक्नोलॉजी इसी समस्या का हल है। यह सीधे अंतरिक्ष से इंटरनेट देगा, जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे उम्मीद है कि करोड़ों लोग इंटरनेट से जुड़ सकेंगे। जियो और एयरटेल दोनों अपनी-अलग रणनीति से स्टारलिंक को आगे बढ़ाएंगे। एयरटेल इसे अपनी मौजूदा सेवाओं के साथ जोड़ेगी। जबकि जियो इसे अपने ब्रॉडबैंड सिस्टम में शामिल करेगी। हालांकि, स्टारलिंक को भारत के सख्त नियमों का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, इसकी कीमत भी आम आदमी के बजट से ज़्यादा है। इसलिए, स्पेसएक्स को भारत के लिए अलग कीमतें तय करनी पड़ सकती हैं। देखना होगा कि स्टारलिंक भारत के टेलीकॉम सेक्टर में क्या बदलाव लाती है। स्टारलिंक के भारत आने का इंतजार लंबे समय से था। भारत में इंटरनेट की पहुंच अभी भी सीमित है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। स्टारलिंक की सैटेलाइट तकनीक इस अंतर को पाटने में मदद कर सकती है। यह सीधे अंतरिक्ष से इंटरनेट उपलब्ध कराएगी। इससे जमीनी केबल और टावरों की जरूरत नहीं रहेगी। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने हर पांच साल में नेटवर्क को अपग्रेड करने की योजना बनाई है। यह तकनीक उन लोगों के लिए वरदान साबित हो सकती है जो अब तक इंटरनेट से वंचित रहे हैं। फिलहाल, यह अभी तय नहीं है। लेकिन भूटान के उदाहरण से अंदाजा जरूर लगाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भूटान में स्टारलिंक के दो प्लान हैं, रेजिडेंशियल लाइट प्लान, जिसकी कीमत लगभग 3,001 रुपए प्रति माह है और स्पीड 23 Mbps से 100 Mbps तक है। यह प्लान सामान्य ब्राउजिंग, सोशल मीडिया और वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए उपयुक्त है। दूसरा है स्टैंडर्ड रेजिडेंशियल प्लान, जिसकी कीमत लगभग 4,201 रुपए प्रति माह है। इसमें स्पीड 25 Mbps से 110 Mbps तक है। यह प्लान गेमिंग, HD स्ट्रीमिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए है।



## शादियों का सीजन खत्म होने के बाद सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव

मुंबई। सोने-चांदी के रेट में बड़ा बदलाव नजर आ रहा है। सर्राफा बाजार के लेटेस्ट भाव के मुताबिक 12 मार्च को 24 कैरेट सोना मंगलवार के बंद भाव 86024 रुपए के मुकाबले बुधवार को 211 रुपए महंगा होकर 86235 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं, चांदी के रेट 998 रुपए उछलकर 97624 रुपए प्रति किलो हो गए। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 210 रुपए महंगा होकर 85890 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 193 रुपए उछलकर 78991 रुपए पर खुला। 18 कैरेट का भाव भी 158 रुपए महंगा होकर 64676 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 124 रुपए चढ़कर 50448 रुपए पर पहुंच गई है। मार्च में अबतक सोना 1189 रुपए और चांदी 4144 रुपए उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपए था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपए। साल 2025 में अब तक सोना 10495 रुपए और चांदी 11607 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी।



### आप का राशिफल 13 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-3-5-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती हैं। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-2-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-5-6-8

## फरवरी में घट गए म्यूचुअल फंड एसआईपी करने वाले ? एम्फी के आंकड़ों से समझिए

मुंबई। शेयर बाजार में पिछले कुछ महीनों से गिरावट ही गिरावट है। इससे सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान या एसआईपी के जरिए निवेश करने वालों की संख्या में कमी हुई है। जी हां, बीते रवरी महीने में एसआईपी के जरिए निवेश थोड़ा कम हुआ है। इस साल जनवरी में जहां एसआईपी के जरिए 26,400 करोड़ रुपए का निवेश आया था, वहीं फरवरी में यह घटकर 25,999 करोड़ रुपए रह गया। यह तीन महीने का सबसे कम है। दिसंबर में भी इस तरीके से 26,459 करोड़ रुपए का निवेश आया था। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया या एम्फी के आंकड़ों से मिली है। फरवरी तक म्यूचुअल फंड के कुल फोलियो या खाते 23,22,80,804 हो गए हैं। रिटेल एमएफ खातों (इक्विटी + हाइब्रिड + सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स) की संख्या फरवरी में बढ़कर 18,42,02,267 हो गई, जो जनवरी में 18,22,23,078 थी। रिटेल AUM (इक्विटी + हाइब्रिड + सॉल्यूशन-ओरिएंटेड स्कीम्स) फरवरी में घटकर 36,44,112 करोड़ रुपए रह गया, जबकि जनवरी में यह 38,77,595 करोड़ रुपए था। मतलब बाजार में उतार-चढ़ाव का असर दिखा है। फरवरी में 44,56,425 नए एसआईपी रजिस्टर हुए। इस महीने एसआईपी का कुल AUM 12,37,783.57 करोड़ रुपए रहा। इसमें 8.26 करोड़ एसआईपी खाते नियमित रूप से योगदान दे रहे थे। फरवरी में 29 नई स्कीम्स लॉन्च हुईं, जिनसे कुल मिलाकर 4,029 करोड़ रुपए जुटाए गए। ये स्कीम्स अलग-अलग कैटेगरी की थीं। एम्फी के चीफ एक्जीक्यूटिव वेंकट चलसानी ने बताया, भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री लगातार मजबूती दिखा रही है। सभी कैटेगरी में निवेशक लगातार पैसा लगा रहे हैं। उनका कहना है बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। 40,063 करोड़ रुपए का नेट इनफ्लो इस बात का सबूत है कि निवेशक लंबी अवधि के लिए निवेश करने में यकीन रखते हैं।




## स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड से दूर रहें

▶▶ एफडी और गोल्ड में निवेश करें

नई दिल्ली। शेयर मार्केट में गिरावट निवेशकों के लिए परेशानी खड़ी कर रही है। पिछले कई महीनों से मार्केट में गिरावट बनी हुई है। इस कारण काफी म्यूचुअल फंड भी अच्छा रिटर्न नहीं दे रहे हैं। वहीं ज्यादा रिटर्न के लिए अभी भी काफी निवेशक शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड की राह देख रहे हैं। ऐसे में एक शख्स ने अपने परिवार से शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड से दूर रहने की सलाह दी है। इस शख्स का नाम शंकर शर्मा है। शंकर इंवेस्टर हैं। इन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लोगों को भी निवेश को लेकर अलर्ट किया है। इन्होंने निवेश को लेकर अपनी बहन और जीजा से कहा है कि वे शेयर मार्केट और म्यूचुअल फंड से दूर रहें। साथ ही उन्होंने कहा है कि अगर पैसा निवेश करना है तो एफडी और गोल्ड में करें। शंकर ने अपनी पोस्ट में लिखा है, 'मेरी बहन और जीजा एक छोटे से शहर में रहते हैं। वे मुझे 35 साल से परेशान कर रहे हैं। वे कहते हैं कि हमें बताएं कि स्टॉक या म्यूचुअल फंड में कहां और कैसे निवेश करें। मेरा उत्तरः दूर रहो।



## सेंसेक्स 72 अंक गिरकर 74,029 पर बंद

■ निफ्टी भी 27 अंक गिरा, इंडसइंड बैंक के शेयर में आज 4.42% की तेजी रही

मुंबई। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार (12 मार्च) को सेंसेक्स 72 अंक गिरकर 74,029 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 27 अंक की गिरावट रही, ये 22,470 के स्तर पर बंद हुआ। कल की बड़ी गिरावट (27%) के बाद इंडसइंड बैंक के शेयर में आज 4.42% की तेजी रही। टाटा मोटर्स में 3.19% और कोटक बैंक में 2.37% की तेजी रही। वहीं, इंफोसिस में 4.18%, टेक महिंद्रा में 2.80% और नेस्ले इंडिया में 2.43% की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 19 में तेजी और 31 में गिरावट रही। एनएसई के आईटी इंडेक्स में सबसे ज्यादा 2.91%, मीडिया में 1.53%, रियल्टी में 1.65 और सरकारी बैंक में 1.08% की गिरावट रही। प्राइवेट बैंक और फार्मा सेक्टर में मामूली तेजी रही।

## >>> स्कूलों में विद्यार्थियों ने जमकर खेली होली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिलेभर में दो दिवसीय होली महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। शुक्रवार शाम को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन होगा एवं दूसरे दिन शनिवार को रंगों से होली खेली जाएगी। जिलेभर इसी के साथ गेर नृत्य का भी आगाज होगा। कई जगह एक दिन तो कई जगह शीतला सप्तमी तक गेर नृत्य किया जाएगा। उधर होली पर दो दिवसीय अवकाश को लेकर विद्यालयों में विद्यालय परिवार व विद्यार्थियों की ओर से बुधवार को होली खेली गई। सभी ने उत्साह से एक-दूसरे को विभिन्न रंगों से सराबोर किया। ज्यादातर स्थानों पर गुलाल से होली खेली गई। कई जगह प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

# होलिका दहन आज

## कल खेलेंगे रंगों से होली



**जसवंतपुरा।** संस्कार विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में होली महोत्सव संस्था प्रधान लक्ष्मणकुमार प्रजापत की उपस्थित में मनाया गया। संस्था प्रधान ने होली के महत्व एवं भक्त प्रहलाद व होलिका के जीवन से परिचय कराया। सुरेशकुमार प्रजापत ने गुलाल से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। ताकि पानी को बचाया जा सके। नटवरलाल प्रजापत ने केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने अंदर की बुराइयों को दूर करें एवं प्रेम रूपी गुलाल से अपने जीवन में खुशियों के रंग भरें। समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने गुलाल से तिलक लगाकर होली खेल पानी बचाने का संदेश दिया। नन्हें बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। संचालन मगनलाल जीनगर ने किया। दिनेश कुमार, जीनल कुमारी, सोनिया जीनगर आदि मौजूद रहे।





**सांचौर।** कस्बे सहित क्षेत्र में गुरुवार को होलिका दहन एवं दूसरे दिन शनिवार को रंगों से होली खेली जाएगी। इस उपलक्ष्य में बुधवार को विद्यालयों में बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेली एवं बधाई दी। होली बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है। भक्त प्रहलाद की भक्ति को याद किया। बच्चों ने विभिन्न रंग के गुलाल व फूलों के साथ होली खेली और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया।

### होली पूजा के लिए शुभ मुहूर्त

**भीनमाल।** होली का पर्व 13 मार्च को मनाया जाएगा। जिसमें पूर्णिमा तिथि सुबह 10.37 से प्रारंभ होगी। श्री दर्शन पंचांगकर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी के अनुसार 10.37 पर भद्रा प्रारंभ हो जाएगी जो रात्रि 11.28 बजे तक रहेगी। जिससे होली पर भद्रा का साया रहेगा। फिर भी रात्रि 11.28 से 12.37 बजे तक होली पूजन व दहन का शुभ मुहूर्त रहेगा।

## गेर नृत्य के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन देकर गेर नृत्य के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि प्रतिवर्ष सायला में होली के पावन पर्व पर होलिका दहन, धुलण्डी एवं सात दिवसीय गेर नृत्य का आयोजन होता है। गेर नृत्य का शुभारंभ धुलण्डी के दिन से होता है। पहले दिन उदेशों का वास, सांथुओं का वास एवं पुराना मेघवालों का वास में गेर नृत्य का आयोजन होता है। दूसरे दिन शीतला माता चौक, तीसरे दिन कात्यायनी माता मंदिर, चौथे दिन ठाकुरजी मंदिर, पांचवें दिन राजाराम नगर गोलिया, छठे दिन लहर भारती महाराज की कुटिया एवं अंतिम सांतवें दिन शीतला माता चौक में गेर नृत्य का आयोजन होता है। अंतिम दिन शीतला सप्तमी का मेला भी होता है। जिसमें आठ से दस हजार लोगों की भीड जुटने की संभावना रहती है। गेर नृत्य के बाद परंपरानुसार मटकी फोड़ी जाती है। इसलिए सात दिवसीय गेर नृत्य के दौरान आयोजन स्थलों की साफ-सफाई करवाने, ग्रामीणों के छाया-पानी के लिए टेंट व पेयजल व्यवस्था करवाने, साउंड सिस्टम, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करवाने की मांग की। जिस पर तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी लक्ष्मी चौधरी ने विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान विक्रमसिंह दहिया, उदयसिंह चौहान, नैनमल लखारा, ताराराम चौधरी, इन्द्रसिंह दहिया, जगाराम माली, प्रकाश मेघवाल, मदनदास वैष्णव, पारसाराम राणा, देवाराम मेघवाल, हड़मानाराम, भोलाराम, भबूताराम, बगदाराम समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# झोपड़ी में आग से जेवर नष्ट, नकदी स्वाह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** मालवाड़ा में एक झोपड़ी में आग लगने से पीड़ित परिवार को करीब 1.45 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घुमंतु जाति के सांकलाराम के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य खेत में काम कर रहे थे। घर पर सिर्फ बच्चे मौजूद थे। आग में टीन शेड का छप्पर और झोपड़ा पूरी तरह जल गया। खाट-बिस्तर, कपड़े, बर्तन, गेहूं की बोरियां और आटा भी जलकर राख हो गया। इसके अलावा 35 हजार नकद स्वाह हो गए एवं 50 हजार रुपए के चांदी के गहने आग की चपेट में आने से नष्ट हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने मौका मुआयना किया।

## सड़क हादसे में घायल महिला की देर रात मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** तहसील कार्यालय के पास मंगलवार शाम बाइक एवं ऑटो की टक्कर में घायल, गुजरात रेफर महिला ने देर रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में मोंटूसिंह व कंकुबाई गंभीर रूप से एवं ऑटो चालक दलपतकुमार मामूली चोटिल हो गया था। तीनों को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने मोंटूसिंह एवं कंकुबाई को प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया। जहां देर रात गजापुरा निवासी कंकुबाई ने दम तोड़ दिया। उधर स्थानीय अस्पताल में भर्ती दलपतकुमार को छुट्टी दे दी गई। मोंटूसिंह का उपचार गुजरात में जारी है।

## भीनमाल में 19 को मनाया जाएगा फागोत्सव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** स्काउट, विप्र फाउंडेशन जालोर व महाकवि माघ विकास संस्थान भीनमाल के संयुक्त तत्वावधान में भीनमाल में बुधवार को फागोत्सव होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्काउट संरक्षक दिनेश दवे ने बताया कि फागोत्सव के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही है। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे ने बताया कि समारोह में विविध कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता प्रदत्त करेंगे। कार्यं म प्रभारी निंबाराम चौधरी एवं डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि होली स्नेह मिलन एक सामाजिक, सांस्कृतिक समरसता प्रकल्प को लेकर एक भव्य व दिव्य आयोजन रहेगा। माणकमल भंडारी ने कहा कि इसमें कई लोग भाग लेंगे।

## आठवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रामसीन।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झाक में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से विदाई ले रहे विद्यार्थियों को उपहार दिए गए। इस पर सभी 32 विद्यार्थियों ने दस हजार की लागत का पोर्टेबल वायरलेस स्पीकर सिस्टम विद्यालय को भेंट किया। कक्षा सात के छात्रों ने आठवीं के विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। प्रधानाध्यापक किशोर रामावत ने निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने एवं विद्यालय परिवार व समाज का नाम रोशन करने की बात कही। मंच संचालन अध्यापक राजेन्द्रसिंह मांडोली ने किया। वालाराम, हेमंतकुमार, मुनेश बैरवा, कमलेश भील आदि मौजूद थे।



## इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीवाणा।** राउमा विद्यालय खेतलावास में कक्षा 10वीं के दशरथ परिहार व धीराराम सुथार का भारत सरकार के विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी विभाग के इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। यह सम्मान उन्हें उनके विज्ञान प्रोजेक्ट में नई तकनीकों के रचनात्मक उपयोग के लिए मिला है। उन्होंने ये प्रोजेक्ट शिक्षक गेबाराम चौधरी के मार्गदर्शन में बनाया। इस उपलब्धि पर संस्था प्रधान सुरेशकुमार परिहार ने साफा एवं माला पहना कर दोनों छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कृष्णकुमार जीनागिल, भानुमति कंवर, निर्मलाकंवर, दिनेशकुमार, अरविंद पारंगी, भैरूसिंह खेतलावास, मटार खान भी मौजूद थे।

## एनएसएस शिविर का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजकीय महाविद्यालय में बुधवार से राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य मूलाराम ने पूजा अर्चना कर किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों से कहा कि वे निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से महाविद्यालय परिसर के साथ अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने, जरूरतमंदों की सेवा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहकर सामुदायिक भागीदारी का निर्वहन करें। एनएसएस प्रभारी नारायण कुमार ने सात दिन के कार्यक्रम की जानकारी दी। सहायक आचार्य महेंद्र चौधरी ने कहा कि स्वयंसेवकों को अनुशासन में रहकर अपनी जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सदभाव का अभ्यास करना चाहिए। स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। महाविद्यालय परिवार के लाडूराम, लक्ष्मण विश्नोई, नरेशकुमार आदि मौजूद रहे।



## जालोर नागरिक सहकारी बैंक की ग्राहक संगोष्ठी आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बड़गांव।** जालोर नागरिक सहकारी बैंक शाखा बड़गांव के तत्वावधान में शाखा कार्यालय में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्राहक संगोष्ठी में बैंक के बीओएम सदस्य हरीश माहेश्वरी ने बैंक के व्यवसाय के बारे में जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनने का आह्वान किया। महाप्रबंधक महेश शर्मा ने बैंक एवं सोसायटी में अंतर के बारे में अवगत करवाया गया। बैंक द्वारा दी जाने वाली जमाओं एवं ऋणों की ब्याज दरों के बारे में बताया गया। बैंक में ज्यादा से ज्यादा जुड़ने का आह्वान किया गया। समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल मालवाड़ा ने बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की प्रशंसा की। शाखा प्रबंधक प्रकाश गहलोत ने धन्यावाद ज्ञापित किया। ग्राहक संगोष्ठी में मौजूद लोगों ने बैंक की सेवाओं के संबंध में जानकारी ली। ग्राहक संगोष्ठी में रूपाराम गहलोत व्यापार संघ अध्यक्ष, जेठाराम देवासी, पारस पुरोहित, मूलाराम माली, सुरेश माली, लखमाराम माली, जेसाराम माली, अरविंद जोशी समेत बड़ी संख्या में बैंक के खाताधारक मौजूद थे।

# यज्ञ का प्रतीक है होली उत्सव : त्रिवेदी



## होलिका दहन आज रात्रि 11.28 पर शास्त्र सम्मत

**भीनमाल।** होलिका दहन और भक्त प्रहलाद रक्षण की स्मृति में होली का त्यहार मनाया जाता है। श्री दर्शन पंचांगकर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि होलिका एक दैत्या होकर भी भक्त प्रहलाद के स्पर्श मात्र से पूजनीय बन गई। वास्तव में इस पर्व का प्राचीनतम नाम वासन्ती नव सस्येष्टि है। अर्थात बसंत ऋतु के नए अनाजों से किया हुआ यज्ञ है। इस समय गेहूं जौ की फसल पक जाती है। दाणेदार गेहूं के पौधे को होलक कहा जाता है। तृणाग्निं भ्रष्टार्थ प• शमी धान्य होलक (शब्द कल्पद्रुम कोष)। भावप्रकाश निघण्टु के अनुसार तिनके की अग्नि में भुने हुए (अधपके) शमी-धान्य (फली वाले अन्न) को होलक कहते हैं। यह होलक वात-पित्त-कफ तथा श्रम के दोषों का शमन करता है। होलिका, किसी भी अनाज के ऊपरी पर्त को होलिका कहते है। जैसे-चने के पट पर (पर्त), मटर के पट पर (पर्त), गेहूं, जौ का गिद्दी से ऊपर वाली पर्त। इसी प्रकार चना, मटर, गेहूं, जौ की गिदी को प्रह्लाद कहते हैं। होलिका को माता इसलिए कहते है कि वह चनादि का निर्माण करती (माता निर्माता भवति)। यदि यह पर्त पर (होलिका) न हो तो चना, मटर रुपी प्रह्लाद का जन्म नहीं हो सकता। जब चना, मटर, गेहूं व जौ भुनते हैं तो वह पट पर या गेहूं, जौ की ऊपरी खोल पहले जलता है। इस प्रकार प्रह्लाद बच जाता है। उस समय प्रसन्नता से जय घोष करते हैं कि होलिका माता की जय अर्थात् होलिका रुपी पट पर (पर्त) ने अपने को देकर प्रह्लाद (चना-मटर) को बचा लिया। इसी तरह अधजले अन्न को होलक कहते हैं। इसी कारण इस पर्व का नाम होलिकोत्सव है। बसन्त ऋतुओं में नए अन्न से यज्ञ (इष्ट) करते हैं।

इसलिए इस पर्व का नाम वासंती नव सस्येष्टि है। होली का दिन सम्वत्सर का आखिरी दिन होता है। दूसरे दिन से नव सम्वतसर प्रारम्भ हो जाता है। मानव सृष्टि के आदि से आर्यों की यह परम्परा रही है कि वह नवान्न को सर्वप्रथम अग्निदेव पितरों को समर्पित करते थे। तत्पश्चात् स्वयं भोग करते थे।

### हमारा कृषि वर्ग दो भागों में विभक्त

त्रिवेदी ने बताया कि हमारा कृषि वर्ग दो भागों में बंटा है। प्रथम वैशाखी व द्वितीय कार्तिकी। इसी को ' मशः वासंती और शारदीय एवं रबी और खरीफ की फसल कहते हैं। फाल्गुन पूर्णमासी वासंती फसल पकने का दिन है। अब तक चना, मटर, अरहर व जौ आदि अनेक नवान्न पक चुके होते हैं। अतः परम्परानुसार पितरों देवों को समर्पित करें। इसलिए कहा गया है कि अग्नि देवों-पितरों का मुख है। जो अन्नादि शाकल्यादि आग में डाला जाएगा। वह सूक्ष्म होकर पितरों देवों को प्राप्त होगा।

### चातुर्यमास यज्ञ के वर्ष में तीन समय निश्चित

हमारे यहां वेदज्ञों ने चातुर्य्यमास यज्ञ के वर्ष में तीन समय निश्चित किए हैं। प्रथम आषाढ़ मास, द्वितीय कार्तिक मास (दीपावली) व तृतीय फाल्गुन मास (होली)। फाल्गुनी पौर्णमासी, आषाढ़ी पौर्णमासी और कार्तिकी अमावस्या को जो यज्ञ किए जाते हैं वे चातुर्मास यज्ञ कहे जाते है। प्रतिवर्ष होली जलाते है। उसमें आखत डालते है जो अक्षत का अपभ्रंश हैं। अक्षत चावलों को कहते हैं और अवधि भाषा में आखत को आहुति कहते हैं। कुछ भी हो चाहे आहुति हो, चाहे चावल हों, यह सब यज्ञ की प्रिं या है। आहुति या परिं मा सब यज्ञ की प्रिं या है। चारों वर्ण परस्पर मिलकर इस होली रुपी विशाल यज्ञ को सम्पन्न करते थे। गुलरियां बनाकर अपने-अपने घरों में होली से अग्नि लेकर उन्हें जलाते है, यह प्रक्रिया छोटे-छोटे हवनों की ही है। रोग निवारण के लिए यज्ञ ही सर्वोत्तम साधन है। होली उत्सव यज्ञ का प्रतीक है। स्वयं से पहले जड़ और चेतन देवों को आहुति देने का पर्व हैं। हम सभी को इस सांस्कृतिक त्योहार को मनाएं एवं होलिका दहन रूपी यज्ञ में यज्ञ परम्परा का पालन करते हुए शुद्ध सामग्री, तिल, मूंग, जड़ी बूटी आदि का प्रयोग करें।

## विश्व उपभोक्ता जागरुकता सप्ताह 15 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जिले में 15 मार्च को ''टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव'' थीम पर विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया जाएगा। जिसके तहत 15 से 21 मार्च तक उपभोक्ता जागृति सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि कार्यं म का दोपहर दो बजे राज्य स्तर से विभागीय यू-ट्यूब चैनल 'राज कन्जुमर' पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। 16 मार्च को गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोई भी उपभोक्ता भाग ले सकता है। प्रथम 10 विजेताओं को राज्य स्तर से पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस गूगल फॉर्म का लिंक उपभोक्ता मामले विभाग की वेबसाइट पर 16 से 20 मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेगा। 17 मार्च को गीत भवन आदर्श नगर जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी तथा 18 मार्च को संभागीय मुख्यालयों पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। जिसमें जोधपुर संभाग के लिए संगोष्ठी का विषय 'इ-वाणिज्य में बढ़ती चुनौतियां उपभोक्ता संरक्षण' रहेगा। 20 मार्च को जिला मुख्यालय पर जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक के रूप में कंज्यूमर केयर कैम्प के अंतर्गत परिषदों की बैठक के साथ उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। 21 मार्च को उपभोक्ता सप्ताह का समापन होगा।

# वार्षिकोत्सव 'उमंग' में झलका उत्साह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालपुरा में वार्षिकोत्सव उमंग 2025 एवं आशीर्वाद समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाध्यापक लादूराम भादू ने बताया कि कक्षा आठवीं का आशीर्वाद समारोह एवं वार्षिकोत्सव अयूब अली के मुख्य आतिथ्य एवं भामाशाह मेवाराम राणा की अध्यक्षता में मनाया गया। मुख्य अतिथि अयूब अली ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, लगन के साथ पढ़ कर जीवन में सफलता हासिल करने को प्रेरित किया। संस्था प्रधान भादू ने बताया कि शिक्षा के साथ व्यवहारिक शिक्षा, नशा मुक्त जीवन,पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, सदाचार, सेवा का भाव, राष्ट्र प्रेम और शिष्टाचार के साथ जीवन में अपने लक्ष्य को तय कर आत्मविश्वास के साथ हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर बाल कलाकारों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यं म की प्रस्तुति दी गई। आठवीं के विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। इन विद्यार्थियों ने विद्यालय में 10 वीआइपी कुर्सियां भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं आपस में भी एक दूसरे को गिफ्ट आइटम प्रदान किए। स्पेशल डाइट के भामाशाह मेवाराम गणेशाराम राणा रहे। भंवरलाल, कन्हैयालाल, भगवतीदेवी, हरीराम, कमलादेवी, परमेश्वरीदेवी ने विचार व्यक्त किए। संगीताकुमारी, पैलाजराम, मेवाराम, लाखेखां, ईश्वरभाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इससे पूर्व संस्था प्रधान ने अतिथियों का सम्मान किया।

# गुजरात जॉइंट्स पर मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी



**मुंबई। हरमनप्रीत कौर की मुश्किल परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व करने की अद्भुत क्षमता के कारण मुंबई इंडियंस की टीम गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। दिल्ली कैपिटल्स की टीम लीग चरण में सर्वाधिक 10 अंक लेकर पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। ऐसे में अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाने के लिए निगाहें भारत की कप्तान हरमनप्रीत और गुजरात जॉइंट्स की कप्तान एशले गार्डनर पर टिकी हैं।**

### टीमें

**मुंबई इंडियंस**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लर्क, संस्कृति गुप्ता, सैका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, एस. कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेली मैथ्यूज, सजीवन सजना, नैट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**गुजरात जॉइंट्स**

एशले गार्डनर (कप्तान), हरलीन देयोल, डिआंड्रा डॉटिन, भारती फुलमाली, काशवी गौतम, डेनिएल गिब्सन, दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, मन्नत कश्यप, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, बेथ मूनी, प्रकाशिका नाइक, प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे, शबनम शकील, सिमरन शेख, लौरा वोल्वार्ड्ट।

यह मैच ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जाएगा और मुंबई इंडियंस की टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेगी। मुंबई ने सोमवार को इसी मैदान पर लीग चरण के मैच में गुजरात को नौ रन से हराया था। इस मैच में हरमनप्रीत ने 33 गेंद पर 54 रन की तूफानी पारी खेली थी। मुंबई इंडियंस के अपनी टीम में किसी तरह का बदलाव करने की संभावना नहीं है। हेली मैथ्यूज ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी है और साथ ही अपनी ऑफ स्पिन से विरोधी टीम को परेशान भी किया है। वेस्टइंडीज की इस ऑलराउंडर ने गुजरात के खिलाफ लीग चरण के दोनों मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह फिर से मैच विजेता बन सकती है।

गुजरात के खिलाफ पिछले दोनों मैच में उन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। मुंबई इंडियंस के लिए बल्लेबाजी में नैट साइवर-ब्रंट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आठ मैच में 416 रन बनाए हैं और वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज है। गुजरात के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने अपनी गेंदबाजी से भी अच्छा योगदान दिया है। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत इस सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है लेकिन गुजरात के खिलाफ सोमवार को खेले गए मैच में अर्धशतक बनाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा। गुजरात जॉइंट्स की कप्तान गार्डनर इस बात को अच्छी तरह से समझती हैं कि मुंबई को हराना आसान नहीं होगा और उसके लिए उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

गार्डनर के लिए यह सत्र अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है। इसके बावजूद वह 235 रन बनाने में सफल रही। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाई थी और अब उन पर बड़ा स्कोर बनाने का दबाव होगा। गुजरात की तरफ से बल्लेबाजी में हरलीन देओल ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

आईपीएल 2025

# मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगा प्रतिबंध ?

**नई दिल्ली।** मुंबई के लिए आईपीएल के शुरूआती मैच चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। जसप्रीत बुमराह चोट के कारण कुछ मैचों से बाहर हो सकते हैं तो कप्तान हार्दिक पांड्या प्रतिबंध के चलते आईपीएल का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल का पहला मैच मुंबई इंडियंस चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 23 मार्च को एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेलेगी। आप सोच रहे होंगे कि अभी तो आईपीएल शुरू नहीं हुआ तो हार्दिक पर प्रतिबंध किस बात को लेकर लगा है? तो चलिए आपको बताते हैं। हार्दिक पांड्या ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2015 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए की थी। इसके बाद 2021 तक वह इस फ्रेंचाइजी के महत्वपूर्ण प्लेयर रहे। 2022 में गुजरात टाइटंस में बतौर कप्तान खेले और उन्हें पहले ही साल चैंपियन भी बनाया। 2023 में भी उन्होंने अपनी कप्तानी में गुजरात को फाइनल तक पहुंचाया, जहां उनकी टीम सीएसके से हार गई। दो सीजन गुजरात के लिए खेलने के बाद नवंबर में वह मुंबई इंडियंस में लौट आए और आईपीएल 2024 में मुंबई की कमान संभाली। आईपीएल 2024 में हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के कप्तान थे। इस दौरान टीम पर तीन बार स्लो ओवर रेट का जुर्माना लगा। जब पहली जब इसका दोष लगता है तो कप्तान पर 12 लाख रूपए जुर्माना लगाया जाता है। दूसरी बार ऐसा होने पर कप्तान और 24 और अन्य खिलाड़ियों पर 12-12 लाख का जुर्माना लगता है। तीसरी बार ऐसी गलती पर कप्तान पर 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध लगता है। अन्य खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगता है।



आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलते हुए मुंबई इंडियंस को सीजन में तीसरी बार स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया था. अब हार्दिक पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध लगा हुआ है इसलिए वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाला पहला मैच नहीं खेल पाएंगे, इसके बाद वह टीम में लौट आएंगे.

### चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटरों को झटका

# मैच फीस में भारी कटौती



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और हाईब्रिड मॉडल के तहत (भारत के सभी मैचों सहित फाइनल दुबई में) टूर्नामेंट सफल भी रहा। लेकिन अब घरेलू क्रिकेटरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गाज गिराई है और खिलाड़ियों की मैच फीस में भारी कटौती व सुविधाओं में कटौती कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने आगामी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में भाग लेने वाले क्रिकेटरों की मैच फीस 100,000 पाकिस्तानी रुपए प्रति मैच से घटाकर 10,000 प्रति मैच कर दी है जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को प्रति मैच 5000 रुपए मिलेंगे। टूर्नामेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाज़ी पिछले कुछ महीनों में घरेलू खिलाड़ियों के लिए "सुविधाओं में कटौती" कर रहे हैं। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, 'जिन खिलाड़ियों को पहले पांच और चार सितारा होटलों में रहने की सुविधा दी जा रही थी, उन्हें अब सस्ते आवास की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा भी कम कर दी गई है।' इतना ही नहीं खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुगतान अभी तक नहीं मिला है। बोर्ड ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि भी लागू नहीं की है।

## राहुल द्रविड़ के साथ हादसा

**नई दिल्ली।** राहुल द्रविड़ को आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स को चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी दी गई है लेकिन इससे पहले ये दिग्गज हादसे का शिकार हो गया है। राहुल द्रविड़ को चोट लग गई है और उनके पैरों पर प्लास्टर बंधा हुआ है। राजस्थान रॉयल्स ने द्रविड़ की एक फोटो पोस्ट की जिसमें उनके पैरों पर चोट लगी हुई है। राजस्थान रॉयल्स ने बताया कि द्रविड़ क्रिकेट खेलते हुए चोटिल हो गए। राहुल द्रविड़ की चोट की जानकारी देते हुए राजस्थान रॉयल्स ने एक्स पर लिखा- हेड कोच राहुल द्रविड़, जो कि बेंगलुरु में क्रिकेट खेलते हुए चोटिल हो गए थे वो तेजी से ठीक हो रहे हैं। जयपुर में वो बुधवार को टीम से जुड़ेंगे। राहुल द्रविड़ को चोट लगी हुई है।



# रोहित की नजर वनडे विश्व कप पर : रिकी पोंटिंग



**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने अच्छी पारी खेली थी।' पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है।' पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।' रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी।



उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

# म नो रं ज न

## सनी देओल की 'जाट' में रणदीप हुड्डा का खूंखार अवतार



10 अप्रैल को सनी देओल 'जाट' के साथ सिनेमाघरों में वापसी कर रहे हैं। 'गदर 2' की शानदार सक्सेस के बाद सनी देओल अब 'जाट' में नजर आएंगे। इस फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन और थ्रिलर देखने को मिलेगा। फिल्म में रणदीप हुड्डा दमदार विलेन के रोल में सनी देओल को कड़ी टक्कर देते हुए नजर आएंगे। एक्टर का फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज किया जा चुका है। रणदीप विलेन के रोल में खूंखार और खूनी लग रहे हैं। उनके इस चौंकाने वाले अवतार ने फैन्स की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। हाल ही में रणदीप ने अपने नेगेटिव रोल को लेकर बात की और कहा कि अब से पहले उन्होंने इतना डार्क रोल प्ले नहीं किया है। 'जाट' में रणदीप हुड्डा ए क खूंखार गैंगस्टार बने नजर आएंगे, जो सनी देओल के साथ एक हाई-ऑक्टेन शोडाउन का वादा करते हैं। रणदीप अपने निभाए गए इंटेंस किरदारों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अब तक कई दमदार परफॉर्मेंस दी हैं। लेकिन उनका कहना है कि जाट में उनकी क्रूरता का लेवल काफी हाई होने वाला है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, "मैंने पहले भी डार्क और लेयर्ड किरदार निभाए हैं, लेकिन रणतुंगा प्योर शैतान है। वह हिंसक, विक्षिप्त है, और एक तरह की क्रूरता के साथ काम करता है, जिसने इसे निभाते हुए मुझे भी चौंका दिया। रणदीप ने आगे कहा कि जाट एक ऐसी फिल्म है जो कच्चे, बेबाक अपराध की दुनिया में गोता लगाती है, और मेरा किरदार उस तूफान के केंद्र में है।

## कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर पहुंची

# कैटरीना

### चार-पांच घंटे तक की 'सर्प संस्कार पूजा'



बॉलीवुड अदाकारा कटरीना कैफ लंबे समय से भक्ति भाव में लीन नजर आ रही हैं। पहले उन्होंने शिरडी के साई मंदिर का दौरा किया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने प्रयागराज महाकुंभ में भी पवित्र डुबकी लगाई थी। जबकि अब कटरीना कैफ कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर में पहुंचीं। यहां उन्होंने भगवान के दर्शन करने के बाद 'सर्प संस्कार पूजा' में भी हिस्सा लिया। अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये 'सर्प संस्कार पूजा' क्या होती है? तो चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं।


मंगलवार को कटरीना कैफ कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर पहुंचीं जो कि कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थित है। बताया जा रहा है कि वो अपने दोस्तों के साथ इस खास मंदिर में आई हैं। एक्ट्रेस बुधवार दोपहर तक यहीं रहेंगी। मंगलवार को उन्होंने भगवान के दर्शन करने के बाद अनुष्ठान में हिस्सा लिया। एक्ट्रेस यहां दो दिवसीय सर्प संस्कार पूजा कर रही हैं। कटरीना मंदिर के वीआईपी गेस्ट हाउस में अपने दोस्तों के साथ रूकीं। मंगलवार को उन्होंने चार-पांच घंटे तक पूजा की। बुधवार को भी एक्ट्रेस पूजा में व्यस्त हैं। कई लोगों के मन में सवाल होगा कि आखिर 'सर्प संस्कार पूजा क्या होती है। तो नाम से ही साफ है कि ये पूजा सर्प (नाग देवता) से संबंधित है। सर्प संस्कार पूजा हिन्दू धर्म का एक अनुष्ठान है। इस पूजा को ऐसे लोग करते हैं जो 'काल सर्प दोष' से पीड़ित होते हैं। वहीं किसी के पूर्वजों की ओर से जाने अनजाने सर्प को किसी तरह का कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसके दुष्प्रभाव को रोकने में भी ये पूजा कारगर है। 'सर्प संस्कार पूजा' कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर के अलावा आंध्र प्रदेश के श्री कालहस्ती मंदिर में भी होती है। होली पर दोबारा रिलीज हो रही कटरीना की 'नमस्ते लंदन' कटरीना के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार विजय सेतुपति के साथ फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में देखा गया था।

# इमरान ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग...



बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी इन दिनों अपने एक नए प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि इमरान ने अपनी नई फिल्म का शूटिंग शुरू कर दी है। वो इस वक्त उत्तर प्रदेश की राजधानी और नवाबों के शहर लखनऊ में फिल्म का शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में इमरान के साथ एक्ट्रेस यामी गौतम भी नजर आएंगीं। इमरान की ये फिल्म काफी चर्चा में हैं। इमरान और यामी की आने वाली नई फिल्म एक कोर्ट रूम ड्रामा होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की कहानी मशहूर शाह बानो केस पर आधारित होगी। फिल्म में इमरान शाह बानो के पति का रोल निभाएंगे। शाह बानो के पति एक अमीर और जाने-माने वकील हैं, जिनके मामले पर रुख ने राजनीतिक और कानूनी बहस को हवा दी थी। फिल्म को डायरेक्ट कर रहे हैं सुपर्ण वर्मा, जिन्होंने 'द फैमिली मैन सीजन 2', 'राणा नायडू' और 'द ट्रायल' जैसी शानदार वेब सीरीज का निर्देशन किया है, जबकि स्क्रिप्ट रेशु नाथ ने लिखी है, जिन्होंने पहले इलीगल और हीरा मंडी पर काम किया है। ऐसे में इस फिल्म से काफी उम्मीदें जताई जा रही हैं। यामी ने हाल ही में प्रतीक गांधी के साथ फिल्म धूम-धाम में काम किया था। ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। वहीं इमरान आखिरी बार सलमान खान और कटरीना कैफ की फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आए थे।

# सोनम बाजवा-हर्षवर्धन राणे की 'दीवानियत' का टीजर रिलीज




'सनम तेरी कसम' की बॉक्स ऑफिस पर सेकेंड टाइम में धमाकेदार सक्सेस के बाद हर्षवर्धन राणे का क्रेज एक बार फिर फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। वो एक और रोमांटिक फिल्म लेकर आ रहे हैं। लेकिन इस फिल्म में उनके साथ पंजाब की सुपर स्टार सोनम बाजवा रोमांस करती दिखेंगे। ईश्क में दीवानगी की हद पार कर देने वाली फिल्म 'दीवानियत' का ऐलान कर मोशन टीजर जारी किया गया। इसे देख फैंस अपनी एक्साइटमेंट को संभाल नहीं पा रहे हैं।

टीजर की शुरुआत एक लाल गुलाब से होती है, लेकिन उसे एक खून भरे हाथों मे थामा हुआ है। इसके बाद उसे आग लगाकर जला दिया जाता है। बैकग्राउंड में सोनम बाजवा की आवाज में एक बहेतरीन शायरी कही गई है, जो दिल टूटे आशिकों के प्यार और नफरत की हद को जताती है। सोनम कहती हैं, 'तेरा प्यार, प्यार नहीं तेरी जिद्द है, जिसे तू प्यार कर रहा है वो हर हद की हद है। जल जाऊंगी, मिट जाऊंगी, पर खाती हूं मैं कसम, तेरे ईश्क में झुक जाऊं मैं नहीं वो सनम। तेरे लिए मेरे दिल में मोहब्बत नहीं नफरत है, तुझे तबाह जो कर देगी वो मेरी दीवानियत है।' सोनम ने फिल्म का टीजर शेयर कर लिखा- दीवानियत में प्यार की आग लाने के लिए बहुत थ्रिल्ड हूं। जुनून और दिल टूटने की एक गहन गाथा, जिसमें अमेजिंग हर्षवर्धन राणे भी साथ हैं। फिल्म को मिलाप जावेरी ने डायरेक्ट किया है। तो वहीं विकिर मोशन पिक्चर्स के बैनर तले प्रोड्यूस की जा रही है। सोनम ने बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। हालांकि इसकी रिलीज डेट अभी कन्फर्म नहीं है लेकिन 'दीवानियत' को साल 2025 के अंत में रिलीज किया जाएगा। सोनम बोलीं- प्यार के इस पागलपन को देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकते। बता दें, सोनम की आवाज में झलकता दर्द फैंस के दिलों तक पहुंचने में भी कामयाब रहा है। यूजर्स कमेंट कर अपना एक्साइटमेंट शो कर रहे हैं।

## होली महोत्सव को लेकर उत्साह...

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिलेभर में शुक्रवार व शनिवार को होली महोत्सव मनाया जाएगा। शुक्रवार शाम शुभ मुहूर्त में हालिका दहन किया जाएगा वहीं दूसरे दिन एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते कर होली खेली जाएगी। होली को लेकर हर वर्ग में उत्साह व उमंग का आलम बना हुआ है। उधर बुधवार को स्कूलों व अन्य शिक्षण संस्थाओं में होली पर्व मनाया गया। बच्चों सहित सभी ने एक-दूसरे को विभिन्न रंगों से सराबोर कर उत्साह व उमंग के साथ होली का पर्व मनाया। अधिकतर स्थानों पर गुलाल से होली खेली गई। कई जगह रंगोली व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

# आज होगा होलिका दहन, कल बरसाएंगे एक-दूसरे पर रंग

## शिक्षण संस्थाओं में गुलाल से खेली होली



**देसूरी।** कस्बे में स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल में उत्साह के साथ होली खेली गई। नरेंद्रसिंह राठौड़ ने होली पर्व के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर हंसमुख सैन, घनश्यामसिंह, हरीश गर्ग, अंतिमकंवर, रेणुका, कृतिका, रविना, दीपिका, मनीष आदि मौजूद रहे।







**बाली।** कस्बे सहित क्षेत्र में गुरुवार व शुक्रवार को होली महोतसव मनाया जाएगा। शिक्षण संस्थाओं में बुधवार को होली खेली गई। कस्बे में इस साल होलिका दहन रात 11: 30 बजे मुख्य बाजार में किया जाएगा। सनातन धर्म मंडल के सदस्यों ने पं अवशेष शर्मा से विचार-विमर्श कर यह निर्णय लिया। कार्य म की शुरुआत रात 11 बजे से होगी। पंडितजी को सम्मानपूर्वक बैंड-बाजे के साथ होली चौक तक ले जाया जाएगा। सबसे पहले पुरानी कचहरी स्थित ठाकुरजी के मंदिर के सामने होलिका पूजन होगा। इसके बाद सभी लोग नाचते गाते मुख्य चौराहा पहुंचेंगे। जहां विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ मनाया जाएगा। सनातन धर्म मंडल और नगर के युवाओं द्वारा इसकी तैयारियां की जा रही हैं। नगरपालिका भी इस आयोजन में पूरा सहयोग कर रही है। मुख्य चौराहे पर मंत्रोच्चार के बाद होलिका दहन किया जाएगा।

**सुमेरपुर।** विनायक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में होली महोत्सव उत्साह व उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रंगोली व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंजु देवासी, पूरणकंवर, हनी गहलोत, शिवानी कुमावत के ग्रुप ने प्रथम, जानवी, सपनाकंवर व सविता के ग्रुप ने द्वितीय एवं विद्या चौधरी, आशा के ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप के फाउंडर महेश शर्मा ने होली मनाने के उद्देश्य एवं होली मनाने के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत करवाया। संस्था निदेशक हेमंतकुमार शर्मा ने होली के महत्व को विभिन्न कथाओं के माध्यम से अवगत करवाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान सभी छात्रों एवं छात्राओं ने एक दूसरे को गुलाल से सूखी होली खेल पर्यावरण व जल संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर व्याख्याता वि म परिहार, केसाराम, साहिल मोहम्मद, वीणा शर्मा, शिवांगी, कीर्तिकुमारी, मीनाक्षी, वर्षाकुमारी, प्रियांशीकुमारी आदि अध्यापिकाओं के सहित समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे। इसी तरह वंदना बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में संस्था प्रधान भगवतीकंवर के सानिध्य में विद्यार्थियों ने होली खेली। नोनिहालों ने कृष्ण व राधा का रूप धरा। छात्रों ने गुलाल से होली खेली। डांडिया व मटकी फोड़ कार्य म रखा गया। संस्था सचिव जेठाराम कुमावत ने बताया कि होली हिन्दुओं का पवित्र त्यौहार हैं। उन्होंने छात्रों को सुखी होली खेल जल बचाने का संकल्प दिलाया और लोगों को जागरूक करने की बात बताई। विद्यालय में डांडिया रास की प्रतियोगिता भी रखी गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक कोमल कुमावत, अशोक कुमावत, भरत कुमावत, वि मकुमार, पूजा कुमावत, करीनाकंवर, शबनम पठान, अशोक लोहार आदि मौजूद थे। इसी तरह मयूर पब्लिक विद्यालय में फागोत्सव मनाया गया। प्रधानाचार्या निर्मला धंवर ने बताया कि फूलों से होली खेली। एक-दूसरे को होली की बधाइयां दी। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर फागोत्सव का आंनद लिया। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को गुलाल से होली खेलने का संदेश दिया।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में आइडी बनवाने उमड़े किसान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** ग्राम पंचायत सेवाड़ी के अटल सेवा केंद्र में तीन दिवसीय फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर के अंतिम दिन बुधवार तक कुल 1174 फॉर्मर आइडी बनाई गई।
ग्राम विकास अधिकारी नंदकिशोर वैष्णव ने बताया कि शिविर में फॉर्मर इ केवाइसी 1194, पीएम किसान सम्मान निधि के फॉर्मर आइडी 740, फॉर्मर सत्यापन व रजिस्ट्रेशन 1174, पशु चिकित्सा व उपचार 379, जन्म प्रमाण पत्र 11 का सत्यापन किया गया। प्रशासक पिंकी चौधरी, पटवारी हरचंदराम, लिपिक भरत ओझा, पटवारी हीरालाल, ऋषिता जनवा, विक्रम धीर, कृषि पर्यवेक्षक दिलीप सरेल, पीइओ गोपाल पारिख, पूर्व सरपंच लालाराम चौधरी, सहकारिता विभाग के रामलाल चौधरी, पशु चिकित्सक डॉ. संतोष, मोना रैगर, सुशीलकुमार, भंवरलाल, इ मित्र संचालक उमेश मीणा, लतीफखान, हितेश मोबारसा, सोमा मीणा, मंजूकुमार, इंदु वैष्णव सहित कार्मिक मौजूद थे।

## खटीक समाज के प्रदेशाध्यक्ष का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** अखिल भारतीय खटिक समाज के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कांजीभाई गोल्डमैन का पाली जाने के दौरान नाडोल बस स्टैंड पर ग्रामीणों की ओर से माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मूलाराम घांची, भलाराम घांची, शंकरलाल घांची, जीवाराम चौधरी, छगनलाल खटीक, मेघाराम भटनागर, मूलाराम देवासी, महिपाल चंदेल सहित गणमान्य लोगों ने माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

## विधिक जागरुकता को दी जाएगी कानून की जानकारी

### तीन दिन में 25 गांवों में पहुंचेगी मोबाइल वेन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** विधिक सेवाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने को लेकर तालुका विधिक सेवा समिति बाली की अध्यक्ष डॉ. सिम्पल शर्मा ने मोबाइल वेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल वेन ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच विधिक सेवा प्राधिकरण की जानकारी, बाल विवाह रोकथाम, नालसा पोर्टल और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। कार्य म में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार, सिविल न्यायाधीश विजयकुमार बाकोलिया और अपर लोक अभियोजक दिनेशचन्द्र माथुर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वेन का मार्ग निर्धारित कर दिया गया है। 12 मार्च को यह बाली से शुरू होकर बोया, पातावा, सेवाडी, पादरला, बिजापुर, भाटुन्द, बेडा, मोरी गांव, वरावल, दुदनी, बिसलपुर, भागली, सोकडा, चाकलाई और बोया तक जाएगी। 15 मार्च को बाली से कोट बालीयान, मुण्डारा, डुंगरली, लाटाडा, सादडा, लुणावा, करणवा, मिरगेश्वर, बारवा, बोया होते हुए वापस बाली पहुंचेगी। तीन दिनों में यह वैन 25 गांवों में कानूनी जागरूकता का प्रसार करेगी।

## विश्व उपभोक्ता दिवस से शुभारंभ होगा उपभोक्ता जागृति सप्ताह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला रसद अधिकारी मनजीतसिंह ने बताया कि विभाग द्वारा इस कार्यक्रम की थीम ''टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव'' रखी गई है। 15 से 21 मार्च तक उपभोक्ता जागृति सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का विभागीय यू-ट्यूब चैनल पर राज्य स्तर से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। 16 को गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोई भी उपभोक्ता भाग ले सकता है। प्रथम 10 विजेताओं को राज्य स्तर से पुरस्कार भी दिया जाएगा। 17 मार्च को गीता भवन आदर्श नगर जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन होगा। 18 को संभागीय मुख्यालयों पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन होगा। जिसके अन्तर्गत जोधपुर संभाग केलिए ये संगोष्ठी का विषय ''ई-वाणिज्य में बढ़ती चुनौतियां उपभोक्ता संरक्षण'' रहेगा।

## 'मनुष्य ऐसा एक ही जीव है, जिसने कचरा बनाना सीख लिया'

### बिसलपुर में दो दिवसीय पर्यावरण उत्सव का शुभारंभ,

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सुमेरपुर।** बिसलपुर में डीजेइडी फाउंडेशन की ओर से अरावली व जवाई टूरिज्म वाइल्ड लाइफ क्षेत्र में जल, जंगल व जमीन संरक्षण एवं जीव बचाओ-पर्यावरण बचाओ को लेकर दो दिवसीय पर्यावरण उत्सव का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। जिनेन्द्र भवन दादावाडी प्रांगण में सवेरे 11 बजे शुरू हुए कार्य म में विशिष्ठ अतिथि के रूप में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण संरक्षण कमेटी सदस्य व फिल्म अभिनेत्री दिया मिर्जा एवं पर्यावरण व शिक्षाविद सोनम वांगचूक लद्दाख ने शिरकत की। अभिनेत्री मिर्जा ने कार्य म को संबोधित करते हुए कहा कि वेस्ट पॉल्युशन व वेस्ट मैनेजमेंट पर हम सभी को मिलकर बहुत काम करना होगा। जिप्सी ड्राइवर, रिसोर्ट मालिक, लोकल हो या टुरिस्ट सभी जवाई के इको सिस्टम का बचाव व सुरक्षा करें। पूर्वजों ने हमे सिखाया था कि जल ही जीवन हैं।



यदि इकोलोजिकल बैलेंस बनाए रखेंगे तो बहुत आगे जाएंगे, नहीं तो सब बर्बाद हो जाएगा। मनुष्य ऐसा एक ही जीव है, जिसने कचरा बनाना सिख लिया हैं। कोई और प्राणी नहीं जो कचरा बनाता है। नैनो व माइ ो प्लास्टिक के पॉल्यूशन से जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा हैं। ये पर्यावरण को नष्ट कर देंगे तो हमारे आने वाली पीढ़ियां भी नष्ट हो जाएगी। पैसा कोई काम नहीं आएंगा। ये प्लास्टिक के कण मां की कोख तक पहुंच गए हैं, खून व हर आर्गन में पहुंच गए हैं। इन्हें समाज से बाहर निकालना हैं तो प्लास्टिक को बंद करना होगा। हमने इसका दुरूपयोग किया हैं इसे ठीक करना हैं। यदि हम हमारे जल में पेस्टिसाइड व केमिकल भर देंगे तो आने वाली कई पीढियों के स्वास्थ्य को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने खेती की, उन्हें कभी भी पेस्टीसाइड की जरूरत नहीं पड़ी, वैसे ही हमें भी उनसे प्रेरणा लेकर खेती करनी होगी। ग्राम पंचायत, लोकल लोग व पर्यावरणप्रेमी मिलकर इस पर कार्य करें तो जरूर हमारी प्रगति व विकास होगा।

### जवाई को इको फ्रेंडली वाइल्ड लाइफ क्षेत्र बनाएं : वांगचुक

विद वांगचुक ने कहा कि प्रकृति को लंबे समय तक आबाद रखने के लिए संरक्षण जरूरी हैं। पर्यावरण के दूषित होने से हर वर्ष एक करोड़ लोग मर रहें हैं। वाहनों से निकलते धूंए, प्लास्टिक के उपयोग सहित अन्य कारण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटको को खुश करने के लिए जवाई में चट्टानो पर जिप्सियां नहीं दौड़ाएं। जवाई को ऐसा उदाहरण बनाइए जहां इको फ्रेंडली वाइल्ड लाइफ क्षेत्र हो। बिना हिंसा के वाइल्ड लाइफ सफारी का डेस्टीनेशन बनाइए। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक-एक किमी के दायरे में पर्यावरण सरंक्षण करें तो देश का नक्शा ही बदल जाएगा। इस मौके पर फॉरेस्ट विभाग ने सफारी वाहनों की स्पीड लिमिट करने, गांव को सपोर्ट करने, एंट्री फीस रखने व वन्यजीवों के विचरण में खलल ना पड़े इसके लिए लिमिटेड वाहन चलाने की बात कही। होटल व रिसोर्ट से जुड़े लोगों ने लेपर्ड क्षेत्र में नियम बनाने व मिल जुलकर काम करने की बात कहीं। यहां के लोगों को रोजगार देने होटल में स्थानीय लोगों को रखने पर राय दी। डीजेइडी फाउंडेशन चेयरमैन दिलीप जैन व संस्था के कानाराम मेवाड़ा द्वारा वेस्ट प्लास्टिक को बेस्ट बनाकर बनाए गए उत्पादों का अवलोकन कर अभिनेत्री दिया व पर्यावरण विद वांगचुक ने सराहना की।

## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चुन्नीलाल बाफना किरवा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम पर आधारित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्य म का आयोजन किया गया। फोरलेन हाइवे रूट ऑपरेशन मैनेजर मूलचंद खींची ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम की जानकारी दी। खिंची ने कहा कि बच्चे जिस प्रकार अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए अभिभावकों से जिद्द कर पूर्ति करवाते हैं ठीक उसी प्रकार वे अपने परिवार के सदस्यों को सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने, शराब पिकर गाड़ी नहीं चलाने, तेज गति से गाड़ी नहीं चलाने, गलत दिशा में गाड़ी नहीं चलाने सहित महत्वपूर्ण बातों पर जिद कर उनको सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु बाध्य कर सकते हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में दीपिका मीना, गिरिजा एवं त्रिलोक व राकेश मीना क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य थानचंद मीना, लालाराम, महेंद्रसिंह, दलाराम, अनिता भटनागर, संगीता, उषा भाटी, जयश्री भाटी, पप्पूराम, अशोक पारिख, मालती त्रिवेदी, हनुमानसिंह, रूट पेट्रोलिंग के आरपीओ कोपाराम मीना, इमरान खां, राकेश कुमार, सुमेरसिंह आदि मौजूद थे।



## बाली वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के सदस्यों की बैठक वरिष्ठ नागरिक कार्यालय में अध्यक्ष मोहम्मद अयूब खान जई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष जई ने फरवरी माह में वरिष्ठ नागरिकों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए जो मांग पत्र तैयार किया गया, उसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के हितों के लिए 16 सूत्री मांग पत्र तैयार किया गया है। मांग पत्र में कोरोना काल में बंद किए गए रेलवे कंसेक्शन को पुनः लागू करना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से राष्ट्रीय व राज्य आयोग की स्थापना करना, शैक्षणिक पाठ्य मों में अंतर पीढ़ीगत जुड़ाव और बुजुर्गों की देखभाल को पाठ्य म में जोड़ना, कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से माता-पिता की देखभाल करना शामिल है। जई ने बताया कि मांग पत्र में जिला स्तर पर माता-पिता और बुजुर्गों के भरण पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों में संशोधन करने, बुजुर्गों की देखभाल सेवाओं पर 180 प्रतिशत जीएसटी समाप्त करने या कम करने की, बैंक व डाकघर में वरिष्ठ नागरिकों की जमा राशि पर कम से कम दो प्रतिशत अधिक ब्याज प्रदान करने, बुजुर्गों की देखभाल के लिए सेवा निवृत्ति आयु बढ़ाने, वृद्धावस्था पेंशन कम से कम 10 हजार करने की मांग। सभी वरिष्ठ नागरिकों को एक सरकारी कार्ड जारी करवाने की मांग की गई है। बैठक में 23 मार्च को होली स्नेह मिलन आयोजित करने का प्रस्ताव लिया गया। अप्रैल माह में पुलिस दिवस भी वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा मनाया जाएगा। जिसमें बाली नगर में उत्कृष्ट सेवा देने वाले पुलिस कर्मचारियों को समिति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिसकी सूची समय पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाली, पुलिस उप थाना अधिकारी बाली से प्राप्त की जाएगी। वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देखते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक ही एटीएम होने से वरिष्ठ नागरिक को पैसा निकालने में आने वाली समस्या को देखते हुए बैंक से रंजन सराय के आसपास एक ओर एटीएम लगवाने की मांग के साथ प्रस्ताव लिया गया। राजकीय अस्पताल के पहले मुख्य द्वार के बाहर मुख्य सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग की गई। बैठक में मोहम्मद फरीद टांक, रूपचंद सुथार, रूपचंद भाटी के देहांत हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सचिव मूलसिंह राजपुरोहित, संगठन मंत्री सुरेंद्रसिंह सोनीगरा, उदयसिंह, आजाद शम्मा, अर्जुनसिंह सोलंकी, थानसिंह सोलंकी, मिश्रीमल सोनी, अजयपालसिंह जोधा, सह सचिव मदनलाल मारू सहित सदस्य उपस्थित थे।





## मामाजी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ चढ़ाई जाएगी ध्वजा

### कीरवा में दो दिवसीय वार्षिक मेला 15 से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** निकटवर्ती किरवा गांव स्थित मामाजी महाराज का दो दिवसीय वार्षिक मेला शनिवार रात्रि भजन संध्या के साथ आरंभ होगा। दूसरे दिन रविवार को दिनभर मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। मेले के दौरान सुबह गांव से विशाल शोभायात्रा व मामाजी महाराज की पूजा अर्चना के बाद गाजे बाजे के साथ ध्वजा चढ़ाई जाएगी। मामा घणी महाराज को महाप्रसादी का भोग लगाकर मेले की शुरुआत की जाएगी। कीरवा मामाजी महाराज ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष चौथाराम मीणा ने बताया कि मेले में पाली जिले सहित सिरोही, जालोर, जोधपुर व गुजरात, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्य के श्रद्धालु भी शिरकत करेंगे। मेले में आस-पास गांवों के गेर दल भाग लेंगे। मेले में केबिनेट राज्यमत्री जोराराम कुमावत, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, सांसद पीपी चौधरी, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सरपंच घीसीदेवी चौधरी, श्यामकंवर मेडतिया, रानी पूर्व प्रधान पाबुसिंह राणावत, गुड़ा दुर्गादास भैरू बाबा भोपा उगमाराम गुर्जर, जिला परिसद सदस्य दुर्गा चौधरी, पचायत समिति सदस्य वि मकंवर राणावत, भोपा मोडाराम देवासी, मोडाराम बिठुडा, गिरवर छापरिया माताजी भोपा तेजाराम देवासी आदि का आतिथ्य रहेगा। महाप्रसादी भूराराम, रामलाल, राणाराम, केसाराम, वीराराम, भूताराम देवासी नोगू परिवार की ओर से रखी जाएगी। मामाजी महाराज का मंदिर मिट्टी के घोड़े चढ़ाने के लिए प्रसिद्ध है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी भी प्रकार की मन्नत पूरी होने पर वे कीरवा मामाजी महाराज मन्दिर पर मिट्टी के घोड़े चढ़ाते है। यह परम्परागत कई वर्षों से चली आ रही है।





**सिरोही।** जालोर-सिरोही के पूर्व सांसद देवजी एम पटेल ने बुधवार को जीरावल पहुंच पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित से आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, पूर्व प्रधान हनुमान भादू, पूर्व जिला महामंत्री भारताराम देवासी, ओबीसी महामंत्री बाबूनाथ गुंदाऊ, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष छोगाराम चौधरी आदि मौजूद थे।

होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

## 13 मार्च को रात 11.28 से 12.15 बजे तक होगा होलिका दहन

**जयपुर।** होलिका दहन 13 मार्च को रात्रि 11.28 से 12.15 बजे के बीच होगा। ज्योतिषाचार्य सतीश शास्त्री ने बताया कि भद्रा निशीथ समय रात 12.36 बजे से पहले समाप्त हो रही है। इसलिए भद्रा के बाद ही होलिका दहन किया जाएगा। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा 13 मार्च को सुबह 10.36 बजे से शुरू होगी। यह 14 मार्च, शुक्रवार को दोपहर 12.25 तक रहेगी। इस वर्ष भद्रा भूमि लोक में सुबह 10.36 से रात 11.27 तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार, भद्रा के समय होलिका दहन वर्जित है। शहर में कई स्थानों पर होलिका दहन होगा। नगरपालिका के सामने होलिका समिति की ओर से रात 11.28 बजे दहन होगा। होली टीबा पर प्राचीन होली स्थल पर रात 11.30 बजे और अलवर बाइपास पर भी रात 11.30 बजे होलिका दहन किया जाएगा। सुबह से ही महिलाएं होलिका पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। होलिका दहन के अगले दिन 14 मार्च को लोग रंगोत्सव मनाएंगे।




# पीडब्ल्यूसी बैठकः 219 करोड के कार्य किए स्वीकृत

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन एवं नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण एवं आधारभूत विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य निरन्तर रूप से करवाये जा रहे है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं/ कार्यो के लिए 219.00 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं/ कार्यो का उद्देश्य जयपुर शहर में आधारभूत संरचना को मजबूत करना और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करना है।

33/11 केवी जीएसएस के निर्माण हेतु नोलेज सिटी योजना के तहत ग्राम चित्तोडा फेज-I में चार्जिंग फीडर तथा आंशिक विद्युतीकरण कार्य हेतु 9.05 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। ट्रांसपोर्ट नगर में बस डिपो के प्रवेश में सुधार कार्य की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। पीआरएन (उत्तर) में विभिन्न आकारों की सीवर लाइनें बिछाने हेतु 70.00 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। एलसी-214 (सीबीआई/ इंडुनी फाटक) पर प्रस्तावित आरओबी एवं एलसी - 67ए (सालिग्रामपुरा फाटक) पर प्रस्तावित आरओबी की जीएडी को स्वीकृति दी गई।

आलीयावास से उदयपुरा तक आरसीसी ड्रेन के निर्माण हेतु 3.27 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। रिंग रोड के पीएपी एरिया में 25 मीटर और 18 मीटर सड़क का शेष बी सडकों के कार्य हेतु 3.99 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। झालाना रोड पर बाई जी की कोठी और आस-पास के क्षेत्र में सड़क की मरम्मत और नवीनीकरण हेतु 2.31 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण हेतु 9.33 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

पीआरएन दक्षिण (जोन-02 व 3) में सीवर लाईन बिछाने के कार्य हेतु और पीआरएन उत्तर (जोन-7) में नेवटा एसटीपी के निर्माण हेतु 1.13 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बीसलपुर पाइपलाइन के लिए किए गए रोड कट्स की मरम्मत हेतु 4.11 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। अजमेर रोड से जयसिंपुरा रोड तक 200 फीट सेक्टर रोड के माध्यम से नाला निर्माण हेतु 6.00 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। न्यू सांगानेर रोड (मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से रीको आरओबी तक) पर यातायात सुधार कार्य के अंतर्गत सडक चौडाईकरण कार्य एवं निर्माण कार्य की संशोधित स्वीकृति दी गई।

जोन-4 में बीसलपुर पाइपलाइन के लिए किए गए रोड कट्स की मरम्मत हेतु 6.76 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। एपेक्स सर्किल से बालाजी ट्राई जंक्शन जगतपुरा, झोटवाडा आरओबी से खातीपुरा आरओबी तक एलिवेटेड रोड एवं ओटीएस सर्किल जेएलएन मार्ग पर फ्लाईओवर हेतु डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्श सेवा हेतु 8.00 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-8 में सडक सुधारीकरण कार्य हेतु 13.49 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-8 में विभिन्न सेक्टर सड़कों का निर्माण एवं चौड़ाईकरण कार्य हेतु 49.68 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जोन-6 व 7 में बीआरटीएस कॉरिडोर के नवीनीकरण एवं सी जोन बाईपास से पुरानी चूंगी तक अजमेर रोड के विकास कार्य हेतु हेतु 9.52 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जेडीए द्वारा पीआरएन दक्षिण क्षेत्र में गत दिनों स्वीकृत योजनाओं में बीटी सड़क का निर्माण कार्य हेतु 22.69 करोड रूपए की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। बालावाला, लाखना से चंदलाई वाया वाटिका 200 एवं 100 फीट सेक्टर सडकों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

इन परियोजनाओ/कार्यो की स्वीकृति से जयपुर शहर की आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। जेडीए अपने विकासात्मक कार्यों के माध्यम से शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## कार्यकारी समिति की बैठक

***एपेक्स सर्किल से बालाजी ट्राई जंक्शन जगतपुरा, झोटवाडा आरओबी से खातीपुरा आरओबी तक एलिवेटेड रोड एवं ओटीएस सर्किल जेएलएन मार्ग पर फ्लाईओवर हेतु डीपीआर की जाएगी तैयार***

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में बुधवार को कार्यकारी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न प्रकरणों पर विचार-विमर्श पश्चात् स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में एपेक्स सर्किल से बालाजी ट्राई जंक्शन जगतपुरा, झोटवाडा आरओबी से खातीपुरा आरओबी तक एलिवेटेड रोड एवं ओटीएस सर्किल जेएलएन मार्ग पर फ्लाईओवर हेतु डीपीआर तैयार करने के लिए परामर्श सेवा के बोली दस्तावेजों (बिड डाक्यूमेंट) को स्वीकृति दी गई। बैठक में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (RITES) द्वारा एकल स्रोत के माध्यम से "Preparation of Comprehensive Mobility Plan for Jaipur City" कार्य के लिए प्रस्तुत बोली को स्वीकृति दी गई।




रिंग रोड परियोजना

## लॉटरी के माध्यम से 15 वर्षो से लंबित 11 भूखण्डों के आवंटन किए जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता


**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पहल करते हुए गत 15 वर्षो से रिंग रोड परियोजना से प्रभावित ग्राम कानडवास के काश्तकारों/ खातेदारों/हितधारियों को लॉटरी के माध्यम से 11 भूखण्डों के आवंटन किये गये। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जोन-09 में ग्राम कानडवास तहसील बस्सी में रिंग रोड परियोजना से प्रभावित काष्तकारों/ खातेदारों/ हितधारियों जिन्हे अवाप्त भूमि के बदले विकसित भूमि दी जानी है। आवंटन से शेष रहे कुछ काश्तकारों/ खातेधारकों/ हितधारियों द्वारा विभिन्न कारणों से गत 15 वर्षो से विकसित भूमि हेतु आरक्षण पत्र जारी होने के पश्चात् भी आवंटन पत्र एवं लीजडीड नहीं मिल पा रही थी। उन्होंने बताया कि जेडीए द्वारा पहल करते हुए उपायुक्त, जोन-09 एवं उनकी टीम द्वारा रिंग रोड परियोजना से प्रभावित समस्त खातेदारों को मुआवजे के रूप में दी जाने वाली शेष रही भूमि हेतु ग्रामवार कार्यवाही करते हुए ग्राम कानडवास के शेष रहे खातेदारों की सूची तैयार की गई। तत्पश्चात उन्हे लॉटरी के माध्यम से ग्राम कानडवास में ही भूखण्डों का आवंटन किया गया। भूखण्ड आवंटन के पश्चात खातेदारों द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर ही शीघ्र आवंटन पत्र जारी किये जाएगें।










## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने होली की शुभकामनाएं दी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को राजभवन में अधिकारियों और कर्मचारियों को होली के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस अवसर पर मिठाई भी वितरित की तथा कहा कि सभी रंगों के इस पर्व होली को सद्भाव समन्वय के साथ परस्पर हिल मिलकर मनाएं।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com